आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 98 | उज्जैन, शुक्रवार 24 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### जज से बहस वाले वीडियो पर केजरीवाल को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। याचिका बिना इजाजत कोर्ट की कार्यवाही रिकॉर्ड करने और उसे सोशल मीडिया पर सर्कुलेट करने को लेकर है। कोर्ट ने सभी वीडियो डिलीट करने और लिंक हटाने के निर्देश दिए हैं। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक याचिका एडवोकेट वैभव सिंह ने लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने केजरीवाल, सिसोदिया, पत्रकार रवीश कुमार और अन्य के खिलाफ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सूचना मंत्रालय को भी पक्षकार बनाया है। हाईकोर्ट को बताया गया कि जिन लिंक पर आपत्ति थी, उन्हें गूगल और मेटा ने पहले ही हटा दिया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी।

### ट्रम्प ने आर्मी के बाद नौसेना चीफ को बर्खास्त किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) के भीतर लगातार बड़े फैसले लिए जा रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को हटाया था। अब नौसेना प्रमुख जॉन फेलन को भी पद से बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही परमाणु विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी एंड्रयू हग को संवेदनशील जानकारी लीक करने के आरोप में सस्पेंड किया गया है, जो कथित तौर पर हनी ट्रैप में फंस गया था। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब अमेरिका, ईरान के साथ जंग में उलझा हुआ है। फारस की खाड़ी में अमेरिकी नौसेना एक्टिव है। रक्षा मंत्री से तालमेल नहीं बना सके पेंटागन की तरफ से छोटा सा बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई, लेकिन हटाए जाने की स्पष्ट वजह नहीं बताई गई।

### सुकेश ने जैकलीन को जेल से लेटर लिखा



**कहा- प्यार और जंग में सब जायज एक्ट्रेस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी दी थी**

**मुंबई।** 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के अप्रूवर बनने के आवेदन के बीच आरोपी सुकेश चंद्रशेखर ने जेल से उन्हें फिर लेटर लिखा है। 21 अप्रैल को लिखे इस लेटर में सुकेश ने जैकलीन को बेबी बोम्मा और माय जैकी कहा। लेटर में उसने लिखा कि प्यार और जंग में सब जायज है और वह हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा, चाहे कुछ भी हो जाए। सुकेश ने अपने मैसेज में यह भी कहा कि तुम मेरी हो और मैं तुम्हारा हमेशा रहूंगा। उसने जैकलीन के लिए यह भी लिखा कि वह उन्हें बहुत याद करता है और यह रिश्ता उसके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। लेटर के अंत में उसने जेएफएस फॉरएवर लिखते हुए खुद को बेबी बॉय बताया। सुकेश चंद्रशेखर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में जेल में बंद है। सुकेश ने जेल से जैकलीन को अब तक एक दर्जन से अधिक लेटर भेजे हैं। वह लगभग हर खास मौके जैसे होली, ईस्टर, क्रिसमस, वैलेंटाइन डे, महिला दिवस और जन्मदिन पर लेटर लिखता रहा है। हाल ही में जैकलीन ने दिल्ली की अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अप्रूवर बनने का आवेदन दिया। इस पर प्रवर्तन निदेशालय ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 मई को स्पेशल जज प्रशांत शर्मा की अदालत में होगी। इस केस में जैकलीन से कई बार पूछताछ हो चुकी है। ईडी ने उन्हें सप्लीमेंट्री चार्जशीट में आरोपी बनाया है। केस रद्द करने की उनकी पिछली अर्जी दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में खारिज हो गई थी। बता दें कि सुकेश पर आरोप है कि उसने रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटर शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति सिंह से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी की थी। ईडी की जांच में सामने आया था कि सुकेश ने ठगी के इन पैसों से जैकलीन को करोड़ों रुपए के कीमती गिफ्ट्स दिए थे।

### नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग का इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी और कारोबारी दीपक भट्ट से संबंध का आरोप है। इसके अलावा निवेश और वित्तीय लेनदेन को लेकर भी सवाल उठे हैं। नेपाल के अखबार कांतिपुर की रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने निष्पक्ष जांच और हितों के टकराव से बचने के लिए पद छोड़ने की बात कही। गुरुंग ने फेसबुक पोस्ट में लिखा, मैंने अपने खिलाफ उठे सवालों को गंभीरता से लिया है। मेरे लिए नैतिकता किसी भी पद से बड़ी है और जनता का भरोसा सबसे बड़ी ताकत है। यह नेपाल की नई सरकार में एक महीने के भीतर दूसरा मामला है, जब किसी मंत्री को पद छोड़ना पड़ा है।

### सेंसेक्स 852 अंक गिरकर 77,664 पर बंद, निफ्टी भी 205 अंक नीचे

**मुंबई।** सेंसेक्स 23 अप्रैल को 852 अंक (1.09%) गिरकर 77,664 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 205 अंकों (0.84%) की गिरावट रही, ये 24,173 पर आ गया। कारोबार में फार्मा और मीडिया शेयरों में खरीदारी रही, जबकि ऑटो में सबसे ज्यादा बिकवाली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीजफायर की 22 अप्रैल की डेडलाइन को आगे तो बढ़ा दिया है, लेकिन तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी अब भी जारी रखी है, वहीं ईरान ने 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' में दो जहाजों को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों देशों के बीच बातचीत का पिछला दौर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया था, जिसके बाद उम्मीद थी कि पाकिस्तान में दूसरे दौर की बातचीत होगी।

---

**पश्चिम बंगाल में पहले फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर हिंसा, सिलीगुड़ी में बीजेपी-टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े**

# हुमायूं कबीर की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पहले फेज की वोटिंग के दौरान कई विधानसभा सीटों पर बीजेपी-टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हिंसा और मारपीट हुई। मुर्शिदाबाद जिले में आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई।

वहीं कुमारगंज सीट से भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु सरकार के साथ मारपीट हुई। आसनसोल सीट से भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल की कार पर भी हमला हुआ।

- **भाजपा प्रत्याशी सुवेंदु सरकार के साथ मारपीट-** पश्चिम बंगाल के दक्षिण मिदनापुर में कुमारगंज सीट से भाजपा कैंडिडेट सुवेंदु सरकार पर हमला हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि सुवेंदु हमले से बचने के लिए भाग रहे हैं। उनका सिक्योरिटी गार्ड उनके साथ है। इसके बावजूद भीड़ सुवेंदु को पीटती है। जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग ने वीडियो में दिख रहे सभी लोगों की तुरंत गिरफ्तार करने के आदेश दे दिए हैं।
- **आसनसोल साउथ में भी भाजपा प्रत्याशी की कार पर हमला-** आसनसोल साउथ विधानसभा सीट से भाजपा विधायक और उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर बर्नपुर के रहमतनगर इलाके में हमला हुआ। इससे उनकी गाड़ी के पीछे का शीशा टूट गया। घटना के समय विधायक कार में ही मौजूद थीं।
- **हुमायूं कबीर समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट-** मुर्शिदाबाद के नौदा में वोटिंग से पहले बुधवार देर रात देसी बम फेंका गया था। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। इसके बाद आम जनता उन्नयन पार्टी के चीफ हुमायूं कबीर सुबह घटनास्थल पर पहुंचे तो उनका विरोध हुआ। इस दौरान टीएमसी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी झड़प भी हुई। इसके बाद वे धरने पर बैठ गए। इस दौरान उनके समर्थकों और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट, पथराव हुआ। स्थिति संभालने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। हुमायूं की कार पर पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया।
- **सिलीगुड़ी में भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ता भिड़े-** सिलीगुड़ी में भी वोटिंग के दौरान भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच भी झड़प हुई। सिलीगुड़ी के जगदीश चंद्र विद्यापीठ में बने बूथ पर वोटिंग हो रही थी। इसी दौरान बूथ के बाहर दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई।



#### बंगाल में वोटिंग का नया रिकॉर्ड,पहले फेज में 90% मतदान तमिलनाडु के इतिहास में सबसे ज्यादा 82% वोट पड़े

पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 89.93% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर रिकॉर्ड 82.24% वोटिंग हुई। दोनों राज्यों के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 5 बजे तक हैं। इनमें बदलाव हो सकता है। ममता ने वोटिंग के बाद कहा- बंगाल की जनता ने एसआईआर के विरोध में बंपर वोटिंग की है। इससे पहले असम, केरलम और पुडुचेरी में भी 9 अप्रैल को रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। असम के इतिहास में सबसे ज्यादा 85.91%, पुडुचेरी में 90% और केरलम में 1987 के बाद सबसे ज्यादा 78.27% वोटिंग हुई थी।

---

# सम्राट विक्रमादित्य विवि के बंगलों पर कब्जे का मामला गरमाया, नोटिस जारी

### विश्वविद्यालय प्रशासन ने अवैध कब्जाधारियों से आवास खाली कराने का निर्णय लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के आवासीय बंगलों पर कथित कब्जे का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्यपरिषद की बैठक में अवैध कब्जाधारियों से आवास खाली कराने का निर्णय लिया है। इधर विश्व विद्यालय के दर्शन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष रहे आलोट विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय ने इसे लेकर कुलपति निवास पर बनाए गए मुख्यमंत्री आवास को लेकर सवाल खड़ा किया है।



बकौल कुलसचिव इसी माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित कार्य परिषद की बैठक में विश्व विद्यालय के बंगलों पर विधायक और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों सहित उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कब्जा है, जो वर्तमान में विश्वविद्यालय सेवा में नहीं हैं। बैठक में ऐसे सभी कब्जाधारियों को सख्ती से हटाने का निर्णय लिया गया।

#### अवैध कब्जाधारियों से होगी वसूली

कुलसचिव डॉ. अनिल के शर्मा के अनुसार विश्वविद्यालय के 6 आवासों पर अन्य विभागीय अधिकारियों का कब्जा है कार्यपरिषद की बैठक के निर्णय अनुसार उन्हें खाली करवाने के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। 30 दिन में आवास खाली करने का समय दिया गया है। इसके बाद विश्व विद्यालय आगे कदम बढ़ाएगा। इन पर बकाया रकम को लेकर विश्व विद्यालय की लेखा शाखा पूरा हिसाब जोड़ रही है। हमें हमारे कर्मचारियों के लिए आवास की जरूरत है। असल में शहर में रहने वाले हमारे कर्मचारियों के मकान चौड़ीकरण की जद में आए हैं या विश्व विद्यालय के ही जर्जर भवनों में रह रहे हैं। ऐसे में उन्हें आवास उपलब्ध करवाना हमारी जिम्मेदारी है। कब्जाधारियों से बाजार दर के अनुसार अब तक का किराया वसूला जाएगा। जर्जर आवासों को चरणबद्ध तरीके से ध्वस्त करने की योजना भी बनाई गई है। इस पूरे मामले में आलोट विधायक जो कि विश्व विद्यालय बंगला आवासीय है डॉ. चिंतामणि मालवीय ने कहा कि उन्हें वर्ष 2009 में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष रहते हुए बंगला अलाट किया गया था। सांसद रहते उन्हें बंगला अलाट हुआ। उसके उपरांत 2019 से 2023 तक उन्होंने बाजार दर से किराया अदा कर दिया है। वर्ष 2010 से 2014 तक विश्व विद्यालय में उनकी प्रमोशन की राशि शेष है। जिसकी गणना के लिए बहुत पहले आवेदन दिया जा चुका है। मालवीय के अनुसार जिस तरह से कुलपति का बंगला मुख्यमंत्री को अलाट किया गया है उसी तरह से उन्हें भी पात्रता अनुसार अलाट किया जाए। कुलपति का बंगला ऐतिहासिक महत्व का होता है।

### मिर्जापुर में सड़क हादसे में 11 की मौत 9 जिंदा जले



एजेंसी ▸▸ मिर्जापुर

यूपी के मिर्जापुर में बुधवार रात सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश से गिट्टी लादकर आ रहा ट्राला ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्राले ने पहले स्विफ्ट कार को टक्कर मारी, फिर एक ट्रक से जा टकराया। कार, ट्राले और ट्रक के बीच फंस गई। इस दौरान पीछ से आ रही बोलेरो ट्रेलर में जा घुसी। बोलेरो में तेज धमाके के साथ आग लग गई। ड्राइवर समेत नौ लोग जिंदा जल गए। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार थे। इनके अलावा स्विफ्ट कार का ड्राइवर और ट्रक के क्लीनर की भी मौत हो गई।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को नरक बताने वाली चिट्ठी शेयर की

**आरोप- भारतीय अमेरिका में बच्चों को जन्म देकर नागरिकता लेकर फिर परिवार बुलाते हैं**

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक पोस्ट को शेयर किया है, जिसमें भारत और चीन को हेल होल (नरक का द्वार) बताया गया है। यह चिट्ठी कट्टरपंथी अमेरिकी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज की है, जिसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना की गई है और भारत-चीन समेत कई देशों पर विवादित टिप्पणी की गई है।

इसमें लिखा गया है कि प्रवासी जन्म के आधार पर अपने बच्चों को नागरिकता दिलाते हैं। फिर पूरा परिवार अमेरिका आ जाता है। इसमें बर्थराइट कानून की आलोचना करते हुए कहा गया है कि इसका फैसला अदालतों या वकीलों से नहीं, बल्कि देशव्यापी वोटिंग से होना चाहिए। इस चिट्ठी के साथ सैवेज का वीडियो भी टैग है।



इस पर भारत के विदेश मंत्रालय की भी प्रतिक्रिया आई है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा- फिलहाल मैं बस इतना ही कहूंगा कि हमने इससे जुड़ी कुछ रिपोर्ट्स देखी हैं। इस वीडियो को माइकल सैवेज ने 1 अप्रैल को अपने यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया था। इसमें कही गई बातों को ट्रम्प ने 4 पन्नों में ट्रुथ सोशल पर शेयर किया है। इसमें सैवेज कहते हैं कि, (अमेरिकी) संविधान तब लिखा गया जब लोग हवाई यात्रा भी नहीं करते थे। कहने की जरूरत नहीं है, टेलीविजन से पहले, इंटरनेट से पहले, रेडियो और हवा से पहले।

---

### रील बनाते समय नहर में गिरी 4 लड़कियों में से दो के शव मिले

**तीसरी तैरकर बाहर आई, चौथी अभी भी लापता**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

जबलपुर में बरेला के ग्राम सालीवाड़ा स्थित बरगी बांध की नहर के किनारे आज पूर्वान्ह 11 बजे के लगभग रील बना रहीं चार लड़कियां पैर फिसलने से तेज बहाव में बह गईं। इनमें से एक लड़की तो तैरकर बाहर निकल आई। जबकि तीन डूब गईं, दो लड़कियों के शव घटनास्थल से करीब 1 किमी दूर मिले हैं। एक अब भी लापता है।

पुलिस अधिकारियों की माने तो एक की परिवार की चारों लड़कियां सालीवाड़ा बरगी में रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए आई थी। आज पूर्वान्ह सभी चार लड़कियां बरगी नहर में नहाने के लिए चली गई। इस दौरान चारों लड़कियां किनारे मोबाइल फोन निकालकर रील बना रही थी। तभी उनका पैर फिसल गया और वे नहर में गिर गई। जिसमें एक को तैरना आता था



तो वह किसी तरह बाहर निकल गई और अपनी सहेलियों को बचाने की कोशिश करती रही, लेकिन तेज बहाव के चलते तीनों लड़कियां आंखों से ओझल हो गई। लड़कियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी आ गए, उन्होंने भी बच्चियों को बचाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। खबर मिलते ही जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी, होमगार्ड का गोताखोर दल पहुंच गया। रेस्क्यू टीम ने तलाश शुरू की, करीब तीन घंटे बाद घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर शीतल पटेल उम्र 16 वर्ष व सानिया पटेल 14 वर्ष के शव बरामद हुए। वहीं तनु पटेल 14 साल की तलाश में रेस्क्यू टीम जुटी हुई है।

### ओडिशा में गर्मी के चलते दोपहर में जनगणना रोकी गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के आधे से ज्यादा राज्यों में हीटवेव जारी है। बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों में पारा 40 डिग्री से 45 डिग्री के बीच बना हुआ है।

महाराष्ट्र का वर्धा और ओडिशा का झारसुगुड़ा में बुधवार को 44.6 डिग्री तापमान के साथ देश का सबसे गर्म शहर रहा। वहीं देश के 16 शहरों में पारा 43 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। हीटवेव को देखते हुए ओडिशा सरकार ने दोपहर के समय जनगणना प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। यानी फील्ड स्टाफ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के दौरान सड़कों पर नहीं भटकेंगे। राजस्थान और यूपी में ठंडक के लिए सड़कों पर पानी छिड़का जा रहा है। बीकानेर, ग्वालियर के जू में जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं। इधर, दिल्ली के स्कूलों में वॉटर बेल सिस्टम लागू किया जाएगा। हर 45 से 60 मिनट में घंटी बजाई जाएगी, ताकि छात्रों को पानी पीने की याद दिलाई जा सके और डिहाइड्रेशन से बचाया जा सके।

**गुना जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र के घटाखेड़ा गांव का मामला**

### शादी समारोह में हर्ष फायर से युवक मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के मलावर थाना अंतर्गत ग्राम खेड़ी गिंदौर मीणा से एक दूल्हा राहुल उर्फ भूरा मीणा अपनी बारात लेकर गुना जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत ग्राम घटाखेड़ा निवासी मजबूत सिंह मीणा के यहां गया हुआ था जहां पर गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए बारात निकाली जा रही थी। इसी दौरान एक बाराती ने हर्ष फायर करने के लिए बंदूक को कारतूस से लोड



कर रखा था।

हर्ष फायर के पहले ही उक्त बराती से बंदूक का ट्रेगर दब गया अचानक बंदूक चलने से ग्राम घटाखेड़ा निवासी 30 वर्षीय घनश्याम पिता बालकिशन मीणा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बारातियो में हड़कंप मच गया, कुछ बाराती वहां से भाग निकले। कुंभराज पुलिस ने धारा 105 के अंतर्गत प्रकरण दर्जकर जांच शुरू कर दी। कुंभराज पुलिस मलावर थाना अंतर्गत ग्राम खेड़ी गिंदौर मीना से दूल्हा राहुल उर्फ भूरा मीणा और उसके परिजनों सहित कुछ व्यक्तियों को अपने साथ उठा कर ले गई। पुलिस दूल्हा पक्ष के लोगों से पूछताछ कर रही है वहीं किस बंदूक से फायर हुआ अभी इसका पता नहीं चला और न ही हर्ष फायर करने वाली का घटना की विवेचना जारी है।

---

**आयकर विभाग के अफसर के घर में घुसकर बेटी से किया रेप**

# चार्जिंग केबल से गला घोंटकर हत्या कर दी

### डुप्लीकेट चाबी से घर में दाखिल हुआ, 12 घंटे पहले अलवर में भी बलात्कार का आरोप

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के पॉश इलाके कैलाश हिल्स में आयकर विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी की 22 वर्षीय बेटी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया, फिर मोबाइल फोन चार्जिंग केबल से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।


घटना के वक्त वह घर में अकेली थी। माता-पिता जिम गए थे। पुलिस ने इस मामले में 19 वर्षीय घरेलू सहायक राहुल मीणा को गिरफ्तार किया है। उसे 6 हफ्ते पहले पैसों के लेनदेन के मामले में काम से निकाल दिया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि इससे पहले मंगलवार रात करीब 10.30 बजे अलवर में भी आरोपी राहुल मीणा अपने पड़ोसी के घर में घुसा और महिला के साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया। उस पर पीड़िता का मुंह दबाने, गला घोंटने और फर्श पर पटकने का भी आरोप है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में आरोपी को 4 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस ने बताया- राहुल घरवालों की दिनचर्या से अच्छी तरह वाकिफ था। उसे पता था कि पीड़िता के माता-पिता सुबह जिम जाते हैं। ये भी जानता था कि नौकरों के लिए घर के बाहर किस जगह डुप्लीकेट चाबी छिपाकर रखी जाती थी। इसी चाबी से वह घर में दाखिल हुआ था।



#### कर्जे में डूब गया था

जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस विजय कुमार ने बताया- जांच में पता चला है कि आरोपी ऑनलाइन गेमिंग का आदी है। गेम में काफी पैसे हार चुका था और आसपास के अन्य घरेलू नौकरों से भी पैसे उधार ले रखे थे। नौकरों के मांगने पर वह पैसे नहीं लौटा रहा था। यह बात आईआरएस अफसर तक पहुंची तो उन्होंने उसे नौकरी से निकाल दिया था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## शक्ति पर दोहरी जिम्मेदारी

वर्तमान में घर की शक्ति को दोहरी जिम्मेदारी से गुजरना पड़ रहा है। इसके लिए उसे रसोई के लिए पुराने जमाने की तरह इंधन की व्यवस्था जुटाने में मशक्कत करना पड़ रही है। आधुनिक इंधन की व्यवस्था में एजेंसी से लेकर गोदाम और उसके बाद वितरण केंद्र की गाड़ी तक मशक्कत करना पड़ रही है। उसके पहले ऑनलाइन नंबर लगाने में ही उसका पूरा जोर लग रहा है। एजेंसी पर जाकर लंबी लाइन में पसीना बहाना पड़ रहा है। अंत में वितरण केंद्र की गाड़ी से भरी टंकी लेकर जाने के लिए अतिरिक्त व्यय करना मजबूरी है। टंकी खत्म होने से मिलने के दरमियान 5-8 दिन के लिए शक्ति को बिजली के उपकरण का सहारा लेकर अपनी रसोई को जिंदा रखना पड़ रहा है। उसमें भी कटौती के दौरान जमकर पसीना बहाना पड़ रहा है। इससे अधिक रसोई में पके भोजन से परिवार की असंतुष्टि से मानसिक तनाव भी बराबर सहना पड़ रहा है। अपने गृहस्थ जीवन को चलाने के लिए शक्ति को पुराने समय की हर वो परीक्षा देना पड़ रही है जो बताती है कि कैसे लकड़ी बिनना पड़ती थी। उसके बाद चूल्हा जलाकर रसोई में भोजन पकाने में गर्मी से खुद की हालत बेजार हो जाती थी। धुंआ जान लेवा होता था। अब साधन बदल चुके हैं लेकिन अत्याधुनिकता के साधनों में उर्जा और इंधन की कमी उसे मात्र शो पीस बना रहा है। खुसूर-फुसूर है कि टंकी का टंटा आगे भी बना रहेगा। गर्मी के समय पानी से बिजली पैदा करने वाले युनिट भी कमजोर पडने लगेंगे और उत्पादन प्रभावित होगा। ऐसे में बिजली के यंत्र भी शक्ति का साथ छोड़ सकते हैं जिसके चलते परंपरागत चूल्हे घरों में जलने की स्थिति बन सकती है।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### देशभर के खाद-बीज व्यापारियों की हड़ताल 27 अप्रैल को

**उज्जैन।** ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर 27 अप्रैल को देशभर के खाद, बीज और कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री ने कहा कि समस्याओं पर लंबे समय से राज्य और केंद्र सरकार को ज्ञापन दिए जा रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं हुआ। संगठन ने एक माह में निर्णय नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी।

### आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में, 10 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**उज्जैन।** क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 10 युवक-युवतियां परिणय सूत्र में बंधे। आयोजन में पूरे मध्यप्रदेश से समाजजनों ने सहभागिता की। मुख्य रूप से इंदौर, महू, मंदसौर, नीमच, नागदा, हाटपिपल्या, बागली और रतलाम सहित प्रदेश भर के लगभग 5000 समाजजन उपस्थित थे। समारोह में सम्मेलन अध्यक्ष विष्णु कुमार सांखला, संयोजक हिम्मत बागड़ी, समाज अध्यक्ष मोती सेठ भाटी, जितेन्द्र देवड़ा, मनोहर गेहलोत, वीरेन्द्र सांखला, किशोर कुमार भाटी, वीरेन्द्र गेहलोत, पंकज जादम, नवीन मारोठिया, पुखराज भाटी, मंगल कछावा, कैलाशचंद गेहलोत, सत्यनारायण कछावा, मानकलाल मारोठिया, परमानंद दगदी, मुकेश गेहलोत और देवेन्द्र बागड़ी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उक्त जानकारी वीरेन्द्र गेहलोत ने दी।

उज्जैन जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए गठित उड़नदस्ता की मुस्तैदी


# जिले में 12 बाल विवाह होने से पूर्व दोनों पक्षों को समझाकर रुकवाए

## एक मामले में सूचना देने वाले को नाबालिग के परिवार ने बाद में बुलाकर हमला कर उसे अधमरा कर दिया, केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए गठित उड़नदस्ता की मुस्तैदी से अप्रैल माह में जारी अभियान में 12 बाल विवाह होने के पूर्व ही, दोनों पक्षों को समझाइश देकर रोका गया है। ऐसे ही एक मामले में सूचना देने वाले को नाबालिग के परिवार ने बाद में बुलाकर हमला कर दिया जिसमें उसे अधमरा किया गया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के नागरिकों से बाल विवाह रोकथाम अभियान में मदद करने के लिए आगे आने की अपील करते हुए आह्वान किया है कि वह अपने आस पास कहीं भी बाल विवाह संबंधी सूचना निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र, पुलिस थाना/चौकी, हेल्प लाइन नम्बर 1098 पर या पंचायत सचिव, कोटवार, आशा को देने का कष्ट करें, सूचना दाता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग बृजेश त्रिपाठी के अनुसार सभी रोके गए बाल विवाह में उड़नदस्ता द्वारा मौके पर पहुंच कर बाल विवाह रोकथाम कानून और बाल विवाह के सामाजिक पारिवारिक स्वास्थ्यगत दुष्प्रभावों की जानकारी दोनों पक्षों को देने पर समझाइश दी गई जिससे संबंधित पक्ष बाल विवाह नहीं करने पर सहमत हो गए। इधर ऐसे ही एक मामले में सामूहिक सम्मेलन में हो रही नवाखेडा निवासी नाबालिग की शादी की शिकायत बापू नगर में रहने वाले सीताराम पिता राजीव दास मालवीय ने महिला बाल विकास आयोग को की थी। इस पर नाबालिग का विवाह रोक दिया गया। इससे नाबालिग के परिजन नाराज हो गए और उन्होंने शिकायत करने वाले बापू नगर निवासी सीताराम पिता राजीव दास मालवीय को नाबालिग के माध्यम से बुलाया और अगवा कर उसके साथ बुरी तरह मारपीट की। नानाखेडा थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव के अनुसार पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। इंदौर रोड स्थित ग्राम नवाखेड़ा में रहने वाली नाबालिग का विवाह परिजनों द्वारा पीथमपुर में आयोजित सामूहिक सम्मेलन में की जा रही थी, मंगलवार को विवाह होना था, इससे पहले ही महिला बाल विकास आयोग की टीम पहुंच गई।

### विवाह रुकने पर नाबालिग के परिजन आक्रोशित हो गए

- जांच में मामला सही पाया गया और नाबालिग का विवाह रुकवा दिया गया। विवाह रुकने पर नाबालिग के परिजन आक्रोशित हो गए उन्हें जानकारी मिली कि महिला आयोग को शिकायत बापू नगर में रहने वाले सीताराम पिता राजीव दास मालवीय द्वारा की गई थी। रात में परिजनों ने दबाव बनाकर नाबालिग के माध्यम से सीताराम को तपोभूमि के समीप मिलने के बहाने बुलवाया। सीताराम अपने दोस्त विशाल के साथ तपोभूमि पहुंचा जहां पर नाबालिग के परिजन मिले उन्होंने सीताराम और विशाल के साथ मारपीट की उसके बाद सीताराम को अपनी गाड़ी में बैठ कर ग्राम नवाखेड़ा ले गए, जहां पूरे परिवार ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा और घायल होने पर डायल 112 को कॉल कर आरोप लगाते हुए उसे अस्पताल पहुंचा दिया। रात में ही पुलिस ने जांच शुरू की घायल के बयान दर्ज किए गए जिसमें बाल विवाह रुकवाने पर मारपीट होने की बात सामने आते ही सीताराम की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया।
- घायल सीताराम का आरोप था कि उसे अगवा करने वाला नाबालिग का भाई राजा और काका का लड़का गौरव सरगरा शामिल थे। गांव में महिलाओं द्वारा मारपीट की गई। घायल सीताराम ने बताया कि वह इंदौर रोड स्थित एक होटल में काम करता था जहां दोस्त विशाल भी काम करता है। काम के दौरान ही उसकी नाबालिग से पहचान हुई थी। दो माह पहले उसने होटल से काम छोड़ दिया था लेकिन नाबालिग से बातचीत जारी थी। कुछ दिन पहले ही नाबालिग ने बताया कि परिजन जबरदस्ती शादी कर रहे हैं। पीथमपुर सामूहिक विवाह सम्मेलन में उसका विवाह होने वाला है। सीताराम के अनुसार नाबालिग होने पर उसने मामले की शिकायत भोपाल महिला बाल विकास आयोग को की थी। जहां से उज्जैन महिला बाल विकास आयोग की टीम को जांच के लिए भेजा गया था, इसी बात को लेकर उसके साथ नाबालिग के परिजनों द्वारा साजिश रच करने का प्रयास किया गया है।

भूमि अधिग्रहण में चार गुना मुआवजा पर आभार जताया

# भारतीय किसान संघ का प्रदेश सरकार व प्रशासन को 5 दिनों का अल्टीमेटम

## उपार्जन व्यवस्थाओं में सुधार न होने पर होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भारतीय किसान संघ की प्रदेश टोली की बैठक के बाद संघ ने प्रदेशभर में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जारी गेहूं उपार्जन की शासकीय अव्यवस्थाओं व किसानों की समस्याओं का समाधान न होने पर किसानों का सबसे बड़ा संगठन भारतीय किसान संघ ने नाराजगी जताई है। प्रदेश टोली ने प्रदेश सरकार व प्रशासन को 5 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए उपार्जन व्यवस्थाओं में सुधार न होने पर होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन की घोषणा की है।

किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने गुरूवार को इंदौर में प्रदेश टोली में हुई चर्चा के बाद कहा कि सरकार सैटेलाइट सर्वे को अमान्य करते हुये स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया में तेजी लाये। स्लॉट बुकिंग व खरीदी की तारीख को बढ़ाने की मांग को दोहराते हुये कहा कि छोटे किसानों से गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया अभी चल रही है। मंझोले व बड़े किसानों से गेहूं उपार्जन होना शेष है इसलिये हमारी सरकार से मांग है कि तत्काल सरकार मंझोले व बड़े किसानों से गेहूं उपार्जन के समय, तारीख कार्यक्रम व प्रतिदिन तुलाई की मात्रा को घोषित करे। यदि प्रदेश सरकार 5 दिनों के भीतर गेहूं उपार्जन संबधी व्यवस्थायें बनाने में नाकाम साबित होती है तो संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन के कार्यक्रम को घोषित करेगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून में सुधार कर 4 गुना मुआवजा दिया जाने का संघ ने स्वागत करता है। संघ कई वर्षों से इसकी मांग कर रहा था।



### एक एक दाना खरीदे सरकार

संघ का स्पष्ट कहना है कि जब सरकार के प्रतिनिधि व मुखिया किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक एक दाना खरीदने का दंभ भरते हैं तो उसे पूरा भी करना चाहिये। इसलिये हमारी सरकार से मांग है कि सभी पंजीकृत 19 लाख किसानों से गेहूं का एक एक दाना खरीदने की व्यवस्था उपार्जन केंद्रों पर सुनिश्चित करे। दो हेक्टेयर से ऊपर वाले किसानों की खरीदी तुरंत करे सरकार।

### स्वच्छ पेयजल और चिकित्सा व्यवस्था हो

किसान संघ के मालवा प्रांत महामंत्री रमेश दांगी ने बताया कि तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में 42 डिग्री के आसपास तापमान है। इस स्थिति में उपार्जन केंद्रो पर आने वाले किसानों के लिये स्वच्छ पेय जल, चिकित्सा व्यवस्था व टेंट लगाकर छायादार बैठने की व्यवस्था निःशुल्क की जाये।

भारत बंद के आह्वान पर

# भारत मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का धरना प्रदर्शन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भारत मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहर में धरना-प्रदर्शन किया गया। संगठनों ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत भारत बंद का आह्वान करते हुए व्यापारियों से दुकानें बंद रखने और आंदोलन में शामिल होने की अपील की। संगठन जाति आधारित जनगणना, ओबीसी के लिए जनगणना में अलग कॉलम शामिल करने तथा ओबीसी वर्ग के साथ कथित अन्याय के विरोध में लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है। तीन बार ज्ञापन के माध्यम से सरकार तक अपनी मांगें पहुंचाई गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण चौथे चरण में भारत बंद का निर्णय लिया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद भारत मुक्ति महिला मोर्चा एवं बहुजन मुक्ति पार्टी की अध्यक्ष आयुष्मति गंगा मालवीय के नेतृत्व में धरना दिया गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। मुकेश मालवीय ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा कैबिनेट में ओबीसी जाति आधारित जनगणना का निर्णय लेने के बावजूद आधिकारिक नोटिफिकेशन में ओबीसी के लिए अलग कॉलम शामिल नहीं किया गया, जो समाज के साथ अन्याय है। उन्होंने मांग की कि आगामी राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम जोड़ा जाए। इसके अलावा, एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के हित में सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन लागू करने तथा वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त करने की मांग भी उठाई गई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# वेतन नहीं मिलने पर पीएचई कर्मचारियों का धरना, दो दिन में भुगतान का आश्वासन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चामुंडा माता क्षेत्र स्थित पीएचई कार्यालय पर कर्मचारियों ने वेतन नहीं मिलने के विरोध में धरना दिया। लंबे समय से भुगतान लंबित होने से नाराज कर्मचारियों ने काम बंद कर नारेबाजी की और जल्द वेतन जारी करने की मांग की। पीएचई नगर निगम विभाग में कार्यरत 34 से अधिक कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले एक माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है। साथ ही वेतन कटौती को लेकर भी कोई स्पष्ट लिखित आदेश जारी नहीं किया गया। कर्मचारियों का कहना है कि छुट्टियों में भी वसूली अभियान चलाने के बावजूद उन्हें पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। संघ के प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी ने बताया कि कर्मचारी पिछले एक माह से वेतन के लिए परेशान हैं। धरने से पहले भी अधिकारियों को ज्ञापन देकर भुगतान जल्द करने की मांग की गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर कर्मचारियों को धरने पर बैठना पड़ा। जैसे ही धरने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को लगी, उन्होंने कर्मचारियों से चर्चा कर दो दिनों में वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया।

संतों का सम्मान कर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने किया तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन

# उज्जैन को पवित्र नगरी घोषित करने की उठी मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि जी महाराज के आश्रम समन्वय निलियम में संतों का सम्मान कर तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया।

आद्य शंकराचार्य जयंती एवं भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण उपाध्याय एवं महाकाल मंदिर समिति के सदस्य राजेन्द्र शर्मा गुरू शंकराचार्य जयंती समारोह के संयोजक त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संस्थापक आदित्य नागर ने शाल भेंटकर संतों का सम्मान किया।



संत सम्मान समारोह में जूना अखाडा के महामण्डलेश्वर स्वामी शैलेषानन्द गिरि महाराज, निरंजनी अखाडा के महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानन्द गिरि महाराज, जूना अखाडा के महन्त स्वामी निलेशानन्द महाराज, निरंजनी अखाडा के स्वामी ओमानन्द सरस्वती महाराज तथा महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी पं. रमन त्रिवेदी का शाल श्रीफल तथा पुष्पहारों से सम्मान किया गया। उज्जैन नगरी में मांस मदिरा का सेवन न करने का आह्वान किया। सभी उपस्थित संत समाज और प्रवृत्ति जनों ने इस मांग का समर्थन किया और उज्जैन को पवित्र में भी घोषित करने का आवाहन किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के तरूण उपाध्याय, राजेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र द्विवेदी, दिनेश रावल स्वामी दिलमिलाके, रामेश्वर जोशी, वीरेन्द्र त्रिवेदी, रमाकान्त शर्मा, शैलेष दुबे, अरूण शर्मा, अरविन्द जोशी, राजकुमार जोशी, अजयप्रकाश मेहता, संजय चतुर्वेदी, गोपाल त्रिवेदी, मुकेश व्यास, दिलीप नागर, मुन्नीलाल शर्मा, किरण कान्त मेहता, दिप्तेष रावल, शिरीष दुबे, दीपक शर्मा, अमरीष शुक्ला, अनिल जोशी, हेमन्त दुबे, जमनालाल शर्मा, प्राणेष शुक्ला, उमेश शकरगाये, देवेन्द्र व्यास, निपुण पालीवाल, विनोद मेहता, सुकीर्ति व्यास, नम्रता उपाध्याय, रत्ना व्यास, गायत्री शुक्ला, हेमा व्यास आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलेष दुबे ने किया तथा आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने माना।

ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे महापौर को झेलना पड़ा विरोध, पार्षद ने उठाए सवाल

# बिना सूचना के जेसीबी चलाने का आरोप, अव्यवस्थित कार्य पर भड़के रहवासी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर व दानी गेट तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्हें स्थानीय रहवासियों के विरोध का सामना करना पड़ा।

निरीक्षण के दौरान एक रहवासी ने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा बिना पूर्व सूचना उनके घर पर जेसीबी चला दी गई, जिससे उन्हें नुकसान हुआ।



उन्होंने कहा कि इस संबंध में शिकायत करने पर भी अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। रहवासियों का आरोप है कि उन पर दबाव बनाकर मकान तुड़वाए गए, लेकिन अब तक न तो नाली निर्माण शुरू हुआ है और न ही मलबा हटाया गया है। लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा पोकलेन मशीन से की गई नाली खुदाई के कारण 50 से 75 वर्ष पुराने कई मकानों की नींव कमजोर हो गई है, जिससे मकानों में दरारें आ रही हैं और गिरने का खतरा बढ़ गया है। साथ ही क्षेत्र में पेयजल में गंदा पानी मिलने की शिकायत भी सामने आई। क्षेत्रीय पार्षद अर्पित दुबे ने महापौर को बताया कि नगर निगम ने बिना ठोस योजना के तोड़फोड़ करवा दी, लेकिन कार्य को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने की स्पष्ट रणनीति नहीं है। उन्होंने कहा कि नालियों की खुदाई गलत तरीके से की गई है और अब कमी छिपाने के लिए पाइप डाले जा रहे हैं, जिससे भविष्य में परेशानी बढ़ेगी। रहवासियों ने यह भी बताया कि पहले क्षेत्र में खुली नाली का प्रावधान था, लेकिन अब बिना स्पष्ट जानकारी के पाइप डाले जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि काम इसी तरह चलता रहा तो आने वाले समय में हालात और बिगड़ सकते हैं।

- स्थानीय लोगों ने महापौर को यह भी अवगत कराया कि आने वाले दिनों में इसी मार्ग से महाकालेश्वर की सवारी निकलेगी और अधिकमास के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी। क्षेत्र में धार्मिक महत्व के कई मंदिर स्थित हैं, ऐसे में अव्यवस्थित कार्य से व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं।
- महापौर टटवाल ने रहवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि वे बिना अधिकारियों के सीधे समस्याएं समझने पहुंचे हैं, ताकि वास्तविक स्थिति जानकर संबंधित अधिकारियों से प्रभावी ढंग से चर्चा कर समाधान किया जा सके। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी शिवेंद्र तिवारी, जलकार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा, पार्षद अर्पित दुबे, छोटे लाल मंडलोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आज

**उज्जैन।** शास. धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जे.पी. चौरसिया ने बताया कि चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत 24 अप्रैल शुक्रवार को जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

उठावना



अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है कि हमारे बड़े भाई व प्रभात कुमार के छोटे भाई, उदय सिंह (उपाध्यक्ष, प्रेस क्लब उज्जैन) के पूज्यनीय पिताजी एवं चन्द्रभान सिंह (अध्यक्ष, माधवनगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी), आनंद सिंह, अभिमन्यु सिंह, व अभिराज सिंह के ताऊ जी ठा. प्रद्योत कुमार चंदेल (साहब जी) का स्वर्गवास दिनांक 22 अप्रेल 2026 को हो गया था उठावना 24 अप्रेल 2026 शुक्रवार को समय- सायं 5 बजे स्थान-श्री मोहन मेरिज गार्डन जंतर मंतर, शनि मंदिर के पास, जयसिंहपुरा, उज्जैन' पर रखा गया है
शोकाकुलः अनिल सिंह चंदेल, अध्यक्ष उज्जैन परस्पर सहकारी बैंक,अरविन्द सिंह चंदेल, सपाक्स उज्जैन अर्जुन सिंह चंदेल, सम्पादक दैनिक अग्निपथ एवं समस्त चंदेल परिवार Mob.9826900771 9827067200

## न्यूज ब्रीफ

### सिविल सेवा दिवस गरिमामय रूप से मनाया गया

**इंदौर।** इंदौर में सिविल सेवा दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने सिविल सेवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवाएं शासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय सिविल सेवा दिवस समारोह का सीधा प्रसारण भी उपस्थित अधिकारियों को दिखाया गया।

### बसों के संचालन के संबंध में गाईडलाइन जारी

इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में शैक्षणिक वाहनों के सुरक्षित संचालन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, कॉलेज संचालक, निजी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विद्यार्थियों के परिवहन में उपयोग होने वाले वाहनों के सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश (गाईडलाइन) जारी की गई। इस गाईडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा प्रबंधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

### अब निजी अस्पतालों में भी बच्चों को लगेंगे मुफ्त टीके

**उज्जैन।** स्वास्थ्य विभाग ने जन्म से पांच साल तक के बच्चों का टीकाकरण शत-प्रतिशत करने के लिए अहम पहल शुरू की है। अब आंगनवाड़ी और सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ शहर के निजी अस्पतालों में भी निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके चलते बुधवार से निर्मला हॉस्पिटल में भी यह सेवा शुरू हो गई है। यहां हर बुधवार और शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बच्चों को शासन की निर्धारित टीकाकरण सारणी के अनुसार सभी जरूरी टीके मुफ्त लगाए जाएंगे। टीकाकरण की शुरुआत स्वास्थ्य विभाग अधिकारी और अस्पताल के स्टाफ ने फीता काटकर की और बच्चों को टीकाकरण लगाया।

### लावण्या ने प्रीक्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**उज्जैन।** इंदौर में 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आल इंडिया लॉन टेनिस एसोसिएशन द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में लॉन टेनिस की राष्ट्रीय टेलेंट सीरीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के विभिन्न प्रान्तों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उज्जैन की कुमारी लावण्या शर्मा ने सीधे सेटों में मान्यता कौशल को 6-0 एवं 6-0 से हराकर प्रीक्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। उल्लेखनीय है कि लावण्या उज्जैन जिले की चैंपियन भी है। माधव क्लब के सचिव कैलाश माहेश्वरी, टेनिस संघ के अध्यक्ष सुनील कछवाय, उपाध्यक्ष आनन्त यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, कोच प्रकृति शर्मा ने हर्ष व्यक्त किया।

सभी फ्लैग स्टेशनों पर ट्रेनें रुकेंगी, वहीं से श्रद्धालु बसों के जरिए शिप्रा नदी तक पहुंचेंगे

# सिंहस्थ मेले में शाही स्नान पर ट्रेन उज्जैन नहीं आएगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों के बीच रेल से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरुवार को अधिकारियों का दल विशेष सैलून से आसपास के प्रस्तावित होल्डिंग एरिया और फ्लैग स्टेशनों का निरीक्षण करने पहुंचा।

गुरुवार सुबह करीब 10 बजे रतलाम से उज्जैन पहुंचे एडीआरएम अक्षय कुमार के साथ एडीजी राकेश गुप्ता, संभागायुक्त आशीष सिंह, , कलेक्टर रौशन सिंह,डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक अधिकारी पंवासा, नईखेड़ी, पिंगलेश्वर, मोहनपुरा, विक्रमनगर और चिंतामन स्टेशनों पर पहुंचे।




### उज्जैन स्टेशन तक नहीं आएगी ट्रेनें

एडीआरएम अक्षय कुमार ने बताया कि पर्व और शाही स्नान के दिनों में भीड़ को देखते हुए ट्रेनों को उज्जैन स्टेशन तक नहीं लाया जाएगा। सभी ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका जाएगा, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। अधिकारियों ने अलग-अलग स्टेशनों पर यात्रियों के प्रवेश और निकास मार्गों का निरीक्षण किया। साथ ही भीड़ नियंत्रण और यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जानकारी ली।

### बस सेवा और नए प्लेटफॉर्म की तैयारी



मेला अधिकारी आशीष सिंह ने स्टेशनों से घाटों तक बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नईखेड़ी स्टेशन पर चार नए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे और अन्य फ्लैग स्टेशनों पर भी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

अब शहर से 25 रूट्स पर उपलब्ध होंगी सीधी उड़ानें

# इंदौर से हवाई यात्रियों के लिए मिली बड़ी राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट से यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। एलायंस एयर द्वारा शुरू की जा रही दो नई फ्लाइट सेवाओं के बाद इंदौर से कुल 25 रूट्स पर सीधी उड़ानें उपलब्ध हो जाएंगी। इससे यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और सफर और सुविधाजनक हो जाएगा।

वर्तमान स्थिति

फिलहाल इंदौर एयरपोर्ट से 23 रूट्स पर सीधी फ्लाइट्स उपलब्ध हैं। यहां रोजाना लगभग 83 फ्लाइट्स का संचालन हो रहा है और प्रतिदिन 10,500 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। इंदौर से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, हैदराबाद और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं। शारजाह के लिए अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट भी है, हालांकि फिलहाल वह अस्थायी रूप से बंद है।



### दो नई फ्लाइट्स शुरू

इंदौर-जलगांव रूट पर 2 मई से सीधी फ्लाइट शुरू होगी। दिल्ली के लिए एक अतिरिक्त फ्लाइट भी जोड़ी जा रही है। यह नई सेवा दिल्ली-इंदौर-जलगांव-इंदौरझदिल्ली रूट पर संचालित होगी, जिससे इंदौर और जलगांव के यात्रियों को दिल्ली के साथ बेहतर जुड़ाव मिलेगा।

फ्लाइट शेड्यूल (एलायंस एयर)

**इंदौर जलगांव-** प्रस्थानः रात 9:15 बजे
आगमनः शाम 7:55 बजे (अगले दिन)

**जलगांव- इंदौर-** प्रस्थानः रात 8:00 बजे
आगमनः रात 9:00 बजे

आगे की योजनाएं

समर शेड्यूल में मुंबई के लिए एक नई फ्लाइट पहले ही जोड़ दी गई है। इसके अलावा अन्य एयरलाइंस भी जल्द ही नए रूट्स पर सेवाएं शुरू कर सकती हैं।

इंदौर एयरपोर्ट के नए टर्मिनल-1 का उद्घाटन हो चुका है, लेकिन सुरक्षा मंजूरी और उक्त स्टाफ की कमी के कारण अभी वहां से फ्लाइट्स का संचालन शुरू नहीं हुआ है। उम्मीद है कि मई तक नया टर्मिनल पूरी तरह चालू हो जाएगा।

यह नई फ्लाइट्स इंदौर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा साबित होंगी। अधिक जानकारी और टिकट बुकिंग के लिए एलायंस एयर की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप चेक करें। एयरलाइन के अनुसार ये फ्लाइट्स सप्ताह में तीन दिन संचालित की जाएंगी। टिकट बुकिंग जल्द ही शुरू होने वाली है।

## भारतीय डाक विभाग द्वारा उज्जैन संभाग में आधार विशेष शिविर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय डाक विभाग, मालवा संभाग उज्जैन द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विभाग द्वारा शनिवार को उज्जैन संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी आधार केंद्रों पर 'विशेष आधार शिविर' का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने और पुराने आधार को अपडेट करने की सुगम सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उज्जैन मुख्य डाकघर में यह कार्य सुबह 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक निरंतर जारी रहेगा। उपलब्ध सेवाएं नए आधार कार्ड बनवाना, मोबाइल नंबर अपडेट करना, पता सुधारना और बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उज्जैन संभाग के सभी डाकघर आधार केंद्रों पर यह विशेष कार्य शनिवार को संपन्न होगा।

दान दाता ने टैंकर के साथ मेले से वाहन भी खरीद कर दिया

# श्रद्धालु ने 25 हजार लीटर ठंडे पानी का टैंकर दान किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को ठंडा पानी पीने के लिए मिल सके इसके लिए मुंबई के श्रद्धालु ने वाहन के साथ 2500 लीटर क्षमता का ठंडे पानी का टैंकर बनवा कर दान में दिया है। इसके लिए श्रद्धालु ने एक माह पूर्व वाहन मेले से वाहन का चेसिस क्रय किया और बाद में ठंडे पानी का स्टील का टैंकर बनवाकर उसे वाहन की चेसिस पर लगवाया।

बुधवार को मुंबई निवासी अमित पोपटलाल पांचाल ने मंदिर समिति को श्रद्धालुओं को गर्मी के दौरान पीने का ठंडा पानी आसानी से सुविधानुसार उपलब्ध हो सके इसे लेकर ठंडे पानी का एक विशेष टैंकर (गाड़ी सहित) दान किया है। इस पुनीत कार्य के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने दानदाता का स्वागत एवं सम्मान किया। इस टैंकर की क्षमता का यह स्टील का टैंकर डबल बाडी का है। वाहन एवं चेचिस भी उच्च कंपनी का लिया गया है। इसमें 24 घंटे तक पानी ठंडा रहने की व्यवस्था दी गई है।



देअविवि में जॉब देने आई नामी 271 कंपनियाँ

# 1091 विद्यार्थियों को मिला 5.3 लाख से 72 लाख तक का पैकेज

विश्वविद्यालय की सीपीसी द्वारा वर्ष 2024-25 बैच के उत्कृष्ट प्लेसमेंट जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 बैच के प्लेसमेंट परिणाम घोषित किए गए हैं। इसमें उक्त वर्ष में कुल 271 कंपनियों ने विवि परिसर में भागीदारी करके 1091 विद्यार्थियों को रोजगार यानी नौकरी दी है। इन प्रस्तावों में औसत वार्षिक पैकेज 5.3 लाख रहा, जबकि अधिकतम पैकेज 72 लाख प्रति वर्ष है। यह जानकारी कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई, कुलसचिव प्रज्वल खरे, सेंट्रल प्लेसमेंट सेल प्रभारी गोविन्द माहेश्वरी, आईएमएस के प्लेसमेंट अधिकारी अवनीश व्यास ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में दी।

आंकड़ों से कुलगुरु ने बताया कि विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में शैक्षणिक सत्र 2024झ2025 के दौरान प्लेसमेंट गतिविधियाँ सफलतापूर्वक हुईं, जिनमें देश-विदेश की प्रतिष्ठित 271 कंपनियों ने भाग लिया, जबकि 2023-2024 में संख्या 219 थी। इस प्लेसमेंट में लैंगिक संतुलन भी उल्लेखनीय रहा, जिसमें लगभग 56 फीसदी छात्र एवं 44 फीसदी छात्राएँ सम्मिलित रहीं।



### कम्पनी संख्या और ऑफर भी बढ़े

प्लेसमेन्ट के आंकड़े अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्लेसमेंट में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जानकारी अनुसार कंपनियों की संख्या 219 से बढ़कर 271 हुई, तो ऑफर भी 1039 से बढ़कर 1091 हो गए हैं। ऐसे ही औसत वेतन में भी वृद्धि हुई है। श्री व्यास के अनुसार विवि द्वारा प्लेसमेंट सुधार हेतु केंद्रीय डाटाबेस, कौशल विकास कार्यक्रम, अनिवार्य इंटर्नशिप तथा उद्योग-पूर्व छात्र सहयोग जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव प्लेसमेंट में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है।

### आईईटी ने लिए सर्वाधिक 421 ऑफर

आंकड़ों के अनुसार इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आईईटी ने सर्वाधिक 421 ऑफर प्राप्त किए हैं, जिसमें औसत वेतन 7.74 लाख रहा। प्रबंधन संकाय में आईएमएस ने 312 ऑफर के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, और औसत वेतन 6.84 लाख रहा। विभिन्न क्षेत्रों में कोर, सर्विस, एनालिटिक्स एवं कंसल्टिंग तथा प्रोडक्ट आधारित कंपनियों का संतुलित प्रतिनिधित्व देखने को मिला है।

विवि में प्रमुख कंपनियों जैसे देउत्सुचे बैंक, मास्टरकार्ड बार्कलेस, जेडएस एसोसिएटस एवं नोमुरा आदि ने आकर विद्यार्थियों को आकर्षक पैकेज पर नियुक्तियाँ दी। इसमें माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, गूगल एवं एक्स. कॉम में चयनित विद्यार्थियों ने ये उपलब्धियाँ ऑफ कैंपस प्रक्रियाओं के माध्यम से प्राप्त की हैं।




## न्यूज कालम



### जिले में बाल विवाह रोकने के लिए पांच टीमें गठित हुई

**सनावद।** जिले में बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के प्रति लोगों में जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से गठित ०५ लीगल एड टीमों नें गांव - गांव जाकर वर - वधुओं के आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज जांच कर बाल विवाह होने की संभावनाओं पर अंकुश लगाया । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर से प्राप्त निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, श्री अखिलेश जोशी तथा न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन के मार्गदर्शन में जिले में सोमवार को अक्षया तृतीया के अवसर पर विशेष एक दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत ग्रामीण एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम एवं नालसा बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना के सन्दर्भ में आमजनों को जागरूक करने के लिए पैरालीगल वालेन्टियर्स की कुल 5 लीगल एड टीमों द्वारा गांव - गांव जाकर दस्तावेज जांचे गए और आमजन को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूक जिले में बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के प्रति लोगों में जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से गठित 5 लीगल एड टीमों नें गांव-गांव जाकर दुल्हें-दुल्हनों के आईडी कार्ड जांच कर बाल विवाह होने की संभावनाओं पर लगाम लगाई गई ।

### खरगोन में सुने घर की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**खरगोन।** पुलिस ने सुने घर में हुई चोरी का सफलतापूर्वक पदार्फाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 7 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और वारदात में इस्तेमाल एक स्कूटी (कीमत लगभग 60 हजार रुपये) जब्त की गई। 18 अप्रैल 2026 को दांगी मोहल्ला निवासी फरियादी के घर का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। मामले में थाना कोतवाली में केस दर्ज कर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से जांच की। जांच के दौरान टवडी मोहल्ला निवासी संदीप (34) और मोतीपुरा निवासी राजा उर्फ नागेश (24) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें दोनों ने चोरी करना कबूल किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने चोरी का पूरा सामान बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

### शासन की किसान हितैषी नीतियों से किसानों को मिल रहे उपज के दाम

बड़वानी २३ अप्रैल २०२६/मध्यप्रदेश शासन की किसान-हितैषी नीतियों के अनुरूप बड़वानी जिले की अंजड़ कृषि उपज मंडी में गेहूं उपार्जन और विपणन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। जिला प्रशासन एवं मंडी प्रबंधन के निरंतर प्रयासों से मंडी में न केवल पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित हुई है, बल्कि व्यापारियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण भी निर्मित हुआ है, जिसका सीधा आर्थिक लाभ क्षेत्र के कृषकों को मिल रहा है।मंडी से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 की तुलना में इस वर्ष मंडी आवक में 30 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

### उज्जैन में युवक की संदिग्ध मौत,परिजनों ने किया चक्काजाम

**उज्जैन।** उज्जैन के नानाखेड़ा थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय युवक राजनाथ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को उसकी बॉडी बुधवार रात करीब 12 बजे पंतिपले रोड पर एक पत्थर के ढेर के पास पड़ी मिली थी। युवक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने इस दिशा में जांच की मांग को लेकर गुरुवार दोपहर नानाखेड़ा थाने के सामने चक्काजाम कर दिया। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद परिजन शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए रवाना हो गए। पुलिस को सड़क किनारे युवक की बॉडी पड़ी होने की सूचना रात करीब 12.30 बजे ली थी। एफआरवी ने बॉडी और जिला अस्पताल पहुंचाई, जहां आज पोस्टमार्टम किया गया। मृतक की पहचान राजनाथ उर्फ राजाराम पिता दिलीप नाथ निवासी कोलूखेड़ी के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर मामला एक्सीडेंट का प्रतीत हो रहा था, लेकिन परिजनों द्वारा हत्या के आरोप लगाए जाने के बाद जांच का रुख बदल गया है। पुलिस अब एक्सीडेंट और हत्या को ध्यान में रखकर बारीकी से जांच कर रही है।

### नीमच मे 26 को राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**नीमच ।** मध्य प्रदेश राज्य सेवा व राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को दो सत्रों में प्रातः 10 से 12 बजे एवं दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक किया गया हैं। परीक्षा केंद्र स्वामी विवेकानन्द शा.पी. जी. कॉलेज मनासा रोड नीमच एर्व स्कीम नं.36 उत्कृष्ट स्कूल नीमच रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए आकस्मिक निरीक्षण के लिए उड़न दस्ते का गठन किया गया है। डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीमच सुश्री श्रुति भयड़िया, तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीमच संतोष कुमार एवं तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट जावद नवीन गर्ग को प्रथम दल तथा तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नीमच नगर डॉ. अजेन्द्र नाथ प्रजापति को द्वितीय दल नियुक्त किया।

### दानापुर मंडल में ब्लॉक के कारण ट्रेनें प्रभावित

**रतलाम।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल में नेऊरा-जट डुमरी जंक्शन के मध्य रेल लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली दो ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी। परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है- 1.25 अप्रैल 2026 को इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 19321 इंदौर पटना एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया पं. दीनदयाल उपाध्याय जं-गया- पटना चलेगी।

## बड़वाह-धामनोद फोरलेन स्टेट हाईवे के निर्माण को लेकर विधायक मेव मुख्यमंत्री श्री यादव से मिले

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



बड़वाह-धामनोद फोरलेन स्टेट हाईवे के निर्माण से प्रभावित होने वाले किसानों को भोपाल में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक के बाद राहत मिलने के आसार नजर आए हैं। बैठक में प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसमें अब ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर दिए जाने वाले मुआवजे को दोगुना कर दिया गया है। कैबिनेट ने 'मध्य प्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम, 2015' के तहत एक महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दी है। इस संशोधन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित गुणांक को बढ़ाकर अब २ गुना कर दिया गया है। इसका सीधा अर्थ यह है कि इस बदलाव के बाद, अब किसानों को उनकी अधिग्रहित कृषि भूमि के लिए बाजार दर से 4 गुना तक मुआवजा मिल सकेगा।जब से यह रोड स्वीकृत हुआ तब से ही किसानों में कम मुआवजा मिलने को लेकर डर बना हुआ था। जिसको लेकर किसान कई बार अधिकारियों से लेकर विधायक तक को ज्ञापन दे चुके हैं। किसानों ने हाल ही में सख्त रुख अपनाते हुए प्रशासन को सीमांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी करने नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते एसडीएम पूर्वा मंडलोई और किसानों के बीच बैठक भी हो चुकी है। लेकिन उसमें भी कोई समाधान नहीं निकलता देख किसानों ने काम ना करने की चेतावनी दे दी थी। कैबिनेट के निर्णय के बाद किसानों में हर्ष व्याप्त है।

वहीं विधायक राजकुमार मेव से मिलकर प्रभावित किसानों ने अपनी व्यथा बताई थी। जिस पर विधायक मेव ने किसानों को आश्वस्त किया था कि किसानों की समस्या को लेकर वह सीधे भोपाल मुख्यमंत्री मोहन यादव से मिलेंगे। जिसके बाद विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर प्रभावित किसानों की बात रखी थी। जिसके फलस्वरूप बुधवार को हुई कैबिनेट में किसानों को राहत देने वाला फैसला आया है। जानकारी के अनुसार इस परियोजना में महेश्वर तहसील अंतर्गत करीब 32 गांवों के लगभग 800 सर्वे नंबर प्रभावित हो रहे हैं। एसडीएम मंडलोई ने बताया धारा 11 प्रकाशन के बाद से 60 दिन तक आपत्ति ली जाती हैं। जिसमें अब तक करीब 200 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनका 60 दिन के बाद निराकरण किया जाएगा।

विधायक मेव ने कहा कैबिनेट बैठक में लिया यह निर्णय किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस निर्णय से ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि आएगी और किसानों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित होगा।



## एनसीओआरडी समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न

**आलीराजपुर।** जिले में नारकोटिक्स एवं नशीली दवाओं की रोकथाम को लेकर एनसीओआरडी समिति की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल सहित शिक्षा, कृषि और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पिछले एक माह में नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्र में नशीले पदार्थों के उत्पादन, भंडारण और अवैध खरीदी-बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों एवं फर्मों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने यह भी कहा कि की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट नियमित रूप से कलेक्टर कार्यालय को भेजी जाए। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि उन्हें नारकोटिक्स से जुड़े कानूनों और उल्लंघन पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी जाए, ताकि वे इन कार्यों में संलग्न ना हो। उन्होंने विभागों को इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने को कहा।

## बुरहानपुर में ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक का शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



शहरवासियों के लिए ऑल इज वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा 23 अप्रैल को शनि मंदिर के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऑल इज वेल सुपर क्लीनिक का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस क्लीनिक का उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक रमेश कापड़िया, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष आबिद सैय्यद एवं जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अगनानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठा. सुरेंद्रसिंह, नीरज कक्कड़, पार्षद आशीष शुक्ला, नारायण नगर अध्यक्ष प्रतिभा शुक्ला, अपना कमर्शियल क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष शरद मोरे, उपाध्यक्ष संजय महाजन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव शरद जैन, प्रदीप राजे, सुभाष माने, बीसा लाड समाज अध्यक्ष चंद्रकांत श्रॉफ, गुजराती समाज ट्रस्ट अध्यक्ष एवं एडवोकेट हेमेंद्र गोविंदजीवाला, वरिष्ठ चिकित्सक आई.एल. मूंदड़ा, आलोक गर्ग, के.पी. श्रोती, जूही गर्ग सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। संस्था के फाउंडर एवं चेयरमैन आनंद प्रकाश चौकसे, मैनेजिंग डायरेक्टर कबीर चौकसे तथा एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर देव्यांशी चौकसे ने बताया कि इस क्लीनिक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

क्लीनिक में प्रतिदिन जनरल फिजिशियन दिव्येश लाड, स्त्री रोग विशेषज्ञ मोनिश गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ दिलीप पाटीदार तथा जनरल सर्जन गौरव सिंग परदेसी की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर बेहतर इलाज मिल सकेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे बुरहानपुर के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नेपानगर में जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुरूः 42 प्रगणक-पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर




आज दिनांक 23 अप्रैल को नवीन नगरपालिका कार्यालय भवन में जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु 42 प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपानगर की छात्राओं द्वारा अनोखे ढंग से जनगणना चिन्ह की रंगोली बनाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई।

स्टेट ट्रेनर सुदर्शननाथ सेठी द्वारा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया एवं जनगणना कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। निकाय कर्मचारियों द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को सम्मान के तौर पर जनगणना बैच लगाकर उनके आगमन पर सम्मान किया गया।

चार्ज अधिकारी/सीएमओ मोहनसिंह अलावा द्वारा जनगणना कार्य हेतु उद्बोधन दिया गया एवं सभी को कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणक दिव्यानी मराठे को सीएमओ द्वारा सम्मानित कर सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को प्रोत्साहित किया गया और उनके कार्य की सराहना की गई।

## नाबालिग बालिका को ढूंढ कर सकुशल किया दस्तयाब

**बड़वानी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुम एवं अपहत बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु च्ऑपरेशन मुस्कानज्ज अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले में गुम एवं अपहत बालक-बालिकाओं के प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी श्री आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना जुलवानिया पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की ।

## सिंहस्थ मेले में शाही स्नान पर ट्रेन उज्जैन नहीं आएगी : सभी फ्लैग स्टेशनों पर ट्रेनें रुकेंगी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों के बीच रेल से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए गुरुवार को अधिकारियों का दल विशेष सैलून से आसपास के प्रस्तावित होल्डिंग एरिया और फ्लैग स्टेशनों का निरीक्षण करने पहुंचा।

गुरुवार सुबह करीब 10बजे रतलाम से उज्जैन पहुंचे एडीआरएम अक्षय कुमार के साथ एडीजी राकेश गुप्ता, संभागायुक्त आशीष सिंह, , कलेक्टर रौशन सिंह,डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक अधिकारी पंवासा, नईखेड़ी, पिंगलेश्वर, मोहनपुरा, विक्रमनगर और चिंतामन स्टेशनों पर पहुंचे।

टीम सैलून से आसपास के प्रस्तावित होल्डिंग एरिया और फ्लैग स्टेशनों का निरीक्षण करने पहुंची।एडीआरएम अक्षय कुमार ने बताया कि पर्व और शाही स्नान के दिनों में भीड़ को देखते हुए ट्रेनों को उज्जैन स्टेशन तक नहीं लाया जाएगा। सभी ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोका जाएगा, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

अधिकारियों ने अलग-अलग स्टेशनों पर यात्रियों के प्रवेश और निकास मार्गों का निरीक्षण किया। साथ ही भीड़ नियंत्रण और यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की जानकारी ली।

मेला अधिकारी आशीष सिंह ने स्टेशनों से घाटों तक बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए। वहीं रेलवे अधिकारियों ने बताया कि नईखेड़ी स्टेशन पर चार नए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे और अन्य फ्लैग स्टेशनों पर भी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 परीक्षार्थियों के लिए त्रि-स्तरीय जांच प्रक्रिया के निर्देश जारी

**बड़वानी।**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 26 अप्रैल (रविवार) को प्रदेश के सभी 54 संभाग/जिला मुख्यालयों के 365 परीक्षा केंद्रों पर राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 आयोजित की जा रही है। परीक्षा को निर्विघ्न, सुव्यवस्थित और शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आयोग ने इस बार त्रि-स्तरीय नवीन जाँच प्रक्रिया लागू की है।आयोग के निदेर्शानुसार, परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के दौरान परीक्षार्थियों की तीन स्तरों-बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र स्कैनिंग और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से सघन तलाशी ली जाएगी। ओ.एम.आर. पद्धति पर आधारित यह परीक्षा दो सत्रों में संपन्न होगी। सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा समय से 90 मिनट पूर्व केंद्र पहुंचना अनिवार्य है, जहाँ उन्हें केवल काला बॉलपेन, पारदर्शी पानी की बोतल, ई-प्रवेश पत्र और मूल पहचान पत्र ले जाने की अनुमति होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा जांच में महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला वीक्षकों द्वारा केबिन में ली जाएगी और ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के पास अपनी सुविधानुसार महिला या पुरुष कर्मचारी से जाँच कराने का विकल्प रहेगा।

## कथक नृत्य की प्रस्तुति से बालिकाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बडवानी

विगत रात्रि में संपन्न हुए कथक नृत्य समारोह की प्रशंसा करते हुए सभी अतिथियो ने कहा बालिकाओं का कथक नृत्य अदभुत था,केवल पांच दिनों की कार्यशाला में सीखकर सुंदर नृत्य से बालिकाओं ने दर्शकों के मन को मोह लिया।समारोह के मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने व्यस्त कार्यक्रम होने से मोबाइल से अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के विशेष अथिति के रूप में पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, विधायक राजन मंडलोई, पुलिस अधीक्षक श्री पदम् विलोचन शुक्ल, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, जिला पंचायत सदस्य करण सिंह दरबार, ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से कथक नृत्य का भव्य शुभारंभ किया।समारोह में अंतरराष्ट्रीय कथक कलाकार गौरी देशमुख एवं उनकी शिष्याओं का शिल्ड भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही कक्षा १२ वीं तथा कक्षा १० वो बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में स्थान बनाने वाली बालिका ओमामा मंसूरी तथा महक गोले का सम्मान भी अतिथियों द्वारा मंच पर किया गया।इसके बाद नन्ही नन्ही बालिकाओं द्वारा जब मंच पर पहली प्रस्तुति प्रारंभ की तो पूरा हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा,हर कोई बोल उठा वाह क्या नृत्य किया है, केवल पांच दिनों की कार्यशाला में गोरी देशमुख ने अपने प्रशिक्षण से जैसे उनके पैरों में जान डाल दी हो। कथक कला केंद्र खरगोन की बालिकाओं द्वारा नर्मदा अष्टक पर सुंदर प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

## राजनैतिक एवं नायब तहसीलदार के दबाव से दुखी पटवारी की आत्महत्या ने लिया बड़ा रुप

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

आलोट में खजूरी देवड़ा में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी की मौत के मामले में नायब तहसीलदार सविता राठौर के खिलाफ कर्मचारी संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार दोपहर कर्मचारी संगठनों ने नायब तहसीलदार के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का केस दर्ज करने की मांग का ज्ञापन कलेक्ट्रेट में एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को सौंपा।

गुलाब चक्कर से कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली

इसके पहले जिले के पटवारियों के साथ कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी पुराने कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चक्कर में एकत्र हुए। यहां से सभी रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। कर्मचारियों ने नायब तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर साथी रविशंकर खराड़ी को न्याय देने की मांग की। कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करते कर्मचारी संगठन पदाधिकारी व पटवारी।

पटवारियों ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि सात दिन में एफआईआर दर्ज नहीं होती है तो काम बंद कर दिया जाएगा। हमारे बस्ते जमा कर दिए जाएंगे। ज्ञापन में बताया कि दिवंगत साथी रविशंकर खराड़ी पर आवश्यक कार्य का दबाव नायब तहसीलदार सविता राठौर ने बनाया था। --- इससे उन्होंने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इतना ही नहीं, घर से एक पत्र भी मिला है, जिसमें प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। पत्र में गलत बटांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का दबाव बनाने का उल्लेख किया गया है।

### डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के प्रयासों से बड़वानी जिले के सिलावद क्षेत्र को मिली ऐतिहासिक सौगात

## होलगांव-सिलावद नवीन गोई नदी पुल का 25 को होगा भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

बड़वानी जिले के सिलावद क्षेत्र के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। होलगांव-सिलावद नवीन गोई नदी पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन दिनांक २५ अप्रैल २०२६ को किया जाएगा। यह भूमिपूजन कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री माननीय श्री राकेश सिंह जी के कर कमलों द्वारा संपन्न होगा।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के निरंतर प्रयास, सतत अनुश्रवण और जनहित के प्रति समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। डॉ. सोलंकी द्वारा लगातार क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित मांग को शासन स्तर पर प्रमुखता से उठाया गया, जिसके परिणामस्वरूप अब सिलावद क्षेत्र की जनता को यह बड़ी सौगात मिलने जा रही है। गोई नदी पर पुल नहीं होने के कारण वर्षों से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में नदी पार करना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो जाता था। कई बार दुर्घटनाएं हुईं और अनेक लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी। विद्यार्थियों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी होती थी।

अब होलगांव-सिलावद नवीन गोई नदी पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित, सुगम और तेज आवागमन की सुविधा मिलेगी। इससे सिलावद, होलगांव सहित आसपास के अनेक गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। व्यापार, शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

यह उपलब्धि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और जनकल्याणकारी सोच तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी की विकासोन्मुखी कार्यशैली का भी परिणाम है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बनने और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी के प्रयासों से ऐतिहासिक निर्णयः भूमि अधिग्रहण पर किसानों व आदिवासी परिवारों को अब मिलेगा 4 गुना मुआवजा राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लिए गए उस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत किया है, जिसमें भूमि अधिग्रहण की स्थिति में किसानों एवं आदिवासी परिवारों को बाजार दर का ४ गुना तक मुआवजा प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने इसे किसान हित में एक दूरदर्शी और न्यायपूर्ण कदम बताया है।

सांसद डॉ. सोलंकी ने बताया कि उन्होंने राज्यसभा के बजट सत्र के दौरान शून्यकाल में इस विषय को प्रमुखता से उठाते हुए किसानों और आदिवासी परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखी थी। इसके साथ ही उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी को पत्र लिखकर इस दिशा में त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने का आग्रह किया था।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई विकास परियोजनाओं–जैसे सड़क, पुल, सिंचाई एवं अन्य बुनियादी निर्माण कार्यों–के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाता है, लेकिन किसानों को उनकी जमीन का वास्तविक बाजार मूल्य नहीं मिल पाता था।

# उपचार में विश्वास की ऊर्जा



सिग्मंड फ्रायड का एक चुंबकीय व्यक्तित्व था। उसमें कोई चीज बहुत रहस्यात्मक थी। वह जो कुछ भी किया करता, वह अर्थपूर्ण दिखाई देता था, क्योंकि वह अपने कृत्य में अर्थ उड़ेलता था। चुंबकीय ऊर्जा से संपन्न कोई व्यक्ति कुछ भी करता है, तो वह चीज बहुत महत्वपूर्ण दिखाई देती है, जबकि किसी अन्य व्यक्ति के हाथों में वह बहुत अधिक सामान्य और साधारण रह जाती है। क्या तुमने कभी इसका निरीक्षण किया है? तुम बीमार होते हो, तो तुम्हारा डॉक्टर आता है। जिस क्षण वह कमरे में प्रवेश करता है, तुम्हें ठीक होने की अनुभूति होने लगती है। उसने अभी तक तुम्हें कोई दवा भी नहीं दी है, उसने अभी यह निदान भी नहीं किया है कि तुम्हें किस तरह की बीमारी है, यहां तक कि उसने अभी तुम्हें स्पर्श भी नहीं किया है, उसने बस प्रवेश किया है। जिस क्षण तुम्हें यह पता चलता है कि तुम्हारा डॉक्टर आ गया है, तुम्हारा उपचारक वहां मौजूद है, उसी क्षण से फिक्र जैसी कोई चीज समाप्त हो जाती है। तुम्हें अब चिंता करने की कोई जरूरत है ही नहीं। अब वहां कोई तनाव रहता ही नहीं है। अब डॉक्टर ही करेगा फिक्र। यदि डॉक्टर के पास अपना कोई व्यक्तिगत आभामंडल है, तो जब तक वह तुम्हारा रक्तचाप नापता है, तुम्हारी नाड़ी देखता है, तुम ठीक होना शुरू हो जाते हो। दवा तजबीज करने से पहले ही तुम पचास प्रतिशत ठीक हो जाते हो। हो सकता है, दवा उतना अधिक काम नहीं करती, लेकिन डॉक्टर की उपस्थिति ने उससे अधिक कार्य कर दिया। यह तुम्हारा उस पर विश्वास है, तुम्हारे अंदर का उस पर किया गया विश्वास ही उसका आभामंडल है। यही उसका आश्वासन है– डरने की कोई बात नहीं। अब मैं यहां हूं तो। मनोपचार अभी भी इस तथ्य के प्रति पूरी तरह सचेत नहीं है कि यह उपचार नहीं है, जो सहायता करता है, बल्कि यह व्यक्तिगत प्रभाव होता है। हो सकता है, वह व्यक्ति स्वयं इस बात के प्रति सचेत न हो कि वह उपचार करने वाली शक्ति के रूप में कार्य कर रहा है। यदि तुम मुझे ठीक से समझ रहे हो, तो वह हमेशा ही परमात्मा होता है, जो उसे ठीक करता है। ठीक करने वाला केवल परमात्मा है। यदि कोई व्यक्ति जीवित है, प्रवहमान है, तो वह परमात्मा ही है, जो उसके द्वारा प्रवाहित हो रहा है। मनोचिकित्सा को इस ऊर्जा को अभी भी समझना है। पूरब में एक व्यक्ति सामान्य रूप से अपने सद्?गुरु के पास जाएगा, उसके चरणों को स्पर्श करेगा और ठीक हो जाएगा। सद्?गुरु इस संबंध में कोई विशेषज्ञ नहीं है, यह केवल उसकी व्यक्तिगत ऊर्जा है, सिर्फ उसमें विश्वास है, जो रोगी को उसके निकट लाता है। पूरब में बहुत थोड़े से मनोचिकित्सक हैं, पर पश्चिम की अपेक्षा लोग मनोवैज्ञानिक रूप से कहीं अधिक स्वस्थ हैं।



सम्पादकीय

## मालेगांव का दोषी कौन

देश के एक बेहद चर्चित-सनसनीखेज मालेगांव विस्फोट के दोषियों का पता न चलना बहुत दुखद और चिंताजनक है। यह पहली नजर में जांच एजेंसियों की नाकामी है, जो जुर्म साबित करने या साजिश का पदार्फाश करने में नाकाम रही हैं। यह खबर आज भी दोहराई जाती है कि करीब दो दशक पहले, 8 सितंबर 2006 को मालेगांव बम धमाकों में 37 लोग मारे गए थे और 100 से अधिक घायल हुए थे। ऐसे मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को सभी चार आरोपियों को बरी कर दिया, इसका मतलब यह है कि अब किसी आरोपी पर कोई मुकदमा नहीं चल रहा है और सभी बरी हो चुके हैं। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति श्याम चंदक की पीठ ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा शुरू की गई अभियोजन प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है। विशेष अदालत ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे, लेकिन बॉम्बे उच्च न्यायालय ने इन आरोपों को निराधार पाया है। अब सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो गया है कि मालेगांव स्थित हमीदिया मस्जिद के पास धमाका कैसे हुआ था और किसने किया था? दुर्भाग्य से, इसका पुख्ता जवाब जांच एजेंसियों के पास नहीं है।

अब मालेगांव विस्फोट भारतीय कानून-व्यवस्था में एक दुखद मिसाल बन गया है। विस्फोट के तत्काल बाद महाराष्ट्र आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने समुदाय विशेष के नौ लोगों को गिरफ्तार किया था, जिन्हें 2011 में ही जमानत मिल गई। इसके बाद एक नाटकीय मोड़ आया, जब जांच एजेंसी ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया। इस बार आरोपी बहुसंख्यक समुदाय के थे। तब कुछ राजनेताओं की ओर से हिंदू आतंकवाद का जुमला भी उछाला गया। एटीएस के एक सेवानिवृत्त मुस्लिम अफसर भी सामने आए, जिन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख को फंसाने के लिए उन पर दबाव था। हालांकि, इस दबाव के प्रमाण एनआईए नहीं जुटा पाई। यह एक ऐसा मामला रहा, जिसने बार-बार अहसास कराया कि जांच राजनीति से प्रभावित हो रही है। अजमेर ब्लास्ट में स्वामी असीमानंद शिकंजे में लिए गए, पर बाद में वह अजमेर मामले के साथ ही समझौता एक्सप्रेस मामले से भी बरी हो गए। मामला प्रज्ञा सिंह ठाकुर का हो या लेफ्टिनेंट कर्नल रहे पुरोहित का, एनआईए आरोप साबित करने में नाकाम रही। अब क्या यह माना जाए कि आरोप गलत थे?

महिला आरक्षण संशोधन विधेयक

# संशोधन विधेयक का विरोध कर खुद हार गया विपक्ष



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

आखिरकार महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने हेतु लोकसभा की सीटें बढ़ाने वाला 131 वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में 54 वोटों से गिर गया। इस विधेयक के पास होने के लिए संसद में 66 फीसदी सांसदों के वोटों की जरूरत थी किंतु विपक्ष की प्रमुख पार्टी कांग्रेस के साथ टीएमसी, डीएमके और सपा सहित इंडी गठबंधन के दूसरे सहयोगी दलों ने इसके विरोध में मतदान कर विधेयक को खारिज कर दिया। निश्चित ही यह विधेयक महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में निकट भविष्य में महत्वपूर्ण होता लेकिन विपक्ष ने इसे मोदी की लोकप्रियता में वृद्धि से जोड़कर विरोध में मतदान कर आधी आबादी की उन अभिलाषाओं पर पानी फेर दिया जो वर्षों से आज तक आरक्षण की बाट जोह रही थीं। देश की महिलाओं के साथ इस तरह का अन्याय कोई नई बात नहीं है। यह आजादी के बाद आज तक होता रहा है और कब तक होता रहेगा कहा नहीं जा सकता। कांग्रेस विगत 30 साल से कह रही है कि वह महिला आरक्षण के विरुद्ध नहीं है लेकिन जब भी इसको क्रियान्वित करने का मौका आया वह बहानेबाजी कर विरोध करने पर उतर आती है। अभी विपक्ष के इंडी गठबंधन ने न केवल विधेयक का विरोध किया बल्कि कोटे के अंदर कोटे की मांग करते हुए ओबीसी, दलित और मुसलमानों को आरक्षण में आरक्षण की बात उठाता रहा। इस विधेयक के गिरने के बाद विपक्ष ने जिस तरह की जीत का जश्न मनाया वह किसी से छिपा नहीं है। संसद के बाहर निकल कर विपक्ष के नेता राहुल गांधी का यह कथन कि हमने हरा दिया काफी मायने रखता है। यह बयान उस विधेयक को गिराने या विरोध में मतदान करने से ज्यादा उस अहम की स्वीकारोक्ति थी जिसका आशय था हमने मोदी को हरा दिया। वस्तुतः नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में दोनों सदनों में सर्व सम्मति से पारित हुआ था। कोई शक नहीं कि विपक्ष उस समय इसके विरोध में खड़ा हो ही नहीं सकता था क्योंकि वोटों की राजनीति में देश की आधी आबादी जो कुछ राज्यों को छोड़कर अधिकांश राज्यों में मोदी के साथ मजबूती से खड़ी है का विरोध कर अपने लिए कुआं या खाई नहीं खोद सकता था। निश्चित ही यह संशोधन विधेयक एक संकल्प था कि देश की आधी आबादी की शक्ति और उसकी क्षमताओं का उपयोग कर कंधे से कंधा मिलाकर देश को आगे ले जाने का कार्य हो लेकिन लोकसभा में जिस तरह विपक्ष ने संशोधन विधेयक का विरोध किया वह आश्चर्यजनक था। वास्तव में विपक्ष इसके पक्ष में मतदान कर यह नहीं चाहता था कि इसका क्रेडिट मोदी और भाजपा को मिले इसीलिए वह इस बात पर अड़ा था कि अगर सरकार को रिजर्वेशन देना है तो वर्तमान लोकसभा की 543 सीटों में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करके ही दे। सत्ता पक्ष की दलील थी कि 1971 में देश की आबादी मात्र 54 करोड़ थी और उस समय हुए परिसीमन के अनुसार लोकसभा में जितनी सीटें हैं वे पर्याप्त नहीं हैं और प्रतिनिधत्व की दृष्टि से बहुत कम हैं। आज 55 सालों बाद देश की अनुमानित आबादी 140 करोड़ है और सीटों का निर्धारण वर्तमान आबादी के अनुपात में होना चाहिए। लेकिन विपक्ष इस बात पर राजी नहीं हुआ। जब 2023 में सभी विपक्षी दल नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पक्ष में थे तो इस समय परिसीमन का विरोध कर रोड़े अटकाने का क्या औचित्य था समझ से परे है। इस संशोधन विधेयक का महत्वपूर्ण प्रावधान यह था कि जब महिला आरक्षण 2023 में कानून बना था तब उसके अनुसार देश में अगली जनगणना के आधार पर परिसीमन होगा और इसके अनुसार देशभर में लोकसभा सीटों का निर्धारण होकर संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। सरकार यह आरक्षण 2029 की लोकसभा में लागू करना चाहती थी लेकिन जनगणना 2021 में कोविड के कारण नहीं हो पाई थी तथा यह 2026 में शुरू हुई है जिसके नतीजे 2027 या उसके बाद आने हैं जिसके बाद ही परिसीमन हेतु आयोग को लगभग 3 साल लग सकते हैं। ऐसे में महिलाओं का आरक्षण लंबित होता इसलिए सरकार चाहती थी कि संविधान में संशोधन के द्वारा 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन हो जाए जिससे 2029 के चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जा सकें। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि 2011 की जनगणना के आधार पर यदि परिसीमन होता है तो लोकसभा की 543 सीटें राज्यों से 815 और केंद्र शासित प्रदेशों से 35 सीटें बढ़कर 850 तक हो जाएंगी और समानुपातिक आधार पर सभी राज्यों में सीटों की संख्या बढ़ जाएगी जो लगभग 50 प्रतिशत होंगी लेकिन विपक्ष इस संशोधन पर राजी नहीं हुआ और प्रस्ताव गिर गया। आश्चर्य तो यह है कि विरोध करने वाले राजनीतिक दल प्रस्ताव के गिरने पर बेहद खुश नजर आ रहे थे। पता नहीं उन्हें क्यों ऐसा लग रहा है कि उन्होंने इस बिल का समर्थन न कर सत्ता पक्ष को तथा मुख्य रूप से मोदी को हरा दिया। 2024 में सारे प्रयत्नों के बाद मोदी को सरकार बनाने से रोकने में असफल विपक्षी दल इसी बात से खुश दिखे कि उन्होंने मोदी के संकल्प को ध्वस्त कर दिया। वास्तव में यह विपक्ष की जीत नहीं बल्कि विपक्ष की इतनी बड़ी हार है कि जिसकी गूंज अभी होने वाले राज्यों के विधानसभा चुनाव में तो सुनाई देगी ही 2029 तक यह गूंजती रहेगी। पता नहीं विपक्ष ने कैसे सोच लिया कि इस बिल का विरोध कर वह फायदे में रहेगा। सच्चाई तो यह है कि आज भाजपा और मोदी के दोनों हाथों में लड्डू हैं यदि यह पास हो जाता तो उसे क्रेडिट मिलता और गिर गया तो भी वह नुकसान में नहीं क्योंकि वह यह सिद्ध करने में समर्थ हो गया कि देश का विपक्ष महिला विरोधी है। यही नहीं विपक्ष ने झूठा नेरेटिव बनाने का प्रयत्न किया कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से दक्षिण के राज्यों को सीटों में कमी से हानि उठानी पड़ेगी जबकि उत्तर के राज्यों को लाभ होगा। जबकि सरकार ने बहस के दौरान स्पष्ट किया कि किसी भी राज्य को चाहे वह उत्तर दक्षिण पूरब और पश्चिम कहीं का हो किसी तरह का नुकसान नहीं होगा बल्कि परिसीमन के अंतर्गत वर्तमान सीटों के समानुपात में सीटों का निर्धारण होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सहित डीएमके सारे नेता काले कपड़े पहन कर जो विरोध कर रहे थे उन्हें भी कहा गया कि उनके राज्य के लिए वर्तमान में सीटों में भी वृद्धि होना तय है। दक्षिण के राज्यों की जनसंख्या यद्यपि अन्य राज्यों की तुलना में नहीं बढ़ी है तो भी वहां सीटें इसलिए बढ़ेंगी क्योंकि परिसीमन का मॉडल अनुपातिक है ना कि जनसंख्या वृद्धि का आधार। सरकार भी हर राज्य में लगभग 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नियम के आधार पर तमिलनाडु की 39 सीटें बढ़कर 59 तक हो सकती थीं। विपक्ष ने झूठा नेरेटिव गढ़कर संशोधन विधेयक को खारिज कराने में भूमिका निभाई जो उसके खुद के लिए घातक हो तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## संतों की ईएमआईऔर मोक्ष का पैकेज

स्वामी 'डिजिटलानंद' का आश्रम किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के मुख्यालय जैसा दिखता था। वहां 'मोक्ष' की प्राप्ति के लिए 'कस्टमर केयर' नंबर दिए गए थे। मदनलाल, जो अपने जीवन के पापों से डरा हुआ था, आश्रम पहुंचा। उसे एक रिसेप्शनिस्ट मिली, जिसने 'वैराग्य' का मेकअप कर रखा था। उसने पूछा, सर, आप कौन सा 'निर्वाण पैकेज' लेना चाहेंगे? हमारे पास 'सिल्वर', 'गोल्ड' और 'प्लैटिनम' श्रेणी है। मदनलाल ने पूछा, इनमें फर्क क्या है? रिसेप्शनिस्ट ने समझाया, सिल्वर में आपको 100 साल स्वर्ग मिलेगा, पर वहां आपको 'कॉमन डोरमेटरी' में रहना होगा। गोल्ड में 'प्राइवेट क्लाउड' मिलेगा और प्लैटिनम में आप सीधे ईश्वर के साथ 'सेल्फी' ले सकेंगे और इसे सीधे पृथ्वी पर 'कास्ट' कर सकेंगे। मदनलाल ने अपनी सारी जमा-पूंजी 'प्लैटिनम' पर लगा दी। स्वामी जी ने उसे एक 'मंत्र' दिया और कहा, इसकी ईएमआई हर महीने भरते रहना, वरना आपका 'पुण्य' फ्रीज हो जाएगा। कुछ दिनों बाद मदनलाल को पता चला कि स्वर्ग में भी 'नेटवर्क' की समस्या है। उसे सपने में चित्रगुप्त दिखे, जिन्होंने बताया कि स्वामी जी का 'स्वर्ग के साथ अनुबंध' पिछले साल ही खत्म हो चुका है। मदनलाल आश्रम भागा, पर वहां अब 'स्वामी ई-कॉमर्स' का बोर्ड लगा था। स्वामी जी अब 'पाप-मुक्ति' की जगह 'ईमानदारी' बेच रहे थे, क्योंकि बाजार में अब उसी की कमी थी। मदनलाल को समझ आया कि जो शांति उसे अपने घर के आंगन में मुफ्त मिल सकती थी, उसे खरीदने के चक्कर में वह 'स्पिरिचुअल लोन' के जाल में फंस गया है।



डॉ. सुरेश मिश्रा (दैनिक अविन्तका)

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 24 अप्रैल 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:03 सूर्यास्त 18:48
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - अष्टमी 19:22 उपरांत नवमी
नक्षत्र - पुष्य 20:14 उपरांत अश्लेषा
योग - शूल 25:24 उपरांत गण्ड
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 06 तारिख

**मेष-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा।

**वृषभ-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन-** संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है।

**कर्क-** जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**सिंह-** पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा।

**कन्या-** नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा। कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें।

**वृश्चिक-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु-** नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

**मकर-** व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे।

**कुंभ-** उत्साह से काम कर पाएंगे। किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन-** लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## मिट्टी का घड़ा...!

अब मिट्टी के 'घड़ों' की मांग है बढ़ी,
धूप जली है धरती भी तपती खड़ी।
लू के 'थपेड़ों' में जल रहा है जहान,
ये घड़ा बना है 'ठंडक' का अरमान।
ना फ्रिज ना बिजली की है दरकार,
धरा माटी में बसता 'सुकून' अपार।
इसकी हर 'बूंद' में ठहराव की बात,
घड़ा रख देता 'जीवन' की सौगात।
सिर पर थामे है 'उम्मीदों' का भार,
चल रहीं वो लड़की, जैसे त्यौहार।
पसीने में भी हौसलों की है चमक,
मेहनत में छुपी 'जीवन' की दमक।
मिट्टी की खुशबू सहित ठंडा पानी,
यूं सादगी में छिपी सच्ची कहानी।
ये गर्मी चाहे जितनी भी रहें बढ़ती,
मिट्टी के घड़े से ही राहत निकलती।



संजय एम. तराणेकर (दैनिक अवन्तिका)

# पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अलग होते हैं हार्ट अटैक के लक्षण



आजकल की खराब लाइफ स्टाइल और अन्य वजह से हार्ट अटैक एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है. अन्य बीमारियों की तरह हार्ट अटैक भी लक्षण शो करता है. बस उन्हें पहचानने की जरुरत है. क्या आप जानते हैं कि पुरुषों और महिलाओं में भी हार्ट अटैक के लक्षण अलग अलग होते हैं. समय रहते यदि उनपर ध्यान दिया जाए तो गंभीर समस्या होने से बचा जा सकता है. जानने की कोशिश करते हैं कि महिलाओं में हार्ट अटैक के लक्षण किस तरह अलग होते हैं.

### कई महिलाओं में नहीं होता हार्ट पेन

हार्ट पेन होना पुरुषों में हार्ट अटैक का सबसे आम लक्षण है. लेकिन यह जानकर हैरानी होती है कि कई महिलाओं को दिल का दौरा पड़ने से पहले सीने में दर्द का अनुभव नहीं होता है. हालांकि सीने से लेकर पीठ, जबड़े और बाहों में दर्द होना महिला और पुरुष दोनों में हो सकता है. कई स्टडी में सामने आया है कि महिलाओं को पीठ, गर्दन और जबड़े में दर्द होने की संभावना अधिक होती है.

### महिलाओं में दिख सकते हैं ये और लक्षण

हार्ट अटैक के दौरान, महिलाओं को मतली, उल्टी, जबड़ों, गर्दन या पीठ के ऊपरी हिस्से में दर्द, छाती के निचले हिस्से या पेट में दर्द, सांस की तकलीफ, बेहोशी, अपच और अत्यधिक थकान होने का अनुभव हो सकता है. इसके अलावा नींद की समस्या, एंग्जाइटी, चक्कर आना, अपच, गैस बनने के लक्षण भी दिख सकते हैं.

### 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को अधिक खतरा

मोनोपोज महिलाओं में हार्ट संबंधी परेशानी पैदा करता है. रिपोर्टों के अनुसार, 50 साल से अधिक उम्र की महिलाओं में हार्ट अटैक से होने वाली मौत का खतरा अधिक रहता है. बॉडी वेट बढ़ना, एक्सरसाइज की कमी, धूम्रपान, प्रोसेस्ड पफूड खाने जैसी परेशानी से दिल के दौरे का खतरा बढ़ जाता है. इन वजह से भी आता है हार्ट अटैक

पुरुष हों या महिला, दिल की बीमारी से बचने के लिए इसके लिए क्या कारण जिम्मेदार होते हैं? यह जानना बहुत जरूरी है. हाई ब्लड प्रेशर, सामान्य से अधिक कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज, स्मोकिंग, एक्सरसाइज न करना, किडनी की बीमारी के कारण भी हार्ट अटैक आ जाता है.

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,54,300, रवा- 1,54,200 चांदी- टंच- 2,50,500 पाट- 2,49,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## जय बगलामुखी माता

जो हार को बदले जीत में, अज्ञान को जो ज्ञान में।
शाप को वरदान में,दुर्गति को कल्याण में।
बेटा हूँ मैं ऐसी मां का, ऐसी है मेरी माता।
ओम जय बगलामुखी माता, जय जय बगलामुखी माता।
सकल अमंगलहारी बगुला, सर्व सुमंगलकारी है।
दसमहाविद्या में अष्टमविद्या बगला सबसे न्यारी है।
जिसका नाम लेने से ही दुःख दूर हो जाता।
बेटा हूँ मैं ऐसी मां का, ऐसी है मेरी माता।
ओम जय बगलामुखी माता, जय जय बगलामुखी माता।
पीले फूल पीले वस्त्र पीला भोग पीली हल्दी।
पीताम्बरी पीली वस्तु से प्रसन्न होती जल्दी।
भवभय भंजक जनमन रंजक जो है भाग्य विधाता।
बेटा हूँ मैं ऐसी मां का, ऐसी है मेरी माता।
ओम जय बगलामुखी माता, जय जय बगलामुखी माता।
बैशाख शुक्ल अष्टमी को हुआ माँ का अवतरण।
मन थाम ले ऐसी दुर्गा दुखहारी के चरण।
भक्तों के सिर पे जो तानती कृपा का छाता।
बेटा हूँ मैं ऐसी मां का, ऐसी है मेरी माता।
ओम जय बगलामुखी माता, जय जय बगलामुखी माता।
तू है संकटहारी मैया एक सहारा तेरा है।
जीवन में अंधेरा है, काम क्रोध का डेरा है।
क्या- क्या मैं बतलाऊं, माँ तू है सबकुछ ज्ञाता।
ओम जय बगलामुखी माता, जय जय बगलामुखी माता।
मैया कर दे मेरा कल्याण, तेरी महिमा बडी महान।
दे इतना सा वरदान, बस रखना मेरा ध्यान।
मैं जो भी हूँ जैसा भी हूँ, तेरा बालक हूँ नादान।
सबसे पावन होता है, माँ और बेटे का नाता।
ओम जय बगलामुखी माता, जय जय बगलामुखी माता।



सूरज उज्जैनी (दैनिक अवन्तिका)

धर्म-आस्था

# क्वान्टम जगत और स्वत्व बोध के प्रतिपादक; आदि शंकराचार्य



डॉ. आयुष गुप्ता (दैनिक अवन्तिका)

आदि शंकराचार्य भारत भूमि में उत्पन्न ज्ञान की उस पराकाष्ठा के द्योतक हैं जो इन चर्म चक्षु से दृश्य नहीं है ।स्थूल से सूक्ष्म जगत को समझने की जो प्रविधि शंकराचार्य जी ने उपनिषदों के भाष्य में विकसित की है वह पाश्चात्य वैज्ञानिक हाइजेनवर्ग, यंग और श्रोडिंजर के क्वान्टम सिद्धान्तों की अपेक्षा बहुत परिपक्व एवं प्राचीन है ।भारत के चारों कोणों पर चार पीठ की स्थापना का उद्देश्य पूर्ण करके ज्ञान की चतुर्दिक पताका फहराने वाले आदि शंकराचार्य सनातन के सजग प्रहरी के समान हमारे सामने एक आदर्श प्रतिमान स्थापित करते हैं ।आज सूक्ष्म जगत को समझाने हेतु कभी क्वान्टम थ्योरी, कभी स्ट्रिंग थ्योरी कभी गणितीय मॉडलिंग के माध्यम से एक सार्वत्रिक सिद्धान्त स्थापित करने की होड़ सी लगी हुई है, और उस सूक्ष्म जगत के लेशमात्र को भी नहीं समझाया जा सका है ।यदि ये वैज्ञानिक शंकराचार्य के 'नेति नेति' को हो ही मूल रूप से जान लेते तो शायद समझ पाते कि जिस प्रविधि से स्थूल जगत का साक्षात्कार होता है, उस प्रविधि से सूक्ष्म का साक्षात्कार हो पाना असम्भव है ।पाश्चात्य वैज्ञानिक अपनी भौतिकता युक्त आंखों से उस सूक्ष्म जगतको जान लेने की होड़ में पूरे विश्व को एक भ्रामक मार्ग पर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं ।क्वांटम जगत में पाश्चात्य वैज्ञानिक श्रोडिंजर एक कमरे में बन्द बिल्ली के उदाहरण की संभावनाओं के आधार पर सूक्ष्म जगत की व्याख्या करना चाहते हैं। जबकि डबल स्लिट प्रयोग के माध्यम से यंग नामक वैज्ञानिक क्वांटम कणों के व्यवहार को कण सापेक्ष बताकर यह प्रतिपादन करते हैं कि क्वांटम कण प्रेक्षक की उपस्थिति में कण की तरह व्यवहार करता है, जबकि प्रेक्षक की अनुपस्थिति में तरंग व्यवहार प्रदर्शित करता है ।ऐसे भ्रामक परिणामों के कारण सूक्ष्म जगत के वास्तविक दर्शन में एक बड़ी बाधा उपस्थित होती है।

स्व का वास्तविक बोध मानव जिज्ञासा की पराकाष्ठा है। 'यत्पिण्डे तत्ब्रह्माण्डे' स्व में सर्वस्व की और सर्वस्व में स्व की अनुभूति का प्रयोजक वाक्य है। तैत्तिरीय उपनिषद् की ब्रह्मानंद वल्ली में स्थूल, सूक्ष्म एवं कारण प्रपंच को लौकिक जगत के उदाहरणों एवं हमारे स्थूल शरीर के अंतर्निहित अन्य सूक्ष्मातिसूक्ष्म उपक्रमों का वर्णन किया गया है। आचार्य शंकर ने अनेक सूक्ष्म और स्थूल उदाहरण से इसे स्पष्ट करने का प्रयास किया हुआ। धान में चावल के समान उपमा देकर तुष के सोपान क्रम से अनावरण द्वारा चावल के आविर्भाव के उदाहरण से क्रमशः अन्नमय, प्राणमय, मनोमय , विज्ञानमय एवं आनंदमय कोश का कथन किया गया है। यह यात्रा स्थूल से सूक्ष्म की यात्रा है, जिसमें अन्न से प्रारम्भ करके प्राण, मन, बुद्धि एवं आनन्द की क्रमिक सूक्ष्मता का प्रतिपादन ऋषि द्वारा अत्यन्त सुन्दर रीति से किया गया है। आनंदमय कोश भी तुरीय अवस्था न होकर उस परब्रह्म की सबसे निकट अवस्था है। इन पंचकोशों को अनात्म एवं कार्य ब्रह्म की संज्ञा देकर ऋषि ने माया/ अज्ञान से अनुपहित चैतन्य/ ब्रह्म की ही पारमार्थिक सत्ता का प्रतिपादन किया है। पंचकोश की यह यात्रा एक ओर मनुष्य के वास्तविक 'स्व' का स्वरूप स्पष्ट करती है तो दूसरी ओर सदैव जड़ जगत के अनुभव में रत पुरुष (सत्यानृत मिथुनीभूत चेतना) को सूक्ष्म तत्वों के साक्षात्कार की प्रविधि से परिचित भी कराती है।

आचार्य शंकर सूक्ष्म जगत की व्याख्या अनेक सूक्ष्म और स्थूल उदाहरणों से करते हैं ।व्यक्ति की जाग्रत, सुषुप्ति और स्वप्न अवस्थाओं का जो विश्लेषण उन्होंने यत्र तत्र किया है, वह उनकी उच्च मानसिक मेधा का परिचायक है ।मानव शरीर केवल भौतिक यन्त्र नहीं है, इसके अन्य घटक भी हैं जो सूक्ष्म शरीर और कारण शरीर के रूप में प्रतिपादित किए गए हैं। ॐकार जिसका प्रणव नाम भी है, उस ॐकार का प्रत्येक अक्षर अ, उ और म एक एक लोक का प्रतिनिधित्व करता है।

सूक्ष्म को समझना सरल नहीं, किन्तु आचार्य शंकर ने शरीर, इन्द्रिय,मन, बुद्धि और आत्मतत्व सभी का ऐसा सूक्ष्म विश्लेषण अपने साहित्य में प्रस्तुत किया है कि पाठक सरलता से यह समझ सकता है कि ये शरीर के केवल भौतिक अंग न होकर सूक्ष्म अंतःकरण के रूप में अद्वैत भाव से उठने वाली वृत्तियां मात्र हैं। आचार्य शंकर भारत के एक महान ऋषि हैं,उनकी सूक्ष्म दृष्टि ही सतत विकास और विकसित एवं समृद्ध भारत की दिशा का मार्गदर्शन कर सकती है। भारत का विश्वगुरुत्व ऐसे ही ऋषियों की मेधा का परिणाम है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## पृथ्वी दिवस पर जल मंदिर का शुभारंभ दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाजापुर।** पृथ्वी दिवस पर स्थानीय आदर्श नवीन नगर में म.प्र. जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा बुधवार को जल मंदिर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अनूठी पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के संभाग समन्वयक भोपाल एवं घुमंतू परियोजना नोडल अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों ने संस्था के संस्कार केंद्र का अवलोकन किया और बच्चों को प्रेरक कहानियों व गीतों के माध्यम से नैतिक व सामाजिक मूल्यों की शिक्षा दी। पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष पृथ्वी पूजन भी किया गया, जिसके जरिए पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। अतिथियों ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल राठौर, जिला समन्वयक (उज्जैन) जय दीक्षित, ब्लॉक समन्वयक बसंत रावत, मनोज श्रोत्रिय, दीपक जैन, तृप्ति सोनी, मनोज जायसवाल सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नवीन वर्मा ने किया तथा आभार संस्था सचिव गायत्री वर्मा ने माना। 08

**नकबजनी गिरोह का पदार्फाश, 3 आरोपी गिरफ्तार**

## नगदी 50 हजार रु., गुटखा पाउच के पैकेट का माल व बाईक जप्त



**ब्यावरा।** राजगढ़ पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कुरावर निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घर मे चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी, गुटखा पाउच एवं घटना में प्रयुक्त की गई लोहे की कटर एवं बजाज डिस्कवर गाड़ी जप्त की है। पुलिस सूत्रों से मेरी जानकारी के अनुसार फरियादी पप्पू राठौर पिता अमृतलाल राठौर 35 साल निवासी आनंद वेयरहाउस के सामने नरसिंहगढ़ रोड कुरावर के घर में रात को अज्ञात चोरों ने घर के ताले काटकर घर में रखे नगदी 50 हजार रुपए एवं गुटखा पाउच चुराकर लिए हैं जिस पर थाना में अपराध क्र 113/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आरोपियों की तलाश एवं सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से परीक्षण किया। साथ ही साइबर सेल की सहायता से तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर संदेहियों की पहचान की गई। पुलिस ने दबिश देकर 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगदी 50000/-रु, गुटखा पाउच कीमती 6000/- रु, कटर कीमती 2000/- रुपए, एक बाईक कीमती 50000/- रुपए कुल माल 1 लाख 8 हजार रु जप्त कर आरोपी लोकेंद्र मीणा पिता राधेश्याम मीणा 28 साल निवासी बैरागढ़ खुमान थाना श्यामपुर, समीर खान पिता अमीन खान 21 साल निवासी बड़नगर थाना कुरावर, जुबेर खान पिता इरफान खान 21 साल निवासी बड़नगर थाना कुरावर को गिरफ्तार किया

## रईस कामदार जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

**देवास।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू



पटवारी, प्रभारी हरीश चौधरी एवं सह प्रभारी श्री संजय दत्त की सहमति से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने रईस कामदार को जिला कांग्रेस कमेटी का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया। कामदार की नियुक्ति पर उन्हें शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम गुरु चरण सिंह सलूजा, रेखा वर्मा, भगवान सिंह चावडा जाहिद पठान सुधीर शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष सर्व श्री ईशान राणा प्रतीक शास्त्री रूपेश कल्याने नीरज नागर दिलीप सिंह सोलंकी कांग्रेस नेता राजेश राठौड, वसीम हुसैन पार्षद, प्यारे भाई पठान, आबिद खान, इम्तियाज सिद्दीकी एडवोकेट, राजा पडियार, सिद्धार्थ माहुरकर,आरिफ मेंव, हारिस गजधर, गौरव जोशी, रियाज नागौरी, परवेज शेख, राजेश अग्रवाल, मुकेश मोदी, अमजद छोटू जागीरदार, एजाज शेख नीलम, दीपेश हरोडे, शाहिद मोदी, मनोज सांगते, गुड्डू सागर, अकरम हुसैन, सुजीत सांगते, शाहिद मोदी जितेंद्र गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह छोटू दरबार, महेंद्र सिंह दरबार, महिपाल सिंह तवर जितेंद्र सिंह दरबार राजपाल सिंह बैस, शाहिद राणा, खालिद मेव, आदि ने बधाई दी है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

**आगरा-मुंबई एनएच-52 पर गुरुवार सुबह टेंपो को कार ने मारी थी टक्कर**

# मामा के यह छुट्टी मनाने आए 13 वर्षीय देवराज की सड़क हादसे ने ली जान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर से गुजरे नेशनल हाइवे क्रमांक 52 मऊ ग्राम के पास स्थित शराब दुकान के सामने गुरुवार सुबह 5:00 बजे हुए सड़क हादसे में अपने मामा के घर छुट्टियां मनाने आए एक 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जिससें परिवार शोक में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार तडके समीपस्थ ग्राम कमलसरा से तीन पहिया लोडिंग टेंपो वाहन से किसान लहसुन भर के सारंगपुर मंडी जा रहा था। इसी दौरान पचोर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 09 डीयू 4489 ने लोडिंग वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। लोडिंग वाहन में कमलसरा गांव के मुकेश सौराष्ट्रीय, घीसू लाल राठौर और देवराज राठौर लहसुन के कट्टे लेकर जितेंद्र कुंभकार के साथ



सारंगपुर मंडी जा रहे थे। जो कि कमलसरा गांव से प्रातः 4:00 बजे निकले थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपों अनियंत्रित होकर सडक से दूर जा गिरा और उसमें रखा लहसुन सडक पर बिखर गया और कार भी दूर उछलकर सडक की साइड में जा गिरी। इस दुखद हादसे में वाहन में सवार मामा के साथ आया 13 वर्षीय भानेज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस वाहन के साथ गंभीर रूप से घायल बालक को तुरंत सारंगपुर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि मृतक बालक देवराज राठौर पिता महेश राठौर निवासी आक्या चौहानी जिला शाजापुर का निवासी है और वह करीब एक सप्ताह पहले अपने गांव से गर्मी की छुट्टी बिताने के लिए अपने मामा के यहां कमलसरा गांव आया हुआ था। इस सडक हादसे में उक्त बालक की मौत हो गई। वही हीं इस हादसे में कार में सवार महिला सहित टेंपों में बैठे अन्य दो-तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं जिनका प्राथमिक उपचार किया गया है। जबकि कार चालक फरार है तथा कार भी अनियंत्रित होकर सडक के दूसरे किनारे खाई में जा गिरी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

## बदनावर मंडी में गेहूं की बंपर आवक, 8700 क्विंटल गेहूं आया, लहसुन की आवक घटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

बदनावर कृषि उपज मंडी में बुधवार को गेहूं की बंपर आवक दर्ज की गई। इस दौरान 8,700 क्विंटल से अधिक गेहूं मंडी पहुंचा। वहीं, सब्जी मंडी में लहसुन की आवक में कमी देखी गई।

मंडी में किसानों की भारी भीड़ और चहल-पहल रही। गेहूं का न्यूनतम भाव 1,900 रुपये, अधिकतम 2,925 रुपये और औसत भाव 2,505 रुपये प्रति क्विंटल रहा। हालांकि, केवल एक तोल कांटे के कारण किसानों को अपनी उपज की तुलाई के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा।

गेहूं के अलावा, सोयाबीन की 2,942 क्विंटल आवक हुई, जिसके भाव 4,005 रुपये से 5,950 रुपये प्रति क्विंटल रहे और औसत भाव 5,680 रुपये रहा। डॉलर चने की 32 क्विंटल आवक हुई, जो 4,600 रुपये से 6,380 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका। देशी चने की 52 क्विंटल आवक दर्ज की गई, जिसका न्यूनतम भाव 4,800 रुपये, अधिकतम 5,475 रुपये और औसत भाव 4,800 रुपये प्रति क्विंटल रहा। मंगलवार को भी मंडी में 8,222 क्विंटल गेहूं की आवक हुई थी और अगले कुछ दिनों तक इसी तरह आवक बने रहने की उम्मीद है।

उधर, स्थानीय सब्जी मंडी में लहसुन की आवक घटने लगी है। बुधवार को 464 बोरी लहसुन मंडी पहुंची। लहसुन का न्यूनतम भाव 1,425 रुपये और अधिकतम भाव 3,300 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि औसत भाव 3,300 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया।

बदनावर क्षेत्र में इस वर्ष गेहूं का रकबा पिछले साल की तुलना में बढ़ा है। वर्ष 2024-25 में यह 55,300 हेक्टेयर था, जो 2025-26 में बढ़कर 59,600 हेक्टेयर हो गया। क्षेत्र में कुल 3 लाख 33 हजार 760 मीट्रिक टन गेहूं का उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1 लाख 13 हजार 611 मीट्रिक टन अधिक है। इस साल क्षेत्र में लोकवन, तेजस और एचआई-1544 पूर्णा किस्म के गेहूं की बुवाई अधिक की गई थी।

## सामाजिक पेंशन के लिए परेशान 22 हजार से ज्यादा हितग्राही

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पेंशन में समस्या अब भी बनी है। तीन महीने से अटकी पेंशन में से एक महीने की राशि कुछ हितग्राहियों के खातों में पहुंची है जबकि अभी भी दो महीने का भुगतान लंबित है। सारंगपुर जनपद पंचायत में संचालित करीब एक दर्जन सरकारी पेंशन योजनाओं के 22050 हितग्राहियों में से कुछेक को पिछले दिनों एक महीने की पेंशन मिल गई। इससे पहले अंतिम भुगतान फरवरी में हुआ था और मार्च और अप्रैल की राशि लंबित है। अब एक माह की राशि जारी होने के बाद भी दो महीने की पेंशन अटकी है जिससे हितग्राही अब भी परेशान हैं। सारंगपुर क्षेत्र में हर महीने इन हितग्राहियों को कुल एक रोड़ 32 लाख रुपए पेंशन के रूप में मिलते हैं। अब दो महीने का भुगतान जोडें तो यह राशि ढाई करोड़ रुपए से अधिक हो जाती है। इतनी बडी राशि अटकी होने से गरीब, बुजुर्ग, दिव्यांग और विधवा महिलाओं के सामने आर्थिक संकट है।

## भीम आर्मी के प्रदेश प्रवक्ता बने राजकुमार आजाद

**सारंगपुर।** भीम आर्मी के प्रदेशाध्यक्ष के द्वारा क्षेत्र के युवा सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार आजाद को भीम आर्मी प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। नियुक्त के बाद आजाद ने कहा कि मैं किसी भी संगठन में तब तक काम करना उचित समझता हुं जब तक कि में आजाद हुं, जिस दिन कोई पदाधिकारी गुलामी की जंजीर में जकडना चाहे में वह से दूरी बना लूंगा। मेरा उद्देश्य समाज को जागृत करना और उन्हें आजादी से अपनी बात रखने, आवाज उठाने के लायक बनाना है और में हमेशा अपने उद्देश्य पर काम करता रहूंगा। उल्लेखनीय है कि राजकुमार आजाद विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्य करते आए है, लगभग 2013 से वे समाज सेवा में अपने महत्वपूर्ण योगदान देते आए है।

**कुंभराज थाना क्षेत्र घटाखेड़ा गांव का मामला**

# शादी समारोह में हर्ष फायर होने से युवक को लगी गोली,मौके पर मौत

**पुलिस दूल्हा व उसके परिजन सहित कुछ बारातियो को थाने ले गई, जहां पूछताछ जारी है**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के मलावर थाना अंतर्गत ग्राम खेड़ी गिंदौर मीणा से एक दूल्हा राहुल उर्फ भूरा मीणा अपनी बारात लेकर गुना जिले के कुंभराज थाना अंतर्गत ग्राम घटाखेड़ा निवासी मजबूत सिंह मीणा के यहां गया हुआ था जहां पर गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए बारात निकाली जा रही थी।

इसी दौरान एक बाराती ने हर्ष फायर करने के लिए बंदूक को कारतूस से लोड कर रखा था। हर्ष फायर के पहले ही उक्त बराती से बंदूक का ट्रेगर दब गया अचानक बंदूक चलने से ग्राम घटाखेड़ा निवासी 30 वर्षीय घनश्याम पिता बालकिशन मीणा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बारातियों में हड़कंप मच गया, कुछ बाराती वहां से भाग निकले।

कुंभराज पुलिस ने धारा 105 के अंतर्गत प्रकरण दर्जकर जांच शुरू कर दी। कुंभराज पुलिस ने मलावर थाना अंतर्गत ग्राम खेड़ी गिंदौर मीना से दूल्हा राहुल उर्फ भूरा मीणा और उसके परिजनों सहित कुछ व्यक्तियों को अपने साथ उठा कर ले गई। पुलिस दूल्हा पक्ष के लोगो से पूछताज कर रही है वही किस बंदूक से फायर हुआ अभी इसका पता नहीं चला और न ही हर्ष फायर करने वाले का घटना की विवेचना जारी है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने बद्रीलाल सोलंकी पिता नंदराम सोलंकी जाति सिरवी, निवासी ग्राम भुवानी खेडा, जिला धार (म.प्र.) के मालिकाना व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 2215/2 रकबा 0.6270 हेक्टेयर, सर्वे कमांक 2250 रकबा 1.829 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2251 रकबा 0.272 हेक्टेयर, कुल किता 2.728 हेक्टेयर भूमि स्थित कस्बा बडनगर, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र.। को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो कृषि भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या कृषि भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक - 23/04/2026

**पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी एडवोकेट बड़नगर**
**मो.न. 9893739313**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार हर्ष संगतानी पिता विनोद जी संगतानी जाति सिंधी निवासी नयापुरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. ने विक्रेतागण विष्णु पिता गोरधनलाल जी जाति माली, रेखा पिता गोरधनलाल जी जाति माली, शांतिबाई पिता गोरधनलाल जी जाति माली, लीलाबाई पिता गोरधनलाल जी जाति माली, निवासीगण उत्सव घाट पथ बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्र. 1233 रकबा 0.031 हे., सर्वे क्र. 1418 रकबा 0.010 हे., सर्वे क्र. 1419 रकबा 0.303 हे., सर्वे क्र. 1420 रकबा 0.042 हे., सर्वे क्र. 1421 रकबा 0.084 हे., सर्वे क्र. 1422 रकबा 0.167 हे., सर्वे क्र. 1425 रकबा 0.221 हे.. सर्वे क्र. 1423 रकबा 0.080 हे., सर्वे क्र. 1426 रकबा 0.199 हे., सर्वे क्र. 1427 रकबा 0.031 हे., सर्वे क्र. 1428 रकबा 0.021 हे., सर्वे क्र. 1429 रकबा 0.115 हे., सर्वे क्र. 1430 रकबा 0.031 हे., सर्वे क्र. 1431 रकबा 0.163 हे., सर्वे क्र. 1433 रकबा 0.073 है. कुल किता 15 कुल रकबा 1.571 हे. में से लगभग 5 बीघा भूमि स्थित कस्बा बडनगर का विक्रय सौदा अनुबंध पत्र क्र. 0101431511202201 2989 दिनांक 15/11/2022 को तय किया था। जिसका प्रतिफल बरवक्त बयाना रु. 1,00,011/- (एक लाख ग्यारह रु.) तथा दिनांक 15/11/2022 को शेष प्रतिफल में से राशी रुपए 9,01,100/- (नो लाख एक हजार एक सो रुपए), दिनांक 15/05/2023 को राशी रुपए 25,000/- (पच्चीस हजार रुपये), दिनांक 25/02/2024 को 25% राशी की शेष राशी 21,98,889/- (इक्कीस लाख अठानवे हजार आठ सो उननब्बे रुपए) विक्रेतागण को अदा कर दिए है व क्रय करने का सौदा कर लिया है, एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है तथा हमारे पक्षकार के जान में आया है कि, विक्रेतागण उक्त भूमि को अन्यत्र विक्रय करने की फिराक में है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उक्त भूमि को अन्य कोई भी व्यक्ति या संस्था क्रय नहीं करे और न ही विक्रेतागण से उक्त भूमि से सम्बन्धित कोई संव्यवहार करे अन्यथा हमारे पक्षकार को उक्त व्यक्ति संस्था, निकाय आदि के विरुद्ध दांडिक एवं दीवानी कार्यवाही करना पड़ेगी जिसके परिणामो की समस्त जिम्मेदारी क्रेता स्वयं की होगी। सूचित हो।

दिनांकः 23/04/2024

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 7999800300**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता / अनुबंधकर्ता इन्दरसिंह पिता रामसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम खानबडोदिया तहसील सांवेर जिला इंदौर ?द्वारा अनुबंधित भूमि सर्वे क्र. 1950 रकबा 1.47 हे. में से 0.95 हे. बरुख पूर्व दिशा की ग्राम खरसोद खुर्द तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. भूमिस्वामी लक्ष्मीबाई पति स्व. रमेशचंद्र, बाबूलाल पिता स्व. रमेशचन्द्र जाति कुलमी निवासी/कृषकगण ग्राम खरसोद खुर्द तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. को क्रय करने का सौदा कर लिया है, तथा बयाना राशी भी विक्रेता / अनुबंधकर्ता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपति हो या उक्त मूल दस्तावेज कहीं जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी। सूचित हो । दिनांक : 23/04/2026

**नरेश पंड्या अभिभाषक**
**न्यायलय परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9826080075**

### न्यायालय अपर तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन

**क्रमांक/क्यू/री-2/2026/** **बड़नगर दिनांक-17.04.2026**
**प्र.क. 0656/अ-6/2025-2026**

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है-आवेदक संजयसिंह पिता मेहरबान सिंह जाति राजपुत निवासी सेमलिया ने विक्रेता वलीमोहम्मद पिता नाथा जाति फकीर निवासी सेमलिया के स्थान पर रजिस्ट्री दिनांक 18.04.1996 रजिस्ट्री के आधार पर जिसका रजिस्ट्री क्रमांक----- है। क्रय विक्रय/ दान कर्ता / सहस्वामीत्व हकत्यागकर्ता के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है. जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**1. भूमि का विवरण**

| स. क्र. | पटवारी हल्का क्रमांक/ सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक/ ब्लॉक संख्यांक/ भू - खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल हेक्टर/ वर्ग मीटर में |
|---|---|---|---|
| 1 | सेमलिया | 41 | 0.95 |

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 30.04.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखनें वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**अपर तहसीलदार**
**तहसील बड़नगर**

## विशेष आधार अपडेशन अभियान का आयोजन

**महिदपुर।** उपडाकघर महिदपुर में 25 अप्रैल शनिवार को प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित विशेष आधार अपडेशन अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी प्रकार के आधार सम्बंधित कार्य जैसे बायोमेट्रिक अपडेशन, मोबाइल नंबर अपडेशन, नाम एवं पता, नये आधार कार्ड आदि का कार्य किया जायेगा। मुख्य पोस्ट ऑफिस अधिकारी ने अधिक से अधिक जनमानस से इसका लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## प्रतिभाओं का सम्मान

**महिदपुर।** शा. मॉडल उ.मा.वि. महिदपुर के कक्षा 10वी के छात्र शुभम परमार व कक्षा 12वी की छात्रा सुमन जोशी गणित जैसे कठिन विषय में 100/100 अंक प्राप्त करने पर विध्यालय के प्राचार्य श्री रामेश्वर सोनी तथा गणित विषय की शिक्षिका श्रीमती नीलम पण्ड्या के दावरा पुष्पमाला के माध्यम से विध्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस उपलब्धि पर विध्यालय के समस्त शिक्षको दावरा विध्यार्थियों एवं गणित विषय के शिक्षिका को शुभकामनाये प्रेषित की गई ।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव व शंकराचार्य जयंती की तैयारियां तेज

**महिदपुर।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं जगतगुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव को लेकर महिदपुर-झारडा क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए समाजजनों द्वारा व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। समाज के प्रतिनिधि घर-घर पहुंचकर विप्र बंधुओं को आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं तथा उन्हें कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। साथ ही आयोजन के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व से भी अवगत कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। आयोजन को लेकर समाज में विशेष उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। विभिन्न समितियों का गठन कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान, पूजन, शोभायात्रा एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन प्रस्तावित है। समाजजनों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, जिला अस्पताल में तोड़ा दम

**शाजापुर।** राजगढ़ जिले के धनोरा गांव के समीप एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने पैदल जा रहे एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को परिजनों द्वारा शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान चंदर सिंह भिलाला निवासी धनोरा राजगढ़ के रूप में हुई है। बुधवार सुबह करीब 7 बजे चंदर सिंह अपने गांव से बकरी लेकर पैदल ही लीमाचौहान गांव के हाट बाजार में बेचने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल चंदर सिंह को शाजापुर जिला अस्पताल लेकर आए। यहां चिकित्सकों ने तुरंत उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण सुबह करीब 11 बजे उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### कार्यालय रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट अधिकारी उज्जैन जिला उज्जैन

**कमांक/रीडर-1/2026/920** **उज्जैन दिनांकः 16/04/2026**
**प्रकरण कमांक/बी-113/25-26**
**लोक न्यास का नाम श्री शीतल धार्मिक पारमार्थिक न्यास**
**पंजीयन क्रमांक-241**

**श्री शीतल धार्मिक धारमार्थिक व्यास,**
**कार्यालय अवंतिका पथ-1/44 अब्दालपुरा उज्जैन म.प्र.**
**---------आवेदक**

**विरूद्ध**
**मध्यप्रदेश शासन**
**----------अनावेदक**

### विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शीतल धार्मिक पारमार्थिक न्यास, द्वारा अध्यक्षा श्री शातिलाल लोढा पिता श्री मयाचंदजी लोढा निवासी महावीर मार्ग नयापुरा उज्जैन द्वारा म.प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा-9 (1) के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर श्री शीतल धार्मिक पारमार्थिक न्यास में पूर्व न्यासियों की मृत्यु/त्यागपत्र देने से उनके नाम ट्रस्ट पंजीयन रजिस्टर से कम करने एवं पुराने ट्रस्टीयों/मृत्यु/त्याग पत्र दे चुके न्यासियों के स्थान पर नवीन चयनित ट्रस्टीयों एवं न्यास के बायलॉज में 'पेरा 14' व 'पेरा 15' का नवीन संशोधन किया जाकर उक्त संशोधन का ट्रस्ट पंजीयन रजिस्टर में दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

**पुराने न्यासीगण**

| क्र. | पुराने ट्रस्टी बोर्ड सदस्य | कारण |
|---|---|---|
| 01 | श्री संतोषजी देशलहरा पिता बसंतीलालजी देशलहरा निवासी-सिद्धिगंज आष्टा | मृत्यु हो जाने से |
| 02 | श्री ऋषि जैन पिता स्व. श्री बच्छराजजी जैन निवासी 52, धनवंतरी मार्ग उज्जैन | मृत्यु हो जाने से |

**नवीन न्यासीगण**

| क्र. | नवीन चयनीत ट्रस्टी सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री मयंक बम पिता श्री धीरेन्द्रजी बम, निवासी 53, आजाद नगर उज्जैन | न्यासी |
| 02 | श्री कपिल जैन पिता स्व. श्री बच्छराजजी जैन निवासी 52. धनवंतरी मार्ग उज्जैन | न्यासी |

न्यास की अचल संपत्ति के विक्रय के संबंध में ट्रस्ट के घोषणा पत्र में निम्न संशोधन चाहा गया है-

पेरा-14 अनुसार यह कि ट्रस्ट के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु अथवा अनुपयोगी चल व अचल संपत्ति को विक्रय किया जा सकेगा अथवा समान उ?द्देश्य वाले ट्रस्ट को दान की जा सकेगी तथा चल व अचल संपत्ति के विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग ट्रस्ट के उद्देशो की पूर्ति हेतु किया जावेगा।

पेरा-15 अनुसार यह कि भारतवर्ष में प्रचलित किसी कानून के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन हेतु अथवा किसी कानून के पालन में किसी प्रकार की अडचन दूर करने हेतु यदि ट्रस्ट डीड में किसी प्रकार का कोई संशोधन आवश्यक हो तो ट्रस्टीयों को इस प्रकार का संशोधन करने की पूर्ण शक्ति रहेगी परन्तु उपरोक्त संशोधन न्यास के मूल उद्देश्यो से विपरीत नही होगें।

अतः नै रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट, जिला उज्जैन का लोक न्यासों का पंजीयन / परिवर्तन अपने न्यायालय में दिनांक 25/05/26 को मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा 09 (1) के द्वारा यथा अपेक्षित पंजीयन / परिवर्तन करना प्रस्तावित करता हूँ।

अतः एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि न्यास संपत्ति का कोई न्यासी या कार्यकारी न्यासी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात दिनांक 25/05/26 के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन मेरे समक्ष प्रस्तुत करना और मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः या अभिभाषक अथवा अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए।

**रजिस्ट्रार ऑफ पब्लिक ट्रस्ट अधिकारी**
**अनुभाग उज्जैन नगर**

## बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल का हार्ट अटैक से निधन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ बीकानेर

बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल (74) का गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वे अपनी पत्नी के ऑपरेशन के सिलसिले में चेन्नई में थे। गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार, उनकी पत्नी का हाल ही में हार्ट बायपास का ऑपरेशन हुआ था। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी थी। इसी कारण शिवरतन अग्रवाल परिवार सहित वहां के एक होटल में ठहरे हुए थे। बीकानेर के सार्दुलगंज के रहने वाले शिवरतन 10 दिन पहले परिवार के साथ चेन्नई गए थे। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे शिवरतन अग्रवाल कुछ असहज महसूस कर रहे थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया था। जहां उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को होगा। दिल्ली समेत देशभर में रहने वाले परिजन आज शाम को बीकानेर पहुंचेंगे। बीकानेर व्यापार मंडल अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया- शुक्रवार को दोपहर 2 बजे तक शहर का मार्केट बंद रहेगा। शिवरतन अग्रवाल ने साल 1993 में बीकानेर में बीकाजी ब्रांड की स्थापना की थी। छोटे स्तर से शुरू हुआ यह कारोबार आज एक बड़े फूड ब्रांड के रूप में स्थापित है। शिवरतन अग्रवाल के निधन के बाद बीकानेर के करणी और बीछवाल इंडस्ट्रीयल एरिया में बनी फैक्ट्री में प्रोडक्शन रोक दिया गया है। इसके साथ ही सप्लाई भी रोक दी गई है। बीकानेर की इस फैक्ट्री में रोजाना 800 टन का प्रोडक्शन होता है। इसमें से 150 टन से ज्यादा भुजिया का उत्पादन है। बाकी मिठाई, चिप्स, पापड़ और बैकरी के आइटम बनते हैं।

## पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में पीएलसी यूजिंग आर्डुइनो कार्यशाला का समापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

स्थानीय शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय विशेष तकनीकी कार्यशाला पीएलसी यूजिंग आर्डुइनो का समापन हुआ। अंतिम दिन प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक उद्योगों में उपयोग होने वाली ऑटोमेशन स्वचालन की प्रमुख तकनीकों, पीएलसी, स्काडा और आर्डुइनो का गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रमाण पत्र पाकर उत्साहित विद्यार्थियों ने इसे अपने करियर के लिए बेहद लाभकारी बताया। संस्था के प्राचार्य विपुल परमारथी ने हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग (व्यावहारिक प्रशिक्षण) के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को उद्योग जगत की नई चुनौतियों के लिए अधिक सक्षम बनाएगा। कार्यशाला का संचालन इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष गायत्री सिंह और मैकेनिकल विभागाध्यक्ष जोगेंद्र भारती के समन्वय में हुआ। इस अवसर पर अंकुर साहू, सचिन पाटीदार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सांवलिया सेठ को 32.87 करोड़ रुपए का चढ़ावा:छठे राउंड में 54 लाख की गिनती हुई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ चित्तौड़गढ़





चित्तौड़गढ़ (मेवाड़) के श्रीसांवलियाजी सेठ मंदिर में गुरुवार को छठे चरण में दानराशि के कुल 54 लाख 6 हजार 600 रुपए की गिनती हुई। 6 राउंड के बाद महीनेभर (18 मार्च से 16 अप्रैल) के चढ़ावे की राशि 32 करोड़ 87 लाख 11 हजार 600 रुपए पर पहुंच गई है।

वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को खोली गई भंडार दानपेटी की गिनती आज राजभोग आरती के बाद शुरू की गई, जो शाम तक लगातार चलती रही। प्रशासनिक अधिकारियों और मंदिर मंडल की निगरानी में प्रक्रिया पूरी की जा रही है। एडीएम और मंदिर मंडल की सीईओ प्रभा गौतम ने बताया- अब शेष राशि की गणना शुक्रवार को आखिरी और सातवें चरण में की जाएगी। मंदिर प्रशासन का कहना है कि नवंबर, 2025 में दिवाली के बाद खोले गए भंडार के दौरान 51 करोड़ 27 लाख 30 हजार 112 रुपए चढ़ावा आया था। यह अब तक का रिकॉर्ड चढ़ावा था, जो दो महीने का था।

# राहुल गांधी का पुतला फूंका, भाजपा महिला मोर्चा की आक्रोश रैली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा और युवा मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोधियों के खिलाफ गुरुवार देर शाम आक्रोश रैली निकाली। यह रैली छत्री चौक से गोपाल मंदिर तक निकाली गई, जिसके समापन पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देशभर में राजनीतिक चर्चाएं जारी हैं। इसी क्रम में उज्जैन में भी भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में एक बड़ी आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महिला मोर्चा के साथ भाजपा युवा मोर्चा और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

रैली छत्री चौक से शुरू होकर गोपाल मंदिर तक पहुंची। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाएं काली पट्टी बांधे हुए और हाथों में तख्तियां लिए विरोध दर्ज करा रही थीं।

गोपाल मंदिर परिसर में रैली के समापन के बाद राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर नगर महापौर मुकेश टटवाल सहित कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे। सभापति कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## कांजा और खेरखेड़ी केंद्रों पर बिना सर्वेयर तुल रहा अनाज, प्रबंधकों को नोटिस

**शाजापुर।** जिले के कांजा और खेरखेड़ी उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी में भारी मनमानी और अव्यवस्थाएं सामने आई हैं। जब प्रशासनिक अमले ने इन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, तो हैरान करने वाली लापरवाहियां उजागर हुईं। जिला आपूर्ति अधिकारी अंजु मरावी ने बताया कि मौके पर बिना किसी सर्वेयर की मौजूदगी के ही गेहूं खरीदा जा रहा था और संस्था स्तर पर खरीदी का कोई रिकॉर्ड तक मेंटेन नहीं किया गया था। वहीं केंद्रों पर बोरों की तुलाई भी सरकारी मानकों के अनुसार नहीं हो रही थी। तौले गए बोरों के टैग से सीरियल नंबर और किसान कोड नदारद मिले। इसके अलावा बोरों पर सिंगल सिलाई, खराब स्टेंसिल छपाई और बारदाना वितरण में भी भारी गड़बड़ियां पाई गईं।

## हाईवे चौड़ीकरण बना व्यापारियों के लिए जी का जंजाल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शहर की तरक्की और यातायात सुगमता के लिए शुरू किया गया हाईवे चौड़ीकरण का कार्य अब स्थानीय व्यापारियों के लिए एक बड़ी मुसीबत बन गया है। विकास की उम्मीदें अब धूल और गड्ढों में तब्दील हो गई हैं। विशेषकर धोबी चौराहा क्षेत्र के व्यापारी इस अव्यवस्थित निर्माण कार्य से भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ठेकेदार की लापरवाही और मनमानी के चलते पूरे क्षेत्र का व्यापार ठप होने की कगार पर पहुंच गया है। धोबी चौराहा क्षेत्र के आक्रोशित व्यापारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए बताया कि निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से करने के बजाय, ठेकेदार ने पूरे रोड को एक साथ खोदकर रख दिया है। इसके कारण ग्राहकों का दुकानों तक पहुंचना तो दूर, राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। सड़क पर हर तरफ बड़े-बड़े गड्ढे और धूल-मिट्टी का अंबार लगा हुआ है।

### काम बंद होने से बढ़ी परेशानी

कोढ़ में खाज वाली स्थिति तब बन गई जब ठेकेदार द्वारा अचानक निर्माण कार्य ही रोक दिया गया। पूरी सड़क को खुदी हुई और लावारिस हालत में छोड़ देने से व्यापारियों और आम जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है। व्यापारियों का कहना है कि खुदी हुई सड़क और उड़ती धूल के कारण उनका व्यापार पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है और उन्हें रोजाना भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

क्षेत्रीय व्यापारियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है। उनकी मांग है कि लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और रुके हुए चौड़ीकरण के काम को जल्द से जल्द व्यवस्थित तरीके से दोबारा शुरू करवाया जाए, ताकि आमजन और व्यापारियों को इस रोज-रोज की परेशानी से मुक्ति मिल सके।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फराज एहमद (बादशाह) पिता स्व. सईद एहमद, निवासी मालीपुरा, जावरा, जिला रतलाम (म.प्र.) वर्तमान पता अज्ञात ने किसी भी व्यक्ति से, किसी भी प्रकार का कोई भी सामान, बैचा, खरीदा हो, उधार लिया दिया हो, इत्यादि लेन-देन किया हो या कोई भी व्यवहार किया हो तो इसके लिए मैं और मेरा परिवार किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं हैं, यदि कोई भी व्यक्ति मुझसे या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से तत्संबंधी कोई भी विवाद या चर्चा करता है तो उसके लिये मैं अपने और अपने परिवार के बचाव हेतु कानूनी मदद लेने हेतु स्वतंत्र रहूंगा। तथा ऐसे किसी भी संव्यवहार के बाबद मै सूचनादाता या मेरे वारिसान कोई उत्तरदायी नहीं होंगे। ताकिद जाने । इति दिनांक 23-04-2026

**सूचनादाता**
**रागिब अली हाशमी**
**निवासी 19, मिजार्वाड़ी, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामीगण 1. श्री रूगनाथ पिता स्वर्गीय उमराव सिंह जी व 2. श्री मयाराम पिता स्वर्गीय उमराव सिंह जी. दोनों निवासी ग्राम चिंतामण जयासिया तहसील व जिला उज्जैन, 3. श्रीमती अन्तर बाई पति स्वर्गीय बाबूलाल जी. 4. श्री मोकम सिंह पिता स्वर्गीय बाबूलाल जी व 5. श्री लाखन सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय बाबूलाल जी. तीनों निवासीगण ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन, समस्त जाति राजपूत (जाति की श्रेणी-सामान्य वर्ग) (गैर आदिवासी) के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 34 रकबा 0.03 हेक्टर, स्थित ग्राम चितामण जवासिया तहसील व जिला उज्जैन में होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की हैं। इसी प्रकार, भूमि स्वामीगण 1. श्रीमती अन्तर बाई पति स्वर्गीय बाबूलाल जी. 2. श्री मोकम सिंह पिता स्वर्गीय बाबूलाल जी व 3. श्री लाखन सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय बाबूलाल जी. तीनों जाति-राजपूत (जाति की श्रेणी सामान्य वर्ग) (गैर आदिवासी), तीनों निवासीगण ग्राम चिंतामण जवौसिया तहसील व जिला उज्जैन के सयुक्त स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 35 रकबा 0.47 हेक्टर, स्थित ग्राम चिंतामण जवासिया तहसील व. जिला उज्जैन में होकर फोहोल्ड राईट्स की है। इस प्रकार कुल मिलाकर संयुक्त रकबा 0.50 हेक्टर भूमि को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय सस्था, बैंक, शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, त्ताकी उसका निराकरण करवाया जा सके। बाद मियाद किसी की कोई आपत्ति आदिः मेरे पक्षकार के हितों पर बधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेयख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा दिनांक-23.04.2026. उज्जैन,

**निखिल सोडानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं. जी-8. भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,**
**आर.टी.ओ आफिस के पीछे, देवास रोड, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर-9301376778**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री दिनेश भावसार पिता श्री हरिराम भावसार, निवासी-12/5 ए. इन्दिरा नगर, पानी की टंकी के पीछे, आगर रोड, उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्त्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भवन म्यु क्रमांक 12/5 अ/1, स्थित अशोक मण्डी मार्ग, इन्दिरा नगर के पास, आगर रोड, उज्जैन में शहरी सीमा के अन्दर होकर फ्रीहोल्ड राईट्स का है तथा जो आवासीय उपयोग का होकर तीन मंजिला अर्थात तल लगायत प्रथम व द्वितीय मंजिल आर.सी.सी. की छत का निर्मित हैं एवं जिसकी लम्बाई-पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व बतरफ दक्षिण दोनों और 12:36 मीटर तथा जिसकी चौड़ाई उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व बतरफ पश्चिम दोनों और 5.18 मीटर होकर जिसकी भूमि का कुल क्षेत्रफल 64.02 वर्गमीटर हैं एवं जिसके पूर्व दिशा में भवन श्री बड़गोती साहब का, पश्चिम दिशा में-रास्ता आम सड़क, उत्तर दिशा में-भवन भारती जी का व दक्षिण दिशा में भवन सावित्रीबाई का हैं. को निर्विवाद व रिक्त अवस्था में मय तल, जमीन व हवाई हक तथा मय फिक्सर्स, फिटिंग्स व नल/बिजली कनेक्शन डिपाजिट राशि सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आशिक धनराशि अदा कर दी हैं।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्थान, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी व्यक्ति आदि को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 5 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा ।

दिनांक-23.04.2026, उज्जैन

**निखिल सोड़ानी, एडव्होकेट**
**कार्यालय-दुकान नं डी-8. भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स,**
**आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड, उज्जैन**
**मोबाईल नम्बर-9301376778**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री मनीष भोला पिता श्री भजनलालजी भोला निवासी 17, बक्तावर मार्ग फ्रीगज उज्जैन के स्वामित्व का गृह कमांक 17 स्थित बक्तावर मार्ग माधवनगर फ्रीगंज उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन श्री मनीष भोला को अपने पिता श्री भजनलाल भोला पिता बरकतरामजी भोला द्वारा निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा पंजीयन उच्432022018 `3520177 दिनांक 23.07.2018 द्वारा श्री भजनलालजी भोला की मृत्यू उपरांत प्राप्त हुआ है तथा नगर निगम उज्जैन में श्री मनीष भोला का वसीयतनामे के आधार पर श्री भजनलाल भोला के स्थान पर नामांतरण स्वीकृत हुआ है। श्री भजनलाल भोला को उक्त संपत्ति अपने पिता श्री बरकतरामजी पंजाबी से प्राप्त हुई थी तथा श्री बरकतरामजी पंजाबी द्वारा उक्त भवन के आगे का भाग जर्ये विकय पत्र पंजीयन क्रमांक 2196 दिनांक 20.12.1961 को विक्रेता रामगोपाल पिता हरदेवदासजी साबू निवासी उज्जैन से कय किया गया था तथा पारिवारिक विभाजन में उक्त भवन श्री भजनलालजी भोला को प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार उक्त भवन के पीछे का भाग श्री भजनलालजी भोला द्वारा जर्ये पंजीकृत विकय पत्र पंजीयन कमांक 3304 दिनांक 20.11.1967 को श्री रामगोपाल पिता हरदेवजी साबू निवासी उज्जैन से कय किया गया था। श्री मनीष भोला पिता भजनलालजी भोला निवासी उज्जैन द्वारा अपनी उक्त संपत्ति को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा उज्जैन में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने के लिये आवेदन किया है। अतएव यदि उक्त संपत्ति में किसी व्यक्ति, संस्था, निजी ऋणदाता का किसी प्रकार से हित, स्वत्व, अधिकार हो या उक्त संपत्ति के संबंध में किसी न्यायालय में न्यायीक या पारिवारिक विवाद विचाराधिन हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में अथवा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा उज्जैन में आकर आपत्ति करें अन्यथा बैंक उक्त ऋण को स्वीकृत करने में अग्रसर होगा जिसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही होगी। दिनांक 23/04/2026

**अनिल कुमार एड्वोकेट**
**मो.न. 9424802824870281**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने प्रीति उपाध्याय पति श्री उज्जवल उपाध्याय निवासी- 02 संत बालिनाथ नगर उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एवं स्वत्व एवं आधिपत्य का भू-खण्ड क्रमांक बी-11/27 स्थित क्षिप्रा विहार विकास प्राधिकरण उज्जैन की योजना ₹क्षिप्रा विहार आवासीय₹ योजना उज्जैन में स्थित होकर लीज होल्ड का है। जिसका कुल क्षेत्रफल 44.25 वर्गमीटर है। उक्त भूखंड को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर उनसे अनुबंध-पत्र पर बयाना राशि दी है तथा उक्त भूमिस्वामी को शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है। अतः इस सुचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ हो या किसी भी बैंक, प्राइवेट संस्था विभाग तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स अन्य किसी का कोई हक्क, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझ, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सुचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नही रहेगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 23-04-2026

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय- पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामीगण 1. श्री प्रवीण चांदोरकर आत्मज श्री शरद चांदोरकर, 2. आरती चांदोरकर पत्नि श्री प्रवीण चांदोरकर, निवासीगण - 83/3 माधव क्लब रोड़ फ्रीगंज उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 114 ₹शिवाजी पार्क कॉलोनी₹ उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर है, उक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय करने का सौदा कर बायाना राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निदेर्शानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

इतिः दिनांक-23/04/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस- सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन**
**मो. नम्बर 98263 42244**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखंड/मकान क्रमांक 62 (पुराना न. 4/1573) स्थित गोपाल मंदिर मार्ग उज्जैन जिसकी चतुर्सिमा पूर्व की ओर मकान न. 63 दक्षिण की ओर गोपाल मंदिर मार्ग उत्तर की ओर कन्हैया लाल मनाना का मकान पश्चिम में त्रिपाठी जी का मकान जिसका कुल क्षेत्र फल 38.64 वर्ग मीटर हैं। उक्त भूखंड को चंद्रावती देवी ने रणछोड़ दास और पुरुषोत्तम दास दोनों पुत्र रामानंदजी निवासी उज्जैन से विक्रय विलेख क्रमांक 1680 दिनांक 20/06/1978 के माध्यम से क्रय किया है। उक्त भूखण्ड को चंद्रावती देवी ने वसीयत नामा ए 3/103दिनांक 19/08/1998 के माध्यम से अपने सुपुत्र अरविंद कनोजिया के नाम वसीयत कर दिया था। चंद्रावती देवी की मृत्यु के बाद उक्त भूखंड के मालिक अरविंद कनोजिया हुए। अरविंद कनोजिया ने उक्त भूखंड को अपने पुत्र श्रेष्ठ कनोजिया को दान विलेख एम पी 432022023ए 12263824 दिनांक 16/08/2023 के माध्यम से दान कर दिया है । उक्त संपत्ति की मूल रजिस्ट्री एवं वसीयतनामा की मूल प्रति उपलब्ध नहीं है तथा मेरी पक्षकार बैंक उक्त संपत्ति को बंधक रख ऋण प्रदान कर रही है ऐसी स्थिति में उक्त सम्पति पर किसी का कोई हित, अधिकार, स्वत्व, बकाया हो या कही बंधक ग्रस्त, अनुबंध ग्रस्त, दान ग्रस्त, प्रतिभूति ग्रस्त हो,कोई न्यायलयीन कार्यवाही प्रचलित हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद उक्त सम्पति को बैंक में बंधक रख ऋण प्रदान कर दिया जावेगा एव कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित ह इति दिनांक 23/04/2026

**आशीष उपाध्याय, एडवोकेट**
**61/11 आजाद नगर देवास रेड उज्जैन**
**मोबाइल 9425394093**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान म्यु नं 22/3 जो की मिल्कीपुरा, नजर अली मार्ग, गली 01. पथ कमांक 01, उज्जैन (म.प्र.) जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में वर्तमान में भवन अन्य का व भवन बतुल बी नसीम खां का, पश्चिम में वर्तमान में भवन जुबेदा खातुन बख्श कुरैशी तथा भवन व बाडा मजीदुल्लाह का, उत्तर में गली, दक्षिण में-भवन मोहम्मद हनीफ व भवन जुम्मा खां उपरोक्त वर्णित संपत्ति सय्यद कमर अली पिता सय्यद युसुफ अली ने रजिस्टर्ड विकय पत्र क्रमांक MP17IGR18842024A100088215 दिनांक 27/12/2024 के माध्यम से शेख अब्दुल अली पिता शेख करामत अली आदि से कय की है। उपरोक्त सम्पत्ति सय्यद कमर अली पिता सय्यद युसुफ अली द्वारा क्रय की जा रही है जिसके लिए बयाना राशि अदा कर दी गई है। सय्यद कमर अली पिता सय्यद युसुफ अली द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्त्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 23/04/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

## आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** थाना शहर कोतवाली मंदसौर पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा माफियाओं के विरुद्ध अभियान छेड़ रखा है। इसी कड़ी में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कालाखेत स्कूल ग्राउंड से भावेश (34) पिता सुजानमल ओस्तवाल निवासी कर्मचारी कॉलोनी मंदसौर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 80 हजार रुपये के सट्टे का हिसाब-किताब और एक डायरी बरामद की है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध धारा 4 क द्युत विधान के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि आईपीएल सीजन के दौरान कोतवाली पुलिस अब तक सट्टे के पांच अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर चुकी है। इससे पूर्व पुलिस ने शिव सिंह राजपूत, अजयराज सिंह राणावत, सोयब उर्फ सोहेल और सोहेल फुतल्ला जैसे आरोपियों को भी विभिन्न क्षेत्रों से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कीमती मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है।

## महाविद्यालय में शोध पत्रों का वाचन

**मन्दसौर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय दार्शनिक दिवस के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान एवं शोध पत्र प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. वीणा सिंह ने विवेक चूड़ामणि के माध्यम से आध्यात्मिक यात्रा पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने आदि शंकराचार्य के सिद्धांतों को रेखांकित करते हुए बताया कि विवेक ही वास्तविक ज्ञान की कुंजी है। वहीं द्वितीय सत्र में डॉ. गोविंद शर्मा ने सेमीकंडक्टर तकनीक के आधुनिक अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. दुबे ने शंकराचार्य जयंती की शुभकामनाएं देते हुए अद्वैत दर्शन के सार और च्षट् संपत्तिज के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मानसिक शांति और इंद्रिय नियंत्रण व्यक्ति के विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लखन जैन द्वारा किया गया।

## नगर में भारी वाहनों पर दोप. 12 से रात 9 बजे तक रहेगी रोक

**मंदसौर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने आदेश जारी करते हुए नगर के भीतरी मार्गों पर दोप. 12 से रात्रि 9 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है। यह प्रतिबंध महू-नीमच रोड़, गुराडिया बालाजी से सीतामऊ ओव्हर ब्रिज तिराहा (फाटक), 10 नंबर नाका से वीर सावरकर ब्रिज तक, एम.आई.टी. से रामटेकरी तक, एम.आई.टी. (सुशासन भवन मार्ग) से बीकानेर स्वीट्स तिराहा तक, जग्गाखेड़ी (संजीत रोड़) से श्रीकोल्ड तक लागू रहेगा। आदेश के मुताबिक एम्बुलेंस, दूध वाहन और चिकित्सा सेवा जैसे अनिवार्य वाहनों को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है। विशेष परिस्थितियों में केवल पुलिस अधीक्षक के माध्यम से ही वाहन प्रवेश की अनुमति मिल सकेगी। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यातायात नियमों और इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर,अधिकारियों सहित रात्रि चौपाल के लिए हुए रवाना

**नीमच ।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा आज ग्राम कोज्या में आयोजित रात्रि चौपाल के लिए जिलाधिकारियों के साथ यात्री बस में सवार होकर कलेक्ट्रेट, नीमच से कोज्या के लिए रवाना हुए।प्रारंभ में कलेक्टर श्री चंद्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर अधिकारियों के वाहन को कोज्या के लिए रवाना किया। कलेक्टर स्वयं भी बस में सवार होकर अधिकारियों के साथ यात्री बस से ही कोज्या के लिए रवाना हुए।इस अवसर पर जिला पंचायत सी.ई.ओ. श्री अमन वैष्णव, ए.डी.एम. बी.एस. कलेश, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन एवं अन्य जिला अधिकारी भी यात्री बस में सवार होकर रवाना हुए।

**दानापुर मंडल में ब्लॉक के कारण ट्रेनें प्रभावित**

**रतलाम।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर मंडल में नेऊरा-जट डुमरी जंक्शन के मध्य रेल लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्रस्तावित ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली दो ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

## सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर

# रेलवे एवं उज्जैन जिला प्रशासन ने किया संयुक्त निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा सिंहस्थ 2028 मेले की तैयारियों को लेकर व्यापक एवं सुनियोजित स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मेले के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन में राज्य सरकार एवं स्थानीय प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए रेलवे और जिला प्रशासन के बीच निरंतर समन्वय स्थापित किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अप्रैल को रेलवे एवं उज्जैन जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया।



रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रेलवे की ओर से इस निरीक्षण का नेतृत्व अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) अक्षय कुमार ने किया। इस दौरान रेलवे के विभिन्न विभागों के शाखाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस संयुक्त निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल चर्चगेट श्री अजॉय सदानी भी शामिल होकर सिंहस्थ २०२८ के अंतर्गत सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन से संबंधित कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पिंगलेश्वर, पावासा, नई खेड़ी, मोहनपुरा, विक्रमनगर एवं चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया। इन कार्यों में प्लेटफॉर्म विस्तार, कवर शेड निर्माण, फुट ओवर ब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया का विकास, एप्रोच मार्गों का सुदृढ़ीकरण तथा यात्री प्रतीक्षालय जैसी सुविधाओं का निर्माण शामिल है। इन सभी कार्यों का उद्देश्य सिंहस्थ मेले के दौरान यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इस संयुक्त निरीक्षण में संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित रेलवे एवं स्थानीय प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने जिला प्रशासन को सिंहस्थ मेले के दौरान प्रस्तावित ट्रेन संचालन, भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधाओं के विस्तार, प्रवेश एवं निकास मार्गों की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि रेलवे द्वारा निर्धारित समयसीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने हेतु तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। कई परियोजनाओं के टेंडर जारी कर कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं।

अधिकारियों ने सिंहस्थ 2028 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए समन्वित एवं प्रतिबद्ध प्रयासों पर बल दिया। रेलवे एवं जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से चरणबद्ध तरीके से सभी आवश्यक तैयारियों को आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे सिंहस्थ २०२८ का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी की एक करोड़ की संपत्ति फ्रीजिंग के आदेश, सफेमा एक्ट के तहत हुई कार्यवाही

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिला पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाते हुए मादक पदार्थ तस्करी के आरोपी उमराव सिंह चौहान और उसके परिजनों की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को फ्रीज करने में सफलता हासिल की है। यह कार्यवाही मध्य प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध दिए गए सख्त निर्देशों के पालन में की गई है। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन और एएसपी तेर सिंह बघेल के जिला स्तरीय पर्यवेक्षण में पिपलियामंडी पुलिस ने इस पूरी वैधानिक प्रक्रिया को अंजाम दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी उमराव सिंह, जो ग्राम तलाव पिपलिया का निवासी है, के विरुद्ध थाना पिपलियामंडी में एनडीपीएस एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपी द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी के माध्यम से अर्जित की गई अवैध संपत्ति का विवरण जुटाने के लिए पुलिस ने एक विस्तृत वंशावली तैयार की। तत्कालीन और वर्तमान पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विक्रम सिंह इवने की टीम ने आरोपी के परिवार और रिश्तेदारों की संपत्तियों की पूरी जानकारी एकत्रित की और सक्षम प्राधिकारी सफेमा/एनडीपीएसए न्यायालय मुंबई के समक्ष प्रस्तुत की।

मुंबई स्थित सफेमा न्यायालय ने पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और युक्ति-युक्त सुनवाई के बाद सफेमा (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम १९७६ के तहत अंतिम आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के तहत तस्कर उमराव सिंह, उसके परिवारजनों और रिश्तेदारों के नाम पर दर्ज करीब १ करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति को फ्रीज कर दिया गया है। इस जब्त की गई संपत्ति में आरोपी द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई कृषि भूमि, विभिन्न बैंक खातों में जमा नकद राशि और वाहन शामिल हैं। इस कार्यवाही में पिपलियामंडी थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह इवने, उपनिरीक्षक चंद्रशेखर बैरागी आदि की विशेष भूमिका रही है।

## पुलिस व सायबर सेल ने मोबाईल से क्रिकेट सट्टा लगाते 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के थाना प्रभारियों को सट्टा, जुआं एवं आईपीएल के दौरान लगने वाले क्रिकेट सट्टे पर सख्ती से अंकुष लगाने संबंधी निर्देष दिये गये। पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी थाना नीमचकैण्ट निरीक्षक सौरभ शर्मा एवं प्रभारी सायबर सेल प्रधान आरक्षक प्रदीप शिन्दे के नेतृत्व में गठित टीम को दिनांक 22 अप्रैल को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मोहम्मद सलीम निवासी मुलचंद मार्ग नीमच का अपने साथी फरीद अंसारी निवासी बघाना के साथ वेन्यु कार नम्बर एमपी 44 सी.बी 2129 में फोन पर अवैध सट्टा लिखकर लाभ कमा रहे है। जो मुखबिर सुचना पर कार्यवाही करते हुये क्रमांक 2 स्कुल ग्राउण्ड में दबिश देते आरोपी 1. मोहम्मद सलीम पिता अब्दुल मजीद निवासी बोहरा कब्रीस्तान के पास मुलचंद मार्ग नीमच व 2. फरीद पिता सिराजुद्धीन अंसारी निवासी जुलाह मोहल्ला बघाना को अपने मोबाईल पर राजस्थान रायल्स व लखनऊ सुपर ज्वाइंट्स के मध्य खेले जा रहे आईपीएल टी-20 मैच में सट्टा करना पाया गया। उक्त आरोपीगणों से पुछताछ करते बताया कि उनके द्वारा उनसे जप्त कार में घुम फिरकर लोगो को क्रिकेट मैच में भाव बताकर सट्टा लिखा जाता है व सट्टा अपने अन्य फरार साथियों को उतार अवैध लाभ कमाया जाता है।



## किसानों के अधिकारों के लिए युवा कांग्रेस का सत्याग्रह जारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

जिला युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित च्किसान न्याय सत्याग्रहज नौवें दिन भी जोश के साथ जारी रहा। जिला अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ता किसानों की विभिन्न समस्याओं, जैसे फसलों के उचित दाम और एमएसपी की कानूनी गारंटी को लेकर धरना दे रहे हैं।

श्री पटेल ने केंद्र सरकार पर किसान विरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों के कारण भारतीय किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। इस आंदोलन में प्रदेश और जिला स्तर के कई वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं, जिनका संकल्प है कि जब तक किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य और मुआवजे की सुविधा नहीं मिल जाती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

सत्याग्रह में विधायक विपिन जैन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारती, प्रदेश कांग्रेस सचिव सोमिल नाहटा, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष यश घनघोरिया, प्रदेश प्रभारी शिवसिंह चौहान, राष्ट्रीय सचिव व सह-प्रभारी दीपाली ससाने, संभाग प्रभारी युकां जावेद पटेल, जिला प्रभारी युकां पायल जैन और जिला सह-प्रभारी युकां जीतू पाटीदार, हनीफ शेख, सुनील बसेर, राजेंद्र सेठिया, जगदीश कोठारी, अनिल शर्मा, मजहर खान, दीपक गुर्जर, आदित्य पाटिल, अनिता भदौरिया, इष्टा भाचावत, मुकेश धाकड़, विकास दशोरा, सत्यनारायण पाटीदार, अजय लोढ़ा, शंकरलाल आंजना, निर्विकार रातडिया, सम्यक जैन, आदर्श जोशी सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सनातनियों के अगर जी के मंदिर स्थित चौमुखा महादेव पर होगा नित्य अभिषेक

### सतीश पुरोहित एवं परिवार ने अभिषेक कर लिया आशीर्वाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा प्रकल्पित श्री चौमुखा महादेव नित्य अभिषेक योजना के अंतर्गत आद्य जगतगुरु श्री शंकराचार्य जी की जन्म जयंती के अवसर भी कल सांय अगर जी के मंदिर में स्थित श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक किया गया।

दैनिक अभिषेक योजना के संयोजक जुगल पंड्या के द्वारा प्रेरित करने पर नगर के प्रसिद्ध अभिभाषक एवं वरिष्ठ कांग्रेस ,नेता नगर निगम के पूर्व उपमहापौर तथा सभापति सतीश पुरोहित के संपूर्ण परिवार द्वारा श्री चौमुखा महादेव का विधि विधान एवं भक्ति भाव से अभिषेक किया गया।

सपरिवार कराए गए इस अभिषेक में स्वयं सतीश पुरोहित उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बीना ,सुपुत्र तरुण पुरोहित पुत्रवधू श्रीमती निहारिका तथा पौत्र लक्षीव व पार्णिका ने धर्म लाभ लिया। पंडित श्री त्रिभुवनेश पंड्या द्वारा यजमान परिवार को संकल्प करते हुए अभिषेक संपन्न कराया ।पश्चात आरती हुई ।इस अवसर पर सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी ,सदस्य जनक नागल,अविनाश व्यास, शैलेन्द्र सिंह शक्तावत, रवि रानीवाल ,व्यवस्थापक अंकित मिश्रा सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

## पुलिस ने 52 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा पकडा

**नीमच।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्व प्रदेश व्यापी नशाविरोधी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमच श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं एसडीओपी जावद रोहीत राठौर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जावद एवं पुलिस चोकी सरवानिया महाराज द्वारा जोधपुर राजस्थान के तस्कर मदनलाल विश्नोई से ५२ किलो ५०० ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा के तस्करी करते जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा माल उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को भी आरोपी बनाया । घटना का संक्षिप्त विवरण 21 अप्रैल को पुलिस चौकी सरवानिया महाराज थाना जावद पर प्राप्त मुखबीर सूचना की तस्दीक के दौरान घटना स्थल ग्राम मोरवन लासुर रोड़ धामनिय फंटा पर से मदनलाल पिता गोवर्धनराम जाति विश्नोई निवासी हमीरनगर फींच पुलिस थाना लूणी जिला जोधपुर राजस्थान के कब्जे वाली इग्निस कार से मिले तीन काले रंग के प्लास्टिक के कट्टो में भरे कुल 52 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा परिवहन करते हुए जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

## पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर भाजपा नेता ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत करवाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलियामंडी

रतलाम रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले पिपलिया रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही मांग अब और तेज हो गई है। इसी सिलसिले में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य संदीपसिंह राठौड ने नई दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग रखी।

राठौड ने मंत्री को बताया कि पिपलिया नगर के साथ-साथ रामपुरा, मनासा एवं आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों नागरिक वर्षों से प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। रेलवे स्टेशन पर सीमित ट्रेनों के ठहराव के कारण यात्रियों को अन्य बड़े स्टेशनों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय, खर्च और असुविधा झेलनी पड़ती है। उन्होंने विशेष रूप से 19333/23 इंदौर-बीकानेर एक्सप्रेस एवं 04735/36 श्रीगंगानगर-इंदौर एक्सप्रेस के पिपलिया स्टेशन पर ठहराव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन ट्रेनों के रुकने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को खाटूश्याम और सालासर धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों तक सीधी एवं सुविधाजनक रेल सेवा मिल सकेगी।



वर्तमान में सीधी कनेक्टिविटी के अभाव में यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। राठौड़ ने यह भी उल्लेख किया कि पिपलिया क्षेत्र कृषि एवं व्यापार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां से बड़ी संख्या में व्यापारी एवं किसान विभिन्न शहरों की यात्रा करते हैं। यदि प्रमुख ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित किया जाता है, तो इससे व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए भी यह सुविधा अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिन्हें उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बड़े शहरों में आना-जाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने रेलवे स्टेशन पर कोच पोजीशन डिस्प्ले सिस्टम स्थापित करने की मांग भी रखी। वर्तमान में इस सुविधा के अभाव में यात्रियों को अपने कोच की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जिससे प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ और अफरा-तफरी की स्थिति बनती है। कोच पोजीशन सिस्टम लागू होने से यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ने में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। मंत्री सिंधिया से मुलाकात के दौरान राठौड ने जनभावनाओं का हवाला देते हुए आग्रह किया कि पिपलिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और आवश्यक सुविधाओं की शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इस मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे क्षेत्र की जनता को बड़ी राहत मिलेगी। क्षेत्रीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि लंबे समय से लंबित यह मांग अब पूरी होगी।

## न्यूज कालम



## प्रशासन की तत्परता से अरणिया मीणा में रुका बाल विवाह, दी समझाइश

**मंदसौर।** ग्राम अरणिया मीणा में जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग की टीम ने सक्रियता दिखाते हुए एक बाल विवाह को रुकवा दिया। विभाग को सूचना मिली थी कि गांव में एक बालक का विवाह कम उम्र में किया जा रहा है। जांच करने पर पाया गया कि बालक की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने में कुछ दिन शेष थे, जो कि कानूनी रूप से विवाह के लिए अपर्याप्त है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर बालक के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी और बताया कि यह एक दंडनीय अपराध है जिसमें दो वर्ष तक के कारावास और भारी जुमार्ने का प्रावधान है। कार्रवाई के बाद बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अस्थायी रूप से ऑब्जर्वेशन होम में रखा गया है। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे इस सामाजिक कुरीति को रोकने में प्रशासन का सहयोग करें।

## कबीर इंटरनेशनल स्कूल में क्रिकेट महोत्सव का भव्य समापन



**पिपलिया मंडी।** कबीर इंटरनेशनल स्कूल में पिछले एक सप्ताह से चल रहा इंटर-हाउस क्रिकेट टूनार्मेंट आज अपने रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस टूनार्मेंट में चार हाउसेस शक्ति, निश्चय, विश्वास और सिद्धांत ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। टूनार्मेंट की शुरूआत एक हफ्ते पहले हुई थी और हर दिन छात्रों का जोश देखने लायक था। आज के फाइनल मैच में पूरे स्कूल का माहौल बेहद उत्साहपूर्ण और आनंदमय रहा। दर्शकों की तालियों और खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए शक्ति हाउस ने जीत हासिल कर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं निश्चय हाउस ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए रनर-अप का स्थान प्राप्त किया।

## संकल्प के मुताबिक सरपंच ने कन्यादान में सिलाई मशीन की भेंट



**पिपलिया मंडी।** ग्राम पंचायतनिनोरा सरपंच श्रीमती पूजा कंवर शिवपाल सिंह शक्तावत द्वारा पूर्व में लिए गए संकल्प के मुताबिक 23 अप्रैल को गांव निनोमें में पूर्व सरपंच श्री रामकिशन पटीदार की पौत्री के विवाह समारोह में सरपंच श्रीमती पूजा कुंवर के द्वारा अपने प्रतिनिधि पुत्र युवराजसिंह शक्तावत के कर कमलो द्वारा नवविवाहिता को को सिलाई मशीन भट की।

## संत उपाध्याय डॉ. गौतममुनिजी 26 को विहार धाम का भूमिपूजन करेंगे

**मन्दसौर।** जैन समाज के प्रसिद्ध संत उपाध्याय डॉ. गौतममुनिजी म.सा. और सेवाभावी संत वैभवमुनिजी म.सा. का लगभग 10 वर्षों के अंतराल के बाद मंदसौर आगमन हो रहा है। आगामी 26 अप्रैल को संतों के स्वागत के लिए नगर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मंदसौर श्रमण श्रीसंघ ने मल्हारगढ़ पहुंचकर संतों को नगर पधारने की विनती की थी, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार प्रातः गुराड़िया देदा चौराहे पर संतों का आगमन होगा, जहाँ वे प्रवचन और दिवाकर चालीसा का पाठ करेंगे। इसी पावन निश्रा में नाहर परिवार द्वारा नवनिर्मित विहार धाम का भूमिपूजन संपन्न होगा।

## बदमाशों ने सो रहे युवक पर ब्लेड से जानलेवा हमला किया

**मंदसौर।** स्थानीय गांधी चौराहे के पास मांगलिक भवन की पट्टी पर सो रहे एक युवक पर बुधवार की रात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के अनुसार, बालागंज निवासी राजेंद्र पिता रतन सिंह, जो मजदूरी का कार्य करता हैं, रात के समय घर न जाकर वहीं सो गया। देर रात करीब १.३० बजे अज्ञात बदमाशों ने उनकी जेब में हाथ डालने की कोशिश की। जब राजेंद्र की नींद खुली और उन्होंने इस चोरी का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर ब्लेड जैसे किसी धारदार हथियार से हमला कर दिया।इस हमले में राजेंद्र के गले और गाल पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। मामले की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह भास्कर अस्पताल पहुंचे और पीड़ित से घटना की विस्तृत जानकारी ली। पीड़ित राजेंद्र के अनुसार, हमलावरों में एक युवक शामिल था जिसे वह भाला नाम से जानता है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ धारा ३०७ के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## अवैध उत्खनन मामले में दो पोकलेन, दो जेसीबी और सात ट्रैक्टर जब्त

**मन्दसौर।** जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम कसने के लिए खनिज विभाग ने कार्यवाही की है। खनिज विभाग प्रभारी अधिकारी भावना सेंगर ने बताया कि हाल ही में की गई छापेमारी के दौरान अवैध कार्यों में लिप्त 2 पोकलेन, 2 जेसीबी और 7 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। इन वाहनों पर मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान दो खदान पट्टों पर स्वीकृत क्षेत्र से बाहर जाकर खनन किए जाने की पुष्टि भी हुई है, जिसके बाद संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध अवैध उत्खनन के प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।



## सर्व ब्राह्मण समाज ने श्री परशुरामजी का चल समारोह हर्षोल्लास से निकाला

**खाचरौद।** नगर में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा श्री पशुरामजी का चल समारोह श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर से भव्यता के साथ निकला गया। संपूर्ण समाज के महिला वर्ग, पुरुष वर्ग पूरे परिवार सहित जय परशुराम के जयघोष के साथ बैंडबाजे, घुड़सवार ध्वज के साथ निकले। महिला एवं पुरुष वर्ग द्वारा चल समारोह में वेशभूषा से अलंकृत होकर निकले। चलसमारोह लक्ष्मीनाथ मंदिर से चबूतरा चौराहा, जवाहरमार्ग, अनंतनारायण चौराहा, गणेशदेवली, मुखियागली मार्ग, उज्जैन दरवाजा होती हुई सुहरिया बाग पहुंची। समाजजन द्वारा श्री परशुरामजी की महाआरती की गई। समाज के वरिष्ठों का स्वागत सम्मान समाज अध्यक्ष विक्रम शर्मा, युवा अध्यक्ष मनीष शर्मा, महिला अध्यक्ष श्रीमति यामिनी जोशी, परशुराम वाहिनी अध्यक्ष अक्षत शर्मा एवं समस्त पदाधिकारियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात महाप्रसादी समाजजन ग्रहण की गई। इस अवसर पर समस्त समाजजन उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मीटर को लेकर विरोध, कार्यपालन ने दिया आश्वासन



**सुसनेर।** स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में नगर व आसपास क्षेत्र के बिजली उपभोक्ता एमपीईबी कार्यालय पहुंचे। उपभोक्ताओं ने बिलों में अनियमितता की आशंका जताते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई। पार्षद मीना पवन शर्मा के नेतृत्व में नागरिकों ने अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ बमोरी ने उपभोक्ताओं को समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही विभाग द्वारा जनहित में निर्णय लेने की बात कही गई। इस अवसर पर पवन शर्मा, पार्षद इब्बादुल्ला खान, विष्णु पाटीदार, कमल गर्ग, राकेश कानुडीया, युगल किशोर परमार, दीपक राठौर आदि उपस्थित रहे।

## अभियान के अंतर्गत शिविर में सहकारी बैंकिंग ऋण और खाद बीज की सुविधा की जानकारी दी



**इंगोरिया।** जिला सहकारी बैंक शाखा इंगोरिया द्वारा सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में सदस्यता महाअभियान अंतर्गत किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर का लाभ पहुंचाने हेतू शिविर आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक महेशचन्द्र शर्मा ने बताया की शाखा की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में सदस्यता अभियान की जानकारी किसानों को दी गई । शून्य प्रतिशत ब्याज दर के तहत नवीन सदस्य भी बनाये जा रहे हैं शिविर में बताया गया कि अभियान 15 मई तक चलेगा । पैक्स सदस्यता महाअभियान का उद्देश्य ग्रामीण भूमिहीन मजदूर एवं किसानों को ऑनलाइन व ऑफलाईन प्रकिया के जरिये सदस्य बना कर सहकारी बैंकिंग ऋण बीज और खाद की सुविधा पहुंचाने की है। पर्यवेक्षक चन्द्रदेव चौधरी संस्था प्रबंधक जयप्रकाश गुप्ता, राम सिंह सोलंकी, महेश जोशी, संदीप त्रिवेदी, योगिता नाग, प्रताप सिंह सोलंकी, आदि ने किसानों से सदस्यता अभियान का लाभ लेकर सदस्य बनने का अनुरोध किया। चित्र।

## गोस्वामी समाज ने मनाई शंकराचार्य जयंती



**बड़नगर।** दशनाम गोस्वामी समाज मंडल बड़नगर ने भगवान आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती बुधवार को भगवती माता मंदिर पर धूमधाम से मनाई। यह शंकराचार्य जयंती का शताब्दी वर्ष होने पर समरसता महा आरती का आयोजन रखा गया। इसमें मंडल के सभी गांवो के समाज बंधुओ को आमंत्रित किया गया था। अध्यक्ष देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि श्री शंकराचार्य ने 8 वर्ष की उम्र से भारत के कोने कोने में जाकर सनातन धर्म का प्रचार शुरू कर उनका पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में बीता दिया। आज हम सभी भी शंकराचार्य के बताएं मार्ग पर चलकर सनातन धर्म की रक्षा करना है। इस अवसर पर समाज के महंत जितेंद्र भारती, पवन भारती, किशोर गिरी, भेरु गिरी, कैलाश गिरी, गणेश गिरी, आशुतोष भारती आदि समाज बंधु उपस्थित थे।

## कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रारंभ कैचमेंट क्षेत्र के विद्यार्थी 28 तक कर सकते आवेदन जमा

**तराना।** तराना नगर के सांदीपनि विद्यालय में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 16 अप्रैल से शुरू हो गई है जो 28 अप्रैल तक चलेगी। विद्यालय के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान ने बताया कि 15 अप्रैल को कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है जिसमें उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी ऑनलाइन प्राप्त मार्कशीट की फोटोकॉपी, आधार कार्ड की कॉपी एवं समग्र आईडी की कॉपी विद्यालय में जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन फार्म में लिखे दस्तावेज के साथ 28 अप्रैल तक संस्था में जमा कर सकते हैं। संस्था में प्रतिदिन आवेदन के लिए 12 बजे से 4 बजे तक के बीच का समय निर्धारित किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी आदेश के अनुसार कैचमेंट क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थी 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय में निर्धारित रिक्त स्थानों से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर विद्यार्थी के निवास स्थान की विद्यालय से दूरी के मान से प्रवेश दिया जाएगा। अर्थात सबसे नजदीक निवास करने वाले विद्यार्थी को पहले प्रवेश मिलेगा तथा रिक्त स्थान बचने पर क्रमशः दूरी के बढ़ते क्रम में प्रवेश दिया जाएगा।

# महिदपुर में दूषित जल संकट ने पकड़ा तूल जनप्रतिनिधि बनाम प्रशासन आमने-सामने

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर





ट्रिपल इंजन की सरकार होने के बावजूद नगर में नगर पालिका द्वारा घर-घर सप्लाई किया जा रहा पेयजल अत्यंत दूषित और चिंताजनक स्थिति में पहुंच चुका है। हालात इतने गंभीर हैं कि इस पानी को पीना तो दूर, हाथ धोने मात्र से भी लोगों में स्किन एलर्जी और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही और नागरिकों ने मजबूरी में इस जल का सेवन किया, तो महिदपुर के हालात भागीरथपुरा जैसे हो जाएं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा।

नगर में गंदे पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। शुरूआत में यह मुद्दा केवल सोशल मीडिया तक सीमित था, लेकिन अब यह जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है। मंगलवार को स्थिति तब और गंभीर हो गई, जब आमजन ने विधायक बॉस से शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद विधायक स्वयं दूषित पानी को बोतल में भरकर सीएमओ के पास पहुंचे और उन्हें चुनौती दी कि वे इस पानी को पीकर दिखाएं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता को ऐसा पानी पिलाना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है और इस समस्या का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाए, अन्यथा हालात विस्फोटक हो सकते हैं।

वहीं वार्ड 16 के पार्षद सुदीप चोपड़ा भी दूषित जल का सैंपल लेकर सीएमओ और इंजीनियर के समक्ष पहुंचे। उन्होंने जब नगर में फैल रही गंभीर जल समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए चेताया कि महिदपुर को भागीरथपुरा बनने में देर नहीं लगेगी, तो प्रशासन की ओर से चौंकाने वाला जवाब मिला कि पानी पूरी तरह स्वच्छ है। यहां तक कहा गया कि यदि और स्वच्छ पानी चाहिए, तो जनता को जागरूक करें। इस पर पार्षद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाकर भेजा है, और यदि प्रशासन उनकी ही बात को नकार देगा, तो यह जनभावनाओं का अपमान है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

दूषित जल के इस गंभीर मुद्दे पर अब शहर दो गुटों में बंटता नजर आ रहा है। एक ओर जहां जनप्रतिनिधियों का एक वर्ग और आमजन इस समस्या को लेकर मुखर हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासन के साथ कुछ जनप्रतिनिधि खड़े दिखाई दे रहे हैं, जिससे विवाद और गहराता जा रहा है।

अखंड हिंदू सेना ने कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो महिदपुर बंद का आह्वान किया जाएगा। संगठन ने साफ कहा कि जब तक कलेक्टर स्वयं आकर इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं करेंगे, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। गंदे पानी की सियासत इसी बयान के बाद और ज्यादा गरमा गई है।

वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं तराना विधायक महेश परमार ने भी इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि महिदपुर में दूषित जल आपूर्ति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए चेताया कि यदि समय रहते जल शुद्धिकरण व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो महिदपुर भी भागीरथपुरा जैसी भयावह स्थिति का सामना कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

इसी बीच नगर पालिका परिषद महिदपुर द्वारा सूचना जारी की गई है कि फिल्टर प्लांट स्थित सम्पवेल के मेंटेनेंस कार्य के चलते दिनांक 23 अप्रैल 2026, गुरुवार को नगर में जलप्रदाय नहीं किया जाएगा। इस सूचना से पहले से परेशान नागरिकों की चिंता और बढ़ गई है।

वहीं दूसरी ओर, मामले की गंभीरता को देखते हुए उज्जैन से पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की टीम ने वार्ड क्रमांक 2 सहित नगर के अन्य वार्डों में पहुंचकर पानी के सैंपल लिए। साथ ही फिल्टर प्लांट पर भी सैंपलिंग का कार्य किया गया, जिसकी रिपोर्ट का अब सभी को इंतजार है। नगर में व्याप्त यह जल संकट अब जनस्वास्थ्य, प्रशासनिक जवाबदेही और राजनीतिक टकराव का बड़ा मुद्दा बन चुका है, जिस पर शीघ्र ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है।

देवास में एसपी कार्यालय पहुंचे छात्र

## करियर और मेहनत पर मिला मार्गदर्शन पुलिस अधीक्षक भी रहे एक्सीलेंस के छात्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



देवास में बुधवार को उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राएं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां एसपी पुनीत गेहलोद ने उनसे विस्तृत संवाद किया। स्वयं इसी विद्यालय के पूर्व छात्र रहे एसपी ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर दिशा दी।

एसपी गेहलोद ने छात्रों से कहा कि वे अपने जीवन का लक्ष्य तय करें और उसे पाने के लिए लगातार मेहनत करते रहें। उन्होंने बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए धैर्य और अनुशासन जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए अभी से तैयारी शुरू करने की सलाह दी।

**विनम्रता बनाए रखने की सीख**

उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि सफलता मिलने पर अहंकार नहीं करना चाहिए। हमेशा जमीन से जुड़े रहकर सीखते रहना ही आगे बढ़ने का सही रास्ता है। उन्होंने कहा कि अभी मिली उपलब्धियां सिर्फ शुरूआत हैं, आगे और बड़ी चुनौतियां आएंगी, जिनके लिए खुद को तैयार रखना जरूरी है।

**कम संसाधनों में बेहतर प्रदर्शन की सराहना**

संवाद के दौरान एसपी ने विद्यालय के हालिया परीक्षा परिणामों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों में पढ़ाई कर बेहतर परिणाम हासिल करना छात्रों की मेहनत को दशार्ता है। कक्षा 10वीं में जिले के टॉप-10 में से 5 और कक्षा 12वीं में 3 विद्यार्थी इसी विद्यालय के रहे हैं, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक है।

**प्रतियोगी परीक्षाओं की दी जानकारी**

एसपी ने विद्यार्थियों को सीए, एमबीबीएस, आईआईटी और यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पढ़ाई के सही तरीके, समय प्रबंधन और लगातार अभ्यास पर जोर दिया। इस दौरान छात्रों ने भी अपने सवाल रखे, जिनका उन्होंने विस्तार से जवाब दिया।

**पुलिस कार्यप्रणाली से कराया अवगत**

कार्यक्रम के अंत में छात्रों को पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया गया। यहां उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली, आपातकालीन सेवाओं और तकनीकी व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई, जिससे छात्रों को पुलिस विभाग की कार्यशैली को समझने का अवसर मिला।



देवास में बी-फार्मा छात्र पर चाकू से हमला

## दोस्त के बहाने बुलाकर किया वार, हालत गंभीर, इंदौर रेफर

**देवास।** बालाजी नगर क्षेत्र में मंगलवार रात एक बी-फार्मा छात्र पर चाकू से हमला कर दिया गया। घटना मंगलवार रात करीब 11:30 बजे की है, जिसमें छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र की पहचान रेहान शेख के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, उसे उसका एक दोस्त इलाज के बहाने घर से बुलाकर बालाजी नगर ले गया था, जहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया।

**पहले मारपीट, फिर चाकू से कई वार**

बताया जा रहा है कि हमलावरों ने पहले रेहान के साथ मारपीट की, इसके बाद उस पर चाकू से हमला किया। परिजनों के मुताबिक, उस पर 6 से 7 बार चाकू से वार किए गए। घटना के बाद रेहान को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। रेहान एक निजी कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है और आगामी शनिवार को उसकी परीक्षा भी निर्धारित है।

**हमले का कारण स्पष्ट नहीं**

घायल के अंकल रईस शेख ने बताया कि रेहान को उसका एक साथी बुलाकर ले गया था, जहां पहले से मौजूद लोगों ने उस पर हमला कर दिया। फिलहाल हमले की वजह सामने नहीं आई है। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। जांच में सामने आया कि घटना स्थल औद्योगिक क्षेत्र में आता है, इसलिए संबंधित थाना पुलिस को सूचित कर दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

## हज यात्रा पर जाने वालों का किया स्वागत सम्मान

**तनोडिया।** मक्का मदीना हज यात्रा के लिए पिपलोनकलां से जाने वाले तीन हजयात्रियों का स्वागत सम्मान जमात खाना पर क्षेत्रवासियों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर किया गया। जहा हज यात्रा पर जाने वाले हाजी रईस बब्बा मुल्तानी,हाजी मोहतरम मोहम्मद मुल्तानी,हाजी गुलाम उसैन मुल्तानी ठेकेदार सहित हजयात्री व परिवारजन मौजूद रहे। जमात खाना पिपलोन पर स्वागत करने वालो का चल रहा सिलसिला चलता रहा। तनोडिया से सत्तारभाई बेलीम,सलीम मुल्तानी, शाहिद मुल्तानी, इरफान बेलीम, उस्मान मुल्तानी,सादीक मुल्तानी सहित कई गणमान्य नागरिकों ने पिपलोनकलां पहुँच कर स्वागत किया।

# कागज के टुकड़ों को असली नोट बता-कर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**2 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में धोखाधड़ी संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा सिटी पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने एक संगठित ठग गिरोह का पदार्फाश किया है, जो कागज के टुकड़ों को असली नोट बताकर लोगों से बड़ी रकम की ठगी कर रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सीधे-साधे लोगों को झांसे में लेकर उन्हें कागज से असली नोट बनाने का झूठा डेमो दिखाते थे। केमिकल एवं पानी के माध्यम से नोट बनाने का भ्रम पैदा कर विश्वास अर्जित करते, फिर बड़ी रकम लेकर नकली गड्डियां थमा देते थे, जिनमें ऊपर-नीचे असली नोट और बीच में कागज के टुकड़े होते थे। पुलिस ने अप.क्र. 261/26, धारा 318(4) बीएनएस का पंजीकृत जहां शुरू की। फरियादी पंकज प्रजापति निवासी गुना एवं उनके साथियों से आरोपियों द्वारा 5 लाख रुपये लेकर लगभग 40 लाख रुपये बताकर नकली नोटों की गड्डियां दी जिनमें अधिकांश कागज के टुकड़े भरे हुए थे। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की। घटना स्थल गुना-ब्यावरा हाईवे पर स्थित कसोर जोड़ के पास एवं टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ब्लैक स्कोडा एमपी 04 व्हायएफ 6943 वाहन चिन्हित किया। कंट्रोल रूम राजगढ़ से भोपाल को सूचना दी गई, जिसके बाद थाना निशातपुरा भोपाल पुलिस के सहयोग से वाहन सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया। तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन एवं कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) के आधार पर आरोपियों की पुष्टि की गई। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद हनीफ पिता मोहम्मद मजीद 49 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल, मनोज पिता कमल सिंह नायक 28 वर्ष निवासी विदिशा को गिरफ्तार किया वही आरोपी बख्तार पिता मुख्तार खान निवासी शिवनगर करोंद भोपाल फरार है जिसकी तलाश जारी है गिरफ्तार आरोपियों के पास से ब्लैक स्कोडा कार कीमत लगभग 15 लाख रु, 500 के नोट की 8 गड्डियां 4 लाख रु, 100 के नोट की 14 गड्डियां ऊपर-नीचे असली नोट, बीच में कागजको जप्त किया। आरोपी मोहम्मद हनीफ ने स्वीकार किया कि वह लोगों को भ्रमित करने के लिए झूठी कहानी बनाता था उसके रिश्तेदार देवास प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत हैं। केमिकल व पानी से नकली डेमो दिखाकर विश्वास में लेकर ठगी की जाती थी।

## किसान कांग्रेस संगठन को मिली नई मजबूती, महिदपुर विधानसभा में तीन ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जीतू पटवारी (प्रदेश अध्यक्ष, म.प्र. कांग्रेस कमेटी) एवं धर्मेंद्रसिंह चौहान (प्रदेश अध्यक्ष, किसान कांग्रेस) के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार एवं क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस की अनुशंसा पर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष अशोक जाट द्वारा महिदपुर विधानसभा में किसान कांग्रेस के तीनों ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति के तहत महिदपुर ब्लॉक से श्री ईश्वर शर्मा, महिदपुर रोड ब्लॉक से श्री भूपेंद्रसिंह जी तथा झारड़ा ब्लॉक से श्री सोहनसिंह जी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों से क्षेत्र में किसान कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कांग्रेस कार्यकताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि वे किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

## जादमे बने अजाक्स जिला अध्यक्ष



**सुसनेर।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने आगर मालवा जिले के लिए नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की है। जारी आदेश के अनुसार संतोष जादमे (शिक्षक), शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुसनेर को अजाक्स का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद जिले में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री जादमे के नेतृत्व में अजाक्स संगठन को मजबूती मिलेगी और कर्मचारियों के हितों की प्रभावी रूप से रक्षा हो सकेगी। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष संतोष जादमे ने कहा कि वे संगठन की नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और सभी सदस्यों को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे।

## युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष का स्वागत, संगठन मजबूती का लिया संकल्प



**बड़नगर।** युवा कांग्रेस द्वारा बुधवार को युवा कांग्रेस प्रभारी शिव चौहान, प्रदेश अध्यक्ष यश गंधोरिया एवं जिला अध्यक्ष अर्पित यादव का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं सहित युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व बड़नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष देवेश पटेल एवं ब्लॉक अध्यक्ष शुभम पटवा ने किया। स्वागत के दौरान कार्यकताओं ने ह्लजय कांग्रेसह्व के गगनभेदी नारे लगाते हुए पूरे क्षेत्र में जोश और उत्साह का माहौल बना दिया। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने पार्टी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर पर देवेश पटेल ने सभी वरिष्ठ नेताओं का स्वागत करते हुए उन्हें खरसोद कला आगमन के लिए आमंत्रित किया और कहा कि युवा कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता लगातार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और आने वाले समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया और पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।

## लुटेरी दुल्हन का किया पर्दाफाश 1 आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के निर्देशन में थाना ब्यावरा सिटी पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए लुटेरी दुल्हन का पदार्फाश किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी रामगोपाल पिता हजारीलाल वर्मा निवासी ग्राम बाकपुरा तहसील ब्यावरा जिला राजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई की अंजनीलाल मंदिर धाम से आरोपिया शादी का झांसा देकर जेवरात एवं नकदी लेकर फरार हो गई। आरोपिया सीधे-साधे व कुंवारे युवकों को निशाना बनाती थी। शादी का झांसा देकर उनसे जेवरात एवं नकदी प्राप्त करके शादी के अगले ही दिन फरार हो जाती थी। पुलिस से बचने के लिए वह अपना नाम एवं मोबाइल सिम बदल लेती थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं पारंपरिक पुलिसिंग का सहारा लिया गया। घटना स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का विश्लेषण, संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की निगरानी, मोबाइल लोकेशन एवं कॉल डिटेल रिकॉर्ड का परीक्षण तथा विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश देकर लगभग 1 वर्ष से फरार आरोपिया को भोपाल के करोंद क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपिया ने स्वीकार किया है कि वह पूर्व में भी तीन शादियां कर चुकी है और प्रत्येक बार शादी के अगले दिन फरार हो जाती थी। उक्त प्रकरण में पुलिस ने अप.क्र. 454/25 धारा 318(4), 351(3), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर आरोपिया दिव्या भावनानी पति हरीश भावनानी 30 वर्ष निवासी नारियल खेड़ा, भोपाल को गिरफ्तार किया।

# नकली मूंछ पर अक्षय कुमार ने मांगी माफी...

## बोले- फिल्म 'पृथ्वीराज' में वैसी मूंछें उगना मुमकिन नहीं था फैंस को बुरा लगा तो सॉरी



### अक्षय के आने वाले बड़े प्रोजेक्ट्स

अक्षय के पाइपलाइन में अभी कई बड़ी फिल्में हैं। वे जल्द ही अहमद खान की 'वेलकम टू द जंगल' (वेलकम 3) में दिखेंगे। इस फिल्म में रवीना टंडन, दिशा पाटनी, अरशद वारसी और जैकलीन फर्नांडिस समेत कई बड़े एक्टर्स है। इसके अलावा वे सैफ अली खान के साथ फिल्म 'हैवान' में भी नजर आएंगे, जिसका निर्देशन प्रियदर्शन ही कर रहे हैं।

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने अपनी फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' (2022) में नकली मूंछों के इस्तेमाल को लेकर हुई आलोचना पर अब सफाई दी है। एक पॉडकास्ट के दौरान एक्टर ने पहली बार इस विवाद पर खुलकर बात की और फैंस से माफी भी मांगी।

अक्षय ने स्पष्ट किया कि मूंछें न बढ़ाना आलस नहीं, बल्कि फिल्म की जरूरत और उनके चेहरे की बनावट से जुड़ा फैसला था। दरअसल, मूवी रिलीज के वक्त अक्षय को अपनी नकली मूछ के लिए ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। आलोचकों का कहना था कि अक्षय एक महान सम्राट का किरदार निभा रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसके लिए अपनी मूंछें तक नहीं बढ़ाईं। शुभंकर मिश्रा के पॉडकास्ट में जब अक्षय से पूछा गया कि क्या उन्हें फिल्म के लिए ज्यादा वक्त नहीं देना चाहिए था, तो उन्होंने कहा, मैं अभी कई फिल्मों और लुक्स पर काम कर रहा हूं। जैसे अभी मेरी यह दाढ़ी है, जिसे बढ़ाने के लिए मैंने करीब 6 हफ्ते तक काम नहीं किया।



### क्या था पूरा मामला?

दरअसल 'सम्राट पृथ्वीराज' जैसी ऐतिहासिक फिल्मों में अक्सर एक्टर्स अपने किरदारों के लिए महीनों पहले से तैयारी करते हैं और असली मूंछें-दाढ़ी बढ़ाते हैं, लेकिन अक्षय कुमार ने इस फिल्म के लिए नकली मूंछ का इस्तेमाल किया था।

जब फिल्म का ट्रेलर और पोस्टर रिलीज हुआ, तो सोशल मीडिया पर लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। आलोचकों और फैंस का कहना था कि अक्षय एक महान सम्राट का किरदार निभा रहे हैं, लेकिन उन्होंने इसके लिए अपनी मूंछें तक नहीं बढ़ाईं और महज 40-45 दिनों में शूटिंग खत्म कर दी। लोगों ने इसकी तुलना 'पद्मावत' में रणवीर सिंह की मेहनत से की, जिससे यह बहस छिड़ गई कि क्या अक्षय अपने प्रोजेक्ट्स को पर्याप्त समय और गंभीरता नहीं दे रहे हैं। बता दें कि डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में बनी 'सम्राट पृथ्वीराज' 3 जून 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का बजट करीब 175 करोड़ रुपये था, लेकिन यह वर्ल्डवाइड सिर्फ 90 करोड़ रुपये ही कमा सकी थी।

# रितेश-जेनेलिया के छोटे बेटे का एक्टिंग डेब्यू



रितेश देशमुख की फिल्म 'राजा शिवाजी' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। इस फिल्म के जरिए रितेश और जेनेलिया के छोटे बेटे राहिल देशमुख अपना एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं।

10 साल के राहिल फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज के बचपन का किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, रितेश खुद मुख्य भूमिका यानी छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन भी रितेश ने ही किया है। यह पहली बार है जब देशमुख परिवार की नई पीढ़ी बड़े पर्दे पर कदम रख रही है। राहिल का जन्म 2016 में हुआ था। अक्सर पैपराजी को हाथ जोड़कर 'नमस्ते' करने वाले राहिल को अपने पहले ही प्रोजेक्ट के लिए एक चुनौतीपूर्ण ऐतिहासिक किरदार के लिए चुना गया है। फिल्म में राहिल उस दौर को दिखाएंगे जब शिवाजी महाराज 'स्वराज्य' का सपना बुन रहे थे।

### फिल्म में नजर आएंगे कई बड़े चेहरे

'राजा शिवाजी' में सिर्फ देशमुख परिवार ही नहीं, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री के कई दिग्गज कलाकार भी शामिल हैं। फिल्म में संजय दत्त, विद्या बालन और अभिषेक बच्चन महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। रितेश ने बताया कि इस फिल्म को बनाने में उन्हें 10 साल का समय लगा। बीच में कोविड की वजह से काम रुक गया था, लेकिन अब यह फिल्म बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है। इसे जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

## Sport

### राजस्थान की टीम 40 रन की जीत के साथ पटरी पर लौटी, जडेजा ने 43 रन की नाबाद पारी खेलने के बाद एक विकेट भी झटका

# लखनऊ की घर में लगातार सातवीं हार

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स का घर में हार का सिलसिला थम नहीं रहा है। उसे 2025 से इकाना स्टेडियम में बुधवार को लगातार सातवीं पराजय का सामना करना पड़ा है। उसके तेज गेंदबाजों ने तो राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। पर बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे।

लखनऊ की टीम 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 18 ओवर में 119 रन पर ढेर हो गई। यह उसकी इस सत्र की घर में लगातार तीसरी और कुल चौथी हार है। वही राजस्थान ने 40 रन की बड़ी जीत दर्ज की। इस विजय से टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।

लखनऊ के शीर्ष चार बल्लेबाजों में से तीन बडोनी, कप्तान पंत और मार्करम खाता भी नहीं खोल पाए। ओपनर मार्श 15 ओवर तक क्रीज पर रहे। उन्होंने 55 रन की पारी खेली। उनके अलावा पूरन (22) और हिम्मत (15) ही दोहरे अंक तक पहुंचे। राजस्थान की ओर से आर्चर ने तीन जबकि बर्गर और बृजेश ने दो-दो विकेट चटकाए। एक सफलता जडेज को मिली।

इससे पहले जडेजा जडेजा ने नाबाद 43 रन बनाए। उन्होंने शुभम (19) के साथ सातवें विकेट के लिए 26 गेंद में 49 रन की अटूट साझेदारी भी निभाई। इससे राजस्थान की टीम 150 पार पहुंचने में सफल रही। यशस्वी (22), पराग (20), हेटमायर (22) और फरेरा (20) भी अच्छी शुरूआत का फायदा नहीं उठा पाए। शीर्ष तीन बल्लेबाज 32 रन पर पवेलियन में थे।

मोहसिन ने शानदार स्विंग और उछाल भरी गेंदों से राजस्थान के बल्लेबाजों को खूब तंग किया। उन्होंने विस्फोटक सूर्यवंशी को तो अपने पहले ही ओवर में एक रन नहीं लेने दिया और उन्हें आउट भी किया। मोहसिन को शमी और प्रिंस का भी अच्छा साथ मिला। तीनों तेज गेंदबाजों ने मिलकर छह विकेट विकेट चटकाए। सूर्यवंशी पहली गेंद से धुरंधर गेंदबाजों की धुनाई करने के लिए जाने जाते हैं। जसप्रीत बुमराह और हेजलवुड जैसे गेंदबाजों के उन्होंने पसीने छुड़ा दिए थे।



### संतुष्ट हुए तभी मैच खेलेंगे धौनी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

प्रशंसकों का दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धौनी को खेलते हुए देखने का इंतजार शायद गुरुवार को खत्म हो सकता है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने बुधवार को कहा कि दिग्गज महेंद्र सिंह धौनी की उपलब्धता फिटनेस को लेकर मेडिकल स्टाफ और खुद उनकी संतुष्टि पर निर्भर करेगी।

पूर्व कप्तान धौनी ने मंगलवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया और बुधवार को नेट सत्र में तेज गेंदबाजों और थ्रोडाउन विशेषज्ञों के खिलाफ काफी समय बिताया। धौनी अब तक इस सत्र में मैदान पर नहीं उतरे हैं क्योंकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले उन्हें क्वाड्रिसेप्स स्ट्रेन की समस्या हो गई थी। सिमंस ने कहा, एमएस के बारे में हमें कल पता चलेगा। यह फैसला तब लिया जाएगा जब वह खुद और मेडिकल स्टाफ पूरी तरह संतुष्ट होंगे कि वह खेलने के लिए तैयार हैं। स्पेंसर जॉनसन भी टीम से जुड़ चुके हैं। आयुष महात्रे के विकल्प को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। सिमंस ने कहा कि फ्रेंचाइजी फिलहाल उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सिमंस ने कहा, हमारे पास अभी किसी विकल्प को लेकर कोई तत्काल योजना नहीं है।

# नडाल के बाद एक और राफा टेनिस कोर्ट पर धूम मचाने को तैयार

एजेंसी ▸▸ मैड्रिड

टेनिस के कोर्ट पर 22 ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल नाम के एक युग का अंत करीब दो साल पहले हो गया था। लाल बजरी के बादशाह राफा ने 38 साल की उम्र में नवंबर 2024 में पेशेवर टेनिस को अलविदा कह दिया था। लेकिन अब उनके ही देश स्पेन का एक और राफा कोर्ट पर धूम मचाने के लिए तैयार है जिसका नाम है राफेल जोडर। दिलचस्प बात यह है कि जोडर कुछ समय पहले तक विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के हिटिंग पार्टनर की भूमिका निभाते थे। लेकिन अब वह कोर्ट पर उनके साथ ही यानिक सिनेर समेत अन्य दिग्गजों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। 19 वर्षीय जोडर लगातार दमदार प्रदर्शन से तेजी से टेनिस जगत में उभरे हैं। इनके नाम की चर्चा भी इसलिए ज्यादा हो रही है क्योंकि उनका पहला नाम सर्वकालिक महान खिलाड़ी राफेल नडाल के समान है। जोडर के पिछले एक साल के प्रदर्शन का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सिर्फ चार महीने में यह शीर्ष 50 खिलाड़ियों में शुमार हो गए हैं। सात बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने जोडर को उत्कृष्ट खिलाड़ी करार दिया। उन्होंने कहा, मैं उसकी प्रगति देख रहा हूं।

### अभिषेक को मौका देना भारी पड़ा : अक्षर

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद से हार से निराश दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा है कि अभिषेक शर्मा का रन-आउट और कैच छोड़ना हमें भारी पड़ा। अभिषेक शर्मा के 68 गेंदों पर नाबाद 135 रन की तूफानी पारी से हैदराबाद ने दिल्ली को मंगलवार को हरा दिया। अक्षर ने मैच के बाद कहा, कोई अच्छी बैटिंग करता है और तो पूरा श्रेय मिलना चाहिए। बल्लेबाजी करता है तो मानना होगा कि कप्तान भी किसी को नहीं रोक सकता।

**Vividh FIN Solutions**
**अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है**
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### तंगी ने बनाया ड्रग्स पैडलर, क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े आरोपी से ब्राउन शुगर बरामद

**इंदौर।** नशे के खिलाफ चल रही मुहिम के तहत क्राइम ब्रांच को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, जहां दोस्तों की संगत में नशे की लत का शिकार हुआ युवक, आर्थिक तंगी के चलते ड्रग्स बेचने लगा, लेकिन वह पुलिस की पैनी नजर से बच नहीं पाया और आखिरकार गिरफ्तार हो गया। दरअसल इंदौर क्राइम ब्रांच टीम शहर में संदिग्धों की तलाश में जुटी थी, इसी दौरान परेड ग्राउंड के सामने एयरपोर्ट रोड पर एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा दिखाई दिया, पुलिस ने जब उसे रोका और तलाशी ली तो उसके लोअर की जेब से 12.56 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, पूछताछ में आरोपी की पहचान चंदन नगर निवासी कमलेश बछाने के रूप में हुई, जिसने बताया कि वह पहले दोस्तों के साथ नशा करने लगा और धीरे-धीरे इसकी लत में फंस गया। नशे की जरूरत पूरी करने के लिए उसने ड्रग्स की पैडलिंग शुरू कर दी, फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किन-किन लोगों को नशा सप्लाई करता था और इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं है।

### 21 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने बुधवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। फांसी से उतारकर परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुसाइड से पहले नम्रता ने अपने बॉयफ्रेंड विशाल को वीडियो कॉल किया था। कॉल रिसीव नहीं होने पर उसने उसे मैसेज किया अब तुम खुश रहना और फांसी लगा ली। परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार नम्रता पिता दिनेश रूबिन जनता क्वार्टर में रहती थी। देर रात तक जब नम्रता ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो परिजनों को संदेह हुआ। उन्होंने उसे फोन किया, लेकिन मोबाइल कमरे के अंदर ही बजता रहा। इसके बाद परिजनों ने झांककर देखा तो वह फंदे पर लटकी मिली। तुरंत दरवाजा खोलकर उसे नीचे उतारा और अस्पताल ले जाया गया। परिजनों के अनुसार नम्रता एक शेयर कंपनी में काम करती थी। उसकी बहन ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन वह अपने बॉयफ्रेंड के साथ ही थी। घटना के समय उसके पिता दूसरी बेटी को लेकर अस्पताल गए हुए थे। परिवार में नम्रता की दो छोटी बहनें भी हैं। फिलहाल कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है और कॉल डिटेल व मैसेज की जांच की जा रही है। मामले में युवक विशाल से भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है।

### पत्नी की शिकायत पर पति और दोस्तों पर धमकी का केस दर्ज कराया

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में चल रहे पारिवारिक विवाद में नया मोड़ आ गया है। बुजुर्ग सास-ससुर से मारपीट के आरोपों में घिरी बहू ने अब विजयनगर थाना में अपने पति और उसके दोस्तों के खिलाफ धमकाने और पीछा करने का मामला दर्ज कराया है। शांति निकेतन निवासी रूचि ने शिकायत में बताया कि 31 मार्च को वह एक पुराने मामले में बयान देने एसीपी ऑफिस गई थी। वहां उसका पति नितेश अग्रवाल (सिंघानिया) और उसके दोस्त मितेश ब्रह्मभट्ट व अंकित जायसवाल पहले से मौजूद थे। रूचि का आरोप है कि बाहर निकलने के बाद पति ने उसे घूरा और कहा कि ये ऐसे नहीं मानेगी, इसे उठाना पड़ेगा, साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रूचि के मुताबिक, जब उसने तीनों के फोटो लेने की कोशिश की तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकाया। इसके बाद उसका पीछा भी किया गया। वह किसी तरह आईबस में बैठकर वहां से निकली। रूचि और नितेश की शादी 2022 में मैट्रिमोनियल साइट के जरिए हुई थी। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। नितेश ने रूचि पर करीब 50 लाख रुपए के जेवर लेकर भागने का आरोप लगाया था, जबकि रूचि ने यूपी में पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। कुछ दिन पहले नितेश के माता-पिता ने भी रूचि के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कराई थीं। आरोप था कि रूचि जबरन घर में घुसने का प्रयास कर रही थी और पुलिस के साथ भी बदसलूकी की। बताया जा रहा है कि आवेदन देने के करीब 20 दिन बाद पुलिस ने नितेश और उसके दोस्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### फर्म में साझेदारी के नाम पर 27 लाख की ठगी, क्राइम ब्रांच ने दर्ज की एफआईआर

**इंदौर।** साझेदारी में व्यापार करने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्राइम ब्रांच के अनुसार, हरसिमन सिंह की शिकायत पर छत्रीबाग निवासी सत्यविंद सिंह चावला के खिलाफ करीब 27 लाख रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। आरोपी ने फ्रेंच लिंक इंटरप्राइजेस नाम से फर्म बनाकर जनवरी 2025 से जून 2025 के बीच मुनाफे का लालच देकर पार्टनर्स से निवेश कराया था। बताया गया है कि फर्म के लिए उद्योग नगर क्षेत्र में एक प्लॉट किराए पर लिया गया था और सत्यविंद की इसमें 50 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आरोप है कि आरोपी ने बैंक खातों के माध्यम से पार्टनर्स से रकम तो ली, लेकिन मुनाफा होने के बावजूद उन्हें उनका हिस्सा नहीं दिया। फर्म के ऑडिट के दौरान सामने आया कि निवेश की गई राशि का उपयोग व्यक्तिगत खर्चों में भी किया गया। वहीं गोदाम में रखे माल का वास्तविक मूल्य कम दिखाया गया और काफी सामान एक्सपायरी बताकर नुकसान दर्शाया गया। क्राइम ब्रांच ने मामले में अन्य पार्टनर्स के बयान दर्ज किए और आरोपी से दस्तावेज लेकर जांच की। जांच में प्राथमिक साक्ष्य मिलने के बाद बुधवार को आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

### मेट्रो लाइन के नीचे लगे अवैध होर्डिंग्स हटाए, एमआईसी मेंबर ने जताया था विरोध



**इंदौर।** अवैध होर्डिंग्स को लेकर विरोध के बाद नगर निगम एक्शन मोड में आ गया है। गुरुवार को निगम की टीम ने बापट चौराहे से विजय नगर चौराहे तक मेट्रो लाइन के नीचे डिवाइडर पर लगे होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की। पिछले माह एमआईसी मेंबर और जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने मेट्रो लाइन के नीचे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स को लेकर आपत्ति ली थी। प्राथमिक जांच में पता चला कि ये होर्डिंग्स नगर निगम की अनुमति के बिना लगाए गए थे, जिससे न सिर्फ नियमों का उल्लंघन हुआ बल्कि निगम को राजस्व का नुकसान भी हुआ। राजेंद्र राठौर ने मौके पर पहुंचकर इन होर्डिंग्स का विरोध किया था। उनका कहना था कि सार्वजनिक स्थानों का इस तरह दुरुपयोग करना और बिना अनुमति विज्ञापन लगाना नियमों की खुली अनदेखी है। जानकारी के मुताबिक ये सभी बोर्ड एक निजी एजेंसी द्वारा लगाए गए थे। होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही के बाद राजेंद्र राठौर ने कहा कि यह तो शुरुआत है, आगे भी इस तरह की अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त जिम्मेदारी है।

## लेंसकार्ट की ड्रेस कोड नीति को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा, महिला कर्मचारियों को लगाया तिलक

# वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का प्रदर्शन, लेंसकार्ट शोरूम के बाहर तोड़े चश्मे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लेंसकार्ट की ड्रेस कोड नीति को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्य प्रदेश ने इंदौर में कंपनी के शोरूम के बाहर प्रदर्शन करते हुए पूर्ण बहिष्कार का ऐलान किया।




स्कीम-54 स्थित लेंसकार्ट शोरूम के बाहर हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें महिलाएं भी मौजूद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने महिला कर्मचारियों को तिलक लगाया और कहा कि वे बिना किसी डर के अपने धार्मिक प्रतीकों के साथ काम करें। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने लेंसकार्ट के चश्मों का बहिष्कार करते हुए उन्हें तोड़कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में सिद्धेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी अतुल आनंद महाराज भी मौजूद रहे और उन्होंनेप। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कंपनी की आंतरिक नीति में कर्मचारियों को बिंदी, तिलक और कलावा जैसे हिंदू धार्मिक प्रतीकों के उपयोग पर रोक लगाई गई है, जबकि हिजाब को अनुमति दी गई है। उन्होंने इसे धार्मिक भेदभाव बताते हुए कड़ा विरोध जताया।

#### भेदभावपूर्ण नीति स्वीकार नहीं

संजय अग्रवाल ने कहा कि यदि एक धर्म के प्रतीकों को अनुमति दी जा सकती है, तो अन्य धर्मों के प्रतीकों पर रोक लगाना उचित नहीं है। उन्होंने गुरुवार को इंदौर के सभी लेंसकार्ट शोरूम पर प्रदर्शन और पूरे मध्य प्रदेश में कंपनी के उत्पादों के बहिष्कार की घोषणा की। फेडरेशन की महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता जायसवाल के साथ अन्य महिलाओं ने भी कंपनी की इस नीति के खिलाफ जमकर विरोध जताया और चेतावदी दी कि अगर कंपनी ने नीति में बदलाव नहीं किया तो उग्र प्रदर्शन करेंगे।

#### कंपनी का स्पष्टीकरण

देशभर में विवाद बढ़ने पर कंपनी के संस्थापक व सीईओ पीयूष बंसल ने सफाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल दस्तावेज पुराना है और वर्तमान नीति में किसी भी धार्मिक प्रतीक पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कंपनी ने नई स्टाइल गाइड जारी कर स्पष्ट किया कि बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, हिजाब और पगड़ी सहित सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतीकों की अनुमति है। साथ ही भ्रम के लिए खेद भी व्यक्त किया।

## अवतिंका गैस लाइन और नर्मदा के लिए खोदी सड़क के कारण बिगड़ा ट्रैफिक सिस्टम

# चाणक्यपुरी चौराहे पर 15 दिन से लग रहा जाम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

चाणक्यपुरी चौराहे पर नर्मदा और अवंतिका गैस लाइन डालने के लिए की गई सड़क खुदाई ने ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। पिछले करीब 15 दिनों से यहां रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। गुरुवार सुबह भी हालात ऐसे बने कि वाहन चालकों को करीब एक से डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ा।

जाम का असर स्कूली बच्चों पर भी पड़ा। कई स्कूल बसें समय पर नहीं पहुंच सकीं, जबकि ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन आपस में फंसते नजर आए। सूचना मिलने के बाद जोन-4 के डीसीपी आनंद कल्यादगी, एसीपी शिवेंद्र जोशी और ट्रैफिक अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। पुलिस ने ठेकेदार से खुदाई और अनुमति को लेकर जवाब मांगा। अन्नपूर्णा पुलिस ठेकेदार को अपने साथ थाने ले गई, जहां अनुमति से जुड़े दस्तावेजों की जांच



की जा रही है।

एडिशनल डीसीपी संतोष कौल ने कहा कि अवंतिका गैस एजेंसी ने गैस पाइप लाइन डालने के लिए पूरा चौराहा खोद रखा है। अब जांच कर रहे हैं कि यह खुदाई की अनुमति थी या नहीं। अनुमति नहीं हुई तो संबंधित एजेंसी पर एफआईआर करवाएंगे।

#### आधे घंटे की मशक्कत के बाद अफसरों ने खुलवाया जाम

राजेंद्र नगर ब्रिज से लेकर तालाब क्षेत्र तक और केसरबाग ब्रिज से गोपुर चौराहे तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे। अन्नपूर्णा रोड पर क्रोमा शोरूम से हनुमान मंदिर तक सड़क खुदी पड़ी है, वहीं गणेश मंदिर के पास बीच सड़क में बड़ा गड्ढा बना हुआ है। यह खुदाई अवंतिका गैस और नर्मदा लाइन डालने के लिए की गई है, लेकिन काम के कारण ट्रैफिक डायवर्जन या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

#### पहले भी दी गई थी चेतावनी

ट्रैफिक एसीपी जगदीश पाटिल ने करीब 15 दिन पहले ही अवंतिका गैस कंपनी को जाम की समस्या को लेकर आगाह किया था। इसके बावजूद कंपनी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सुबह और शाम के पीक आवर में यहां ट्रैफिक का दबाव काफी अधिक रहता है, जिससे स्थिति और खराब हो रही है।

## तिलक नगर में मवेशियों से भरी गाड़ी पकड़ी

# हिंदूवादियों ने रोका, हंगामे के बाद पुलिस पहुंची, तीन पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तिलक नगर इलाके में मवेशियों से भरी एक लोडिंग गाड़ी को रोककर तीन लोगों को पुलिस के हवाले किया गया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक लोडिंग वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ले जाया जा रहा है।

इसके बाद उन्होंने वाहन का पीछा कर उसे रोका। जांच करने पर गाड़ी के अंदर बड़ी संख्या में मवेशी भरे मिले। गाड़ी रोकने के बाद ड्राइवर और उसके साथियों से मवेशियों के परिवहन से जुड़े दस्तावेज और बिल मांगे गए, लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब



नहीं दे पाए। इसके बाद तीनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता वीरेन्द्र सक्सेना की सूचना पर पवन (निवासी बड़ी ग्वालटोली), राज (निवासी कनाड़िया) और चेतन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि ये तीनों गाड़ी में अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, आरोपियों के पास मवेशियों का कोई वैध बिल या मेडिकल दस्तावेज नहीं मिला। पूछताछ में भी वे स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

## हिट एंड रन केस: पेंटहाउस पर अब तक कार्रवाई नहीं

# नगर निगम के अफसरों ने दो बार चस्पा किए नोटिस, रहवासी अब सीएम से शिकायत करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लसूड़िया इलाके में इन्फोसिस इंजीनियर महिला की कार से कुचलकर हत्या के मामले में नया मोड़ सामने आया है। घटना के एक महीने बाद भी आरोपी के अवैध पेंटहाउस पर कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं।

लसूड़िया थाना क्षेत्र के निपानिया स्थित एक बिल्डिंग में पेंटहाउस में चल रही कथित अवैध गतिविधियों को लेकर 25 मार्च को रहवासियों और कुलदीप चौधरी के बीच विवाद हुआ था। इसी दौरान कुलदीप ने अपने बेटे मोहित को बुलाया। आरोप है कि मोहित चौधरी ने पार्किंग में तेज रफ्तार कार दौड़ाते हुए शंपा पाठक को कुचल दिया। इस दौरान चौकीदार महिला रानू समेत अन्य लोग भी घायल हुए। घटना में शंपा पाठक की मौत हो गई।

घटना के सीसीटीवी और अन्य वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी कुलदीप चौधरी और उसके बेटे मोहित चौधरी को गिरफ्तार कर लिया था। उस समय प्रशासन ने अवैध पेंटहाउस को गिराने की बात भी कही थी।



मेयर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश के बाद 27 मार्च को नगर निगम ने 7 दिन में पेंटहाउस हटाने का नोटिस जारी किया था। इसके बाद दूसरी बार भी नोटिस चस्पा किया गया, लेकिन करीब एक माह बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

रहवासियों का कहना है कि पुलिस ने कार्रवाई की जिम्मेदारी नगर निगम पर डाल दी, जबकि निगम की ओर से भी कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने बिल्डर से भी पेंटहाउस हटाने और आरोपी से डील रद्द करने की मांग की, लेकिन बिल्डर ने साफ इनकार कर दिया।

#### बिल्डर पर राजनीतिक संरक्षण के आरोप, रहवासी फिर करेंगे विरोध

सूत्रों के मुताबिक, संबंधित बिल्डर का कार्यालय फूटी कोठी क्षेत्र में है और वह मेयर के करीबी बताए जा रहे हैं। यही वजह बताई जा रही है कि नगर निगम के अधिकारी कार्रवाई से बच रहे हैं। फिलहाल मामला ठंडे बस्ते में नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही पूरे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजने की भी तैयारी है। संबंधित बिल्डिंग नगर निगम के जोन-22 में आती है।

# टीसीएस इंजीनियर से 4.73 लाख की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

ऑनलाइन ठगी का एक और मामला सामने आया है, जहां टीसीएस के एक इंजीनियर से करीब 4 लाख 73 हजार रुपए की धोखाधड़ी कर ली गई। ठगों ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर कॉल कर पहले भरोसा जीता और फिर ओटीपी हासिल कर खाते से रकम निकाल ली।

पुलिस ने फरियादी आभास हिंगे की शिकायत पर दो मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ बुधवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब मोबाइल नंबरों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। आभास ने बताया कि 7 अप्रैल को उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को एक्सेस बैंक का कर्मचारी बताया और क्रेडिट कार्ड जारी करने की बात कही। इस दौरान उसने ओटीपी मांगा, लेकिन आभास ने ओटीपी देने से इनकार कर दिया, इसके बाद कॉल कट गया। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर करीब 1 लाख रुपए कटने का मैसेज आया। इसके बाद दूसरे नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया और ट्रांजेक्शन के बारे में पूछताछ की। आभास ने जब उसे पूरी जानकारी दी, तो आरोपी ने उन्हें कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़ दिया। इस दौरान खुद को बैंक कर्मचारी बताने वाले दूसरे व्यक्ति ने ट्रांजेक्शन रिवर्स करने के नाम पर फिर से ओटीपी जनरेट करवाया और उसे साझा करने के लिए कहा। जैसे ही आभास ने ओटीपी बताया, दोनों कॉल कट गए और उनके खाते से फिर से पैसे कटने लगे। इसके बाद आरोपियों ने दोबारा कॉल कर प्रोसेस पूरा करने के नाम पर एक और ओटीपी मांगा। इस तरह अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 4 लाख 73 हजार रुपए निकाल लिए गए।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर (M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com